कार्तिक कृष्णा पक्ष सप्तमी 01:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

वर्ष 3, अंक 63, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मोदी-पुतिन के बीच वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा 16

कार्तिक की भूल-भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज 15

शोहदे से परेशान शिक्षिका ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- मां का आरोप, संबंध बनाने के लिए परेशान करता था एक वकील

अमृत विचार : प्राइवेट स्कूल की एक शिक्षिका ने शोहदे से तंग आकर मंगलवार दोपहर घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। उनकी मां ने थाने में दी तहरीर में एक वकील पर बेटी को संबंध बनाने के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा।

तालग्राम रोड निवासी महिला की बेटी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थी। मंगलवार दोपहर बाद मां खेत पर चली गई। घर लौटने पर बेटी को फंदे पर लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मां ने खोजीपुर गांव के एक अधिवक्ता के खिलाफ बेटी की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा कि आरोपी कई माह से अवैध सबंध बनाने को लेकर बेटी को परेशान कर रहा था। इसके बारे में आरोपी के परिजनों और पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

डीएम खीरी को मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार

लखीमपुर खीरी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया है। डीएम ने एक्स पर यह जानकारी साझा की है। यह पुरस्कार बांदा में तैनाती के दौरान सामूहिक भागीदारी, परंपरागत और जल संरक्षण के प्रयासों के लिए दिया गया है। डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य : योगी

योगी ने एसजीपीजीआई में 1147 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरुआत की

- पीजीआई में खुला बच्चों के लिए प्रदेश का पहला हार्ट सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जब हर जगह से मरीज को निराशा मिलती है तो उसे पीजीआई में बेड की आस होती है। ऐसे में पीजीआई में मरीजों का लोड अधिक रहता है। मरीजों को बेड न मिलने के अभाव में इलाज बाधित होता है। इसलिए सरकार का हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य है। सभी मेडिकल कॉलेजों को टेली आईसीयू से जोड़ने का भी प्रयास है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान एसजीपीजीआई में 1147 करोड़ रुपये से बनी चार परियोजनाओं का उद्घाटन और तीन का शिलान्यास किया। टेली आईसीयू, एडवांस डायबिटीज सेंटर, सलोनी हार्ट फाउंडेशन के सहयोग से बने बच्चों का हार्ट सेंटर और कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी छात्रावास का लोकार्पण किया। एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर के सेकेंड फेज और रैन बसेरा का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह आदि मौजूद थे।

सलोनी हार्ट सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ।

प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में उत्कृष्ट आईसीयू सुविधा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीजीआई में खुले टेली आईसीयू से अभी प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेज जुड़े हैं। आगे सभी जिलों के मेडिकल कालेजों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में 36 जिले ऐसे थे जहां सिर्फ एक या दो आईसीयू बेड ही थे। हर जिले में आईसीयू स्थापित करना था।

बच्चों का दर्द नजदीक से किया है महसूस

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में बच्चों से जुड़ी बीमारियों को नजदीक से देखा है। लगातार वह स्वास्थ्य व्यवस्था में बच्चों के लिए सेंटर खोलने के प्रयास कर रहे थे। सलोनी फाउंडेशन की मदद से पीजीआई में सलोनी हार्ट सेंटर का प्रथम चरण खोला गया, आगे इसका और विस्तार होगा। साथ ही एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का भी शिलान्यास किया गया है जो 575 बेड का होगा और उसमें 22 विभाग रहेंगे। ऐसे में बच्चों का प्रदेश में ये पहला स्वास्थ्य संस्थान बन जाएगा ।

एक नजर

आतंकी हमले की जांच में 40 संदिग्धों से पूछताछ

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर में हुए आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में जांचकर्ताओं ने पूछताछ के लिए 40 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इस हमले में सात लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि हमलावरों ने हमले की साजिश बहुत सावधानी से रची थी और आतंकवादी सहयोगी नेटवर्क के समर्थन के कारण वे अपने मंसूबों को अंजाम देने में सफल रहे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम उन्हें देर-सबेर पकड़ ही लेंगे। हमने पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

तीस्ता सीतलवाड़ को मिली एम्सटर्डम जाने की अनुमति

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को 14 से 24 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए एम्सटर्डम जाने की अनुमति दे दी। महोत्सव के आयोजकों ने उनकी वृत्तचित्र फिल्म 'साइकल महेश' के लिए समारोह में आने का न्योता दिया है। न्यायमूर्ति बीआर .गवई और न्यायमूर्ति केवी. विश्वनाथन की पीठ ने सीतलवाड़ की अर्जी मंजूर कर ली। शीर्ष अदालत ने 2002 के गोधरा दंगों के बाद निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में सीतलवाड़ को जुलाई 2023 में नियमित जमानत दे दी थी।

रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करने को भारत हर संभव सहयोग को तैयार

ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने कजान पहुंचे प्रधानमंत्री ने पुतिन से की बातचीत

- मोदी ने कहा-समस्या का समाधान युद्ध नहीं, शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए

कजान (रूस), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का पूर्ण समर्थन करता है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है। पुतिन ने रूस और भारत के बीच व्यापार की अच्छी स्थिति का उल्लेख किया। अपने संबोधन में मोदी ने जुलाई में मॉस्को में पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बधाई देते हुए कहा कि कई देश अब इस समूह में शामिल होना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। समझा जाता है कि बैठक में यूक्रेन विवाद पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

मॉस्को में नौ जुलाई को शिखर वार्ता में मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन विवाद का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है तथा बम और गोलियों के बीच शांति प्रयास सफल नहीं होते। कुछ सप्ताह बाद प्रधानमंत्री यूक्रेन गए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत में मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए युद्ध को समाप्त करने के लिए बैठकर बातचीत करनी चाहिए तथा भारत क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। भारत यह कहता रहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

कज़ान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

वक्फ विधेयक की बैठक में भिड़े भाजपा और टीएमसी के सांसद

- कल्याण बनर्जी ने बोतल तोड़कर समिति के अध्यक्ष की तरफ फेंका, निलंबित

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को उस समय बहुत ही नाटकीय घटनाक्रम हुआ जब तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने पानी वाली कांच की बोतल तोड़कर समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की तरफ फेंक दी, जिसके बाद उन्हें एक दिन के लिए समिति की बैठक से निलंबित कर दिया गया। भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के साथ तीखी बहस के दौरान बनर्जी गुस्से में आ गए और बोतल तोड़कर फेंकी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बनर्जी के आचारण की निंदा करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दे। उन्होंने कहा कि वह सारी सीमाओं को लांघ गए थे, सारी मर्यादा को लांघ गए थे। समिति की अगली बैठक से उन्हें निष्कासित किया गया है।

पाल ने कहा कि इस घटना के तत्काल बाद उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को फोन पर अवगत करा दिया। उन्होंने कहा कि मैं चार दशक से संसदीय जीवन में हूं। ऐसा कभी नहीं देखा। कल कोई रिवाल्वर लेकर आए। इस तरह की घटना से आहत हूं। समिति ने बहुत भारी मन से (निलंबित करने) फैसला किया है।

फिर मिली 30 अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू उड़ानों में बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धमकी के बाद इंडिगो की तीन उड़ानों का मार्ग बदला गया
- एक सप्ताह के दौरान 120 से अधिक विमानों को धमकियां

भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित करीब 30 घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की सोमवार रात धमकी मिली और जेद्दा जाने वाली इंडिगो की तीन उड़ानों को सऊदी अरब एवं कतर के हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि जिन उड़ानों में बम होने की धमकी मिली हैं, उनमें इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की उड़ानें शामिल हैं। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 120 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकियां मिली हैं। इंडिगो के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इंडिगो की 10 उड़ान को सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्राप्त हुए जिसके बाद संबंधित विमानों से यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया गया है। बेंगलुरु से जेद्दा उड़ान को दोहा, कोझिकोड से जेद्दा को रियाद और दिल्ली से जेद्दा को मदीना की ओर मोड़ दिया गया। जेद्दा, रियाद और मदीना सऊदी अरब के शहर हैं और दोहा कतर की राजधानी है।

इंडिगो की दिल्ली से दम्माम, इस्तांबुल से मुंबई, इस्तांबुल से दिल्ली, मंगलुरु से मुंबई, अहमदाबाद से जेद्दा, हैदराबाद से जेद्दा और लखनऊ से पुणे की फ्लाइट्स को भी धमकी मिली। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि सोमवार को संचालित विमानन कंपनी की कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा संबंधी धमकियां मिली थीं। विस्तारा के प्रवक्ता ने भी बताया कि सोमवार को उसकी कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा संबंधी धमकियां मिलीं।

सीआरपीएफ के 3 सहित पांच स्कूलों को धमकी

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को एक फर्जी धमकी भरा ईमेल मिला है जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली और तेलंगाना में उसके तीन विद्यालयों और उसके परिसरों में स्थित दो केंद्रीय विद्यालयों को विस्फोटकों से निशाना बनाया जाएगा। हालांकि, बाद में यह धमकी फर्जी साबित हुई। सीआरपीएफ के ये विद्यालय दिल्ली के रोहिणी और द्वारका तथा हैदराबाद के समीप मेडचल में स्थित हैं जबकि अर्धसैनिक बल के पंचकूला (हरियाणा) और रामपुर (उत्तर प्रदेश) में दो केंद्रीय विद्यालय स्थित हैं।

बहराइच हिंसा : बुलडोजर कार्रवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरोपियों की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हिंसा और दंगों में कथित रूप से शामिल आरोपियों के खिलाफ 'बुलडोजर' चलाने की प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी। फिलहाल बुलडोजर कार्यवाही पर रोक लग गयी है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह और अन्य वकीलों की शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए इस मामले को 23 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ तोड़-फोड़ की कार्रवाई इस आधार पर करना चाहती है कि उनका निर्माण अवैध है। इस पर पीठ ने कहा कि आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि वे (राज्य सरकार) इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि उसे बुधवार तक कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सहमति जताते हुए कहा कि हम कुछ नहीं करेंगे। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बहराइच जिले के एक गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों की अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है।

उप्र मदरसा कानून संबंधी अपीलों पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें मदरसों के संबंध में 2004 के उत्तर प्रदेश कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के उल्लंघन के आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने लगभग दो दिन तक उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अलावा आठ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनीं और इसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे असंवैधानिक करार दिया था।

सीएए विरोधी प्रदर्शन

अखिल गोगोई के खिलाफ यूएपीए के तहत आरोप तय

गुवाहाटी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों में कथित भूमिका को लेकर असम के विधायक अखिल गोगोई और उनके तीन सहयोगियों के खिलाफ मंगलवार को सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप तय किए। अदालत ने पहले इस मामले में चारों आरोपियों को 'क्लीन चिट' दे दी थी।

यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक के नोएडा समेत छह ठिकानों पर विजिलेंस ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च में विजिलेंस लखनऊ थाने में दर्ज हुई थी आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की रिपोर्ट

अमृत विचार : आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस टीम ने मंगलवार को यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के नोएडा सेक्टर 105 स्थित आवास व सेक्टर 63 में यूपीआरएनएन के कार्यालय के अलावा चार अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए।

राजवीर के खिलाफ इसी वर्ष मार्च माह में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की रिपोर्ट विजिलेंस थाने में दर्ज की गई थी। लखनऊ के विजिलेंस थाने में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के खिलाफ 11 मार्च को इंस्पेक्टर रामचंद्र चौधरी ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। जांच में पाया गया कि 2019 में पद पर रहते हुए राजवीर सिंह ने 1,78,27,143 रुपये वेतन के रूप में अर्जित किए। वहीं 2,67,32,462 रुपये खर्च कर दिए। जांच में आय से 89,05,319 लाख रुपये अधिक खर्च अधिक पाया गया था। बसपा सरकार में हुए स्मारक घोटाले में परियोजना प्रबंधक आरोपी हैं। विजिलेंस की टीम इसकी भी जांच कर रही है।

स्मारक घोटाला : भाजपा विधायक से होगी पूछताछ

लखनऊ। बसपा सरकार में हुए 1400 करोड़ रुपये के स्मारक घोटाले में भाजपा विधायक त्रिभुवन राम से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ करेगी। इसके लिए उनको नोटिस भेजा गया है। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता रहे। वर्तमान में वे भाजपा के टिकट पर वाराणसी के अजगरा सीट से विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इनके अलावा खनन विभाग के तत्कालीन संयुक्त निदेशक एवं सलाहकार सुहैल अहमद फारुखी को भी नोटिस भेजा है। सूत्रों की मानें तो दोनों से दीपावली से पहले पूछताछ की जाएगी।

आयुध फैक्ट्री में धमाका, एक की मौत

जबलपुर, एजेंसी

- सुबह पौने दस बजे हुए विस्फोट में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल
- री-फिलिंग सेक्शन में बमों में विस्फोटक भरते समय हुआ हादसा

मध्यप्रदेश में जबलपुर जिले के खमरिया में स्थित आयुध कारखाने में मंगलवार की सुबह एक भीषण विस्फोट हुआ जिसमें एक दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। जबकि एक की मौत हुई है। इस हादसे में दो-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सामान्य घायलों को एक दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संस्थान के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट सुबह 9:45 बजे हुआ, जब कारखाने के री-फिलिंग सेक्शन में बमों में विस्फोटक सामग्री भरी जा रही थी। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य कर्मचारी लापता है और उसके उस हिस्से में मलबे में फंसे होने की आशंका है जहां विस्फोट हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना भीषण था कि कुछ किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनी गई। खमरिया स्थित यह आयुध कारखाना रक्षा उत्पादन विभाग के तहत आने वाली प्रमुख गोला-बारूद उत्पादन इकाइयों में से एक है। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एक लापता कर्मचारी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं तथा जांच पूरी होने के बाद ही विस्फोट का कारण पता चल पाएगा। अधिकारी ने बताया कि कारखाने के फायर ब्रिगेड तथा सुरक्षा कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

विस्फोट के बाद जांच करते अधिकारी।

राम मंदिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पूरे हुए नौ माह, इन दिनों बढ़ी है दक्षिण के साथ उत्तर भारत के श्रद्धालुओं की संख्या

275 दिनों में रिकॉर्ड 3 .33 करोड़ ने किए रामलला के दर्शन

राजेंद्र पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के 22 अक्टूबर को नौ माह पूरे हो गए। 275 दिनों में राम लला के दर्शन करने वालों का आंकड़ा भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अयोध्या पहुंचकर 3.33 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित तीन हजार से ज्यादा वीवीआईपी और साढ़े छह लाख से ज्यादा वीआईपी दर्शन-पूजन और राम लला के दरबार में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। इन दिनों दक्षिण भारत के साथ उत्तर भारत के दर्शनार्थियों की संख्या पहले से ज्यादा हो गई है।

निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। पीएम मोदी सहित देश के सात हजार से ज्यादा विशिष्ट जन इसमें शामिल हुए। जनवरी में तो श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई की कि संभालना मुश्किल हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बड़े अफसरों को यहां आना पड़ा। फरवरी से श्रद्धालुओं का रेला दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचने लगा। आंकड़ों के मुताबिक 66 दिन में ही दर्शनार्थियों का संख्या डेढ़ करोड़ के पार हो गई थी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के साथ ही राज्यपाल सहित दो हजार वीवीआईपी और लगभग डेढ़ लाख वीआईपी अयोध्या पहुंचे चुके थे। एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में वीवीआईपी और वीआईपी का पहुंचना भी एक रिकॉर्ड है।

> रामलला के दर्शन के लिए इन दिनों दक्षिण के साथ उत्तर भारत से आने वाले वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या बढ़ गई है। अब तक दर्शन के लिए आने वालों वीवीआईपी व वीआईपी की संख्या साढ़े छह लाख से ऊपर पहुंच गई हैं। अब तक दुनिया के कई देशों के ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। **-राजेश कुमार मिश्र,** सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल।

> श्रीराम मंदिर में राम लला के दर्शन करने के लिए इन दिनों प्रतिदिन 80 से 85 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अवकाश के दिनों में संख्या खासी बढ़ जाती है। दर्शन के लिए प्रत्येक दो घंटे पर दो-दो सौ लोगों के लिए पास जारी किया जाता है। रोज ही यह सभी पास जारी हो जाते हैं। **-डॉ .अनिल मिश्र,** सदस्य, श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

ढाई हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका, दुबई सहित कई अन्य देशों के श्रद्धालु शामिल हैं। विदेशियों में एनआरआई की संख्या ज्यादा है।

केक काटकर मनाया गया15 बच्चियों का जन्मोत्सव

शहर के सखी वन स्टॉप सेंटर में पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य, सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के मकरंदनगर स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में कन्या जन्मोत्सव, अन्नप्राशन व गोद भराई कार्यक्रम हुआ। इसमें शामिल हुईं मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने 15 बच्चियों का जन्मोत्सव केक काट कर मनाया। साथ ही गर्भवती सरिता व नेहा की गोद भराई की गई।

सदस्य ने कहा कि महिलाएं आगे आएं और अपनी समस्याएं खुलकर बोलें जिससे उनका समाधान किया जा सके। सरकारी योजनाओं के बारे में वार्तालाप कर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सदस्य ने गुलफशा, सरोज, आरती, निर्मला देवी, अंजली, चांदनी, रानी, पूनम, सफीना, रुखसार, रोशनी, मोहिनी, पूनम, यासमीन और समराना की बच्चियों को बेबी किट, मखाने, मिठाई, कंबल आदि उपहार भेंट किए गए। इस मौके पर प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम राय, बाल संरक्षण अधिकारी विजय राठौर, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनीता सक्सेना, प्रभारी सीडीपीओ नगर अर्चना वर्मा, केंद्र प्रशासक विनीता कुमारी, मनोसामाजिक परामर्शदाता संघमित्रा, रीता पाल, विभा, नूतन कटियार व तौफीक रहे।

सखी वन स्टॉप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्री।

कन्या जन्मोत्सव में शामिल राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, प्रशासक विनीता व प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा बच्ची का केक कटवाते हुए। अमृत विचार

रामराज्य या पीड़िताओं का उठ गया शासन से भरोसा

कन्नौज । विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय के जनसुनवाई कार्यक्रम में कोई भी पीड़िता नहीं आई, जबकि तहसील व थाना के संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़िताओं के ढेरों प्रार्थना पत्र आते हैं। इसे रामराज्य कहें या शासन से पीड़िताओं का उठता भरोसा कहें, जिस वजह से अपनी समस्या लेकर कोई नहीं पहुंचा।

मंगलवार को विकास भवन सभागार में महिला आयोग की सदस्य ने जिले के बहुचर्चित पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव पर लगे किशोरी से दुष्कर्म के आरोप वाले मामले पर बात करना भी मुनासिब नहीं समझा। न ही रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता पर बात की। हालांकि सीओ सदर कमलेश कुमार व महिला थानाध्यक्ष रंजना पांडेय से उन्होंने गुफ्तगू जरूर की। सदस्य ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोक लगायी जाए।

पीड़ित महिलाओं की एफआईआर लिखने में विलंब न किया जाए। न ही दोषी के प्रति लापरवाही बरती जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ से समन्वय स्थापित कर सभी पात्र महिलाओं के राशन कार्ड, शौचालय, आवास, मुहैया कराने को कहा। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बालिकाओं के आवेदन कराने के निर्देश दिए।

बाल व बालिका गृह बनाने के लिए शासन से हो पहल

जनपद में बाल गृह, बालिका गृह बनाने के लिए महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि शासन से वार्ता की जाए। चिकित्सालयों में स्ट्रेचर, व्हील चेयर व दवाइयों की कमी न हो। अस्पतालों में साफ–सफाई के साथ ही साथ कूड़े दान रखवाए जाएं। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, बीएसए संदीप कुमार, डीपीओ राजेश वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, महिला थानाध्यक्ष रंजना पांडेय मौजूद रहीं।

जेल में महिला बंदियों से पूछी समस्याएं

महिला आयोग की सदस्य ने जिला जेल अनौगी का निरीक्षण किया। महिला बैरक में 21 महिलाएं तथा एक छह माह का बच्चा बंद है। महिलाओं को उनको कौशल तथा समस्याओं के संबंध में पूछा गया। जेल में झालर व झोला का निर्माण होता मिला। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खां, कारापाल विजय शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुबे, उर्मिला सिंह व आशा देवी पांडेय, चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार, पंकज कुमार उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

207 शिक्षकों के एरियर में 54 को ही मिली स्वीकृति

कन्नौज । सूबे में हुई बेसिक शिक्षा विभाग में 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत जिले में कई अध्यापकों का एरियर बकाया है। 207 अध्यापकों की पत्रावलियों में 54 को ही स्वीकृति मिली है। 153 का बकाया वेतन सत्यापन के फेर में लटका है। जिनका सत्यापन आ गया है उनको दो दिन के अंदर बीआरसी कन्नौज में तैनात ब्लॉक एमआईएस कोआर्डिनेटर के पास आधार अपडेट हिस्ट्री व पैन सत्यापन कराया जाए। बीएसए संदीप कुमार ने 69 हजार शिक्षक भर्ती के अलावा अन्य भर्तियों के तहत नियुक्त शिक्षकों के अभिलेखों व सत्यापनों का परीक्षण करने के बाद बकाया वेतन भुगतान को लेकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि 54 शिक्षकों के अवशेष वेतन आहरण पर ही संस्तुति की गई है। जिन शिक्षकों के सत्यापन अप्राप्त हैं उनके सत्यापन संबंधित संस्थाओं से प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए ने सभी 207 शिक्षकों की सूची भी जारी की है। इसमें जिन 54 अध्यापकों के एरियर को हरी झंडी दी गई है उनसे आधार व पैन कार्ड मांगा गया है। इसमें लापरवाही न बरतने को कहा गया है। इसके अलावा बचे हुए शिक्षकों से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक व प्रशिक्षण का सत्यापन अप्राप्त होना बताया गया है।

निरीक्षण करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता। अमृत विचार

सौ शैय्या सहित स्वास्थ्य केंद्रों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने सौ शैय्या अस्पताल के अलावा विशुनगढ़, मिघौली, प्रेमपुर व सिकंदरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टरों को कर्तव्य निर्वहन के कड़े निर्देश दिए। सीएमओ ने नगर के सीएचसी पर मौजूद स्टाफ के साथ बैठक की और उनको कड़े निर्देश दिए कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी काम में लापरवाही न बरती जाए। समय से ड्यूटी करें। किसी भी तरह की कोई भी समस्या अगर आती है तो वह तत्काल अपने अधिकारियों को बताएं। कोई भी कर्मचारी लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी राहुल मिश्रा मौजूद रहे। सीएमओ के निरीक्षण के समय प्राइवेट क्लीनिक के चिकित्सकों ने अपने शटर गिरा लिए।

विवाहिता व उसके परिजनों को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को बंधक बनाकर मारपीट की। बचाव में पहुंचे मायके पक्ष के लोगों को भी पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी आकांक्षा पुत्री राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी हरदोई के मोहल्ला आजाद नगर निवासी हर्ष मोहन से 18 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी के बाद ससुरालियों ने दहेज में कमी बताकर विवाहिता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये व एक प्लाट की मांग की। मांग पूरी न होने पर पति हर्ष मोहन, ससुर मिश्रा पाल, सास रामबेटी, ननद सुषमा, शशि, ननद के पुत्र प्रांशु, अंशु, बेटू, ननदोई सुनील, सागर ने उसे कमरे में बंद कर लिया और मारपीट कर हत्या करने का प्रयास किया। महिला की सूचना पर पहुंचे पिता राजेन्द्र, भाई रिशु, माता सीता, भाभी ज्योति व बहन को भी ससुरालियों ने धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। पति ने महिला को तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पति सहित 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

एक नजर

नवनिर्मित स्मृति द्वार। अमृत विचार

रज्जू भैया के नाम से स्मृति द्वार बनने पर जताया हर्ष

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में पश्चिमी बाईपास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक रहे प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया के नाम से स्मृति द्वार बनने पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडे एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉक्टर रजनीश दुबे सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। रंजीत पांडे ने कहा विधान परिषद सदस्य डॉक्टर मानवेंद्र सिंह गुरु जी ने विधायक निधि से स्मृति द्वार बनवा कर नगर का मान बढ़ाया है। संघ के जिला प्रचारक अंकित जी, सतीश चंद्र त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, रजनीश दुबे, मोहित, रमाशंकर गुप्ता एवं विश्वनाथ तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं वहां पर मौजूद लोगों ने कहा कि द्वार के बनने से रज्जू भैय्या को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हुई है।

सात बच्चों को छोड़ महिला प्रेमी संग हुई फरार

गुरसहायगंज, कन्नौज। पति व सात बच्चों को छोड़कर महिला प्रेमी संग फरार हो गई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवक ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 03 बजे उसके परिवार की महिला अपने सात बच्चों व पति को छोड़कर किसी युवक के साथ फरार हो गई। उसको भगाने में गांव की महिला ने पूरी तरह से सहयोग किया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

भक्त प्रह्लाद असुरों के कुल में एक देवमानव : आचार्य

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। मोहल्ला इंद्रानगर में दयाराम शर्मा के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य पं अभय त्रिपाठी ने कहा भक्त प्रह्लाद असुरों के कुल में एक देवमानव थे।

कहा कयाधु (प्रह्लाद की जननी) ने अपने पति हिरण्यकश्यप से होशियारी से 'नारायण नारायण' नाम की एक माला जपवा ली। इसके प्रभाव से ही प्रह्लाद जैसे विष्णुभक्त की मां बनीं। कयाधु के अलावा सभी परिजन आसुरी स्वभाव के थे। शुक्राचार्य गुरु तो थे, पर अपनी प्रकृति के कारण आसुरी स्वभाव के कहे जाते थे। हिरण्यकश्यप खुद को ही ईश्वर मानता था। आचार्य ने प्रह्लादजन्म, उसके भक्त बनने से लेकर नृसिंह अवतार तक की कथा सुनाई।

प्रवचन करते आचार्य। अमृत विचार

यजमान का दायित्व दयाराम शर्मा ने निभाया। कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। पूर्णाहुति व भंडारा 25 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से होगा। इस दौरान प्रीति शर्मा, सरोज शर्मा, अलका शर्मा, सीमा शर्मा, रीना राजपूत, शशि शर्मा, उमा शर्मा, डॉ राजेश शर्मा, अनीता शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा एवं जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

भैंस खोजने निकली बालिका से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। सदर कोतवाली के मोहल्ला देविन टोला में आम की बगिया के निकट बने खंडहर के कमरे में 10 वर्षीय बालिका को बंधक बना कर एक युवक ने दुष्कर्म किया। बालिका के चीखने व शोर मचाने पर पहुंची महिलाओं ने 40 वर्षीय युवक को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़िता को जिला अस्पताल भेजा गया है।

सरायमीरा के मोहल्ला देविन टोला निवासी बालिका मंगलवार की शाम अपनी खोई हुई भैंस को खोजने के लिये घर से निकली थी। वह जैसे ही आम की बगिया के निकट पहुंची वहां पर पहले से मौजूद युवक ने उसे दबोच कर पास के खंडहर में ले गया और वहां पर उससे दुष्कर्म किया। बालिका की चीख और शोर सुन कर मौके पर पहुंची महिलाओं ने जब कोठरी में झांक कर देखा तो युवक बालिका का मुंह बंद कर दुष्कर्म कर रहा था। महिलाओं ने शोर मचाते हुए उसे पकड़ लिया। शोर सुन कर मोहल्ले के कुछ लोग भी मौके पर पहुंच गये और आरोपी को दबोच कर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गये। वहीं खून से लथपथ पीड़ित बालिका को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले को लेकर मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है। मामले में एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

युवती ने झोलाछाप पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

तिर्वा। झोलाझाप से इलाज कराने गई युवती ने झोलाछाप पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती ने इलाज के बहाने घटना को अंजाम देने की बात कहते हुए पुलिस को तहरीर दी है। ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की दोपहर को बुखार व पेट में दर्द हो रहा था। दवा लेने के लिए पास के ही गांव में एक क्लीनिक पर गई थी। वहां मौजूद झोलाझाप ने दवा व इंजेक्शन लगाने के बाद अंदर कमरे में चलने की बात कहीं। और अंदर ले जाकर अश्लील हरकते करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वह बदहावस हालत में घर पहुंची और मां को घटना की जानकारी दी। मां के साथ चौकी पहुंची पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि लगाए गए आरोप झूठे है। पीड़िता ने किसी के बहकावे में आकर आरोप लगाने की बात कबूल की है।

4 आंगनबाड़ी भवन निर्माण में घपले का आरोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। सदर ब्लाक प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में घपलेवाजी का आरोप लगाया है। कहा, भवन बने नहीं लेकिन पैसा निकाल दिया गया। उन्होंने 4 ग्राम पंचायतों पर आरोप लगाये हैं। वहीं बीडीओ ने टिढ़ियापुर ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी भवन निर्माण की जांच कराने की बात कही है। बाकी को ठीक बताया है।

मंगलवार को ब्लाक प्रमुख सदर रामू कठेरिया सदर ब्लाक क्षेत्र के गांव में भ्रमण करने पहुंचे। इस दौरान उनको टिढ़ियापुर, कटरी अमीनावाद, गूरा, रामपुर मुढेरी राजा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा न होने पर पैसा पूरा निकल जाने का आरोप लगाया। कहा कि मामला संगीन है। इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाये। इस पर मौजूद बीडीओ अमित सिंह ने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का पैसा निकला है उन में काम चल रहा है। टिढ़ियापुर ग्राम पंचायत में अब निर्माण कार्य कराने के लिये चूना डाला गया है। इस ग्राम पंचायत की जांच कराई जायेगी। इसी तरह मनरेगा के कार्य में भी लापरवाही व घपलेवाजी का आरोप ब्लक प्रमुख ने लगाया है।

ब्लाक सभागार में जानकारी देते ब्लाक प्रमुख रामू कठेरिया व बीडीओ अमित सिंह।

- ब्लाक प्रमुख के आरोप पर बीडीओ ने जांच कराने की बात कही

शोकसभा करते व्यापारी लोग। अमृत विचार

भाकियू नेता के पुत्र के निधन पर शोक

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष सत्यम गुप्ता के पुत्र के निधन पर भाकियू संगठन सहित नवीन मंडी के व्यापारियों ने भी शोक व्यक्त किया। बुधवार को मंडी बंद रही। गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू के प्रतिष्ठान पर समस्त व्यापारियों ने शोकसभा की। अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू, मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे, उपाध्यक्ष आदेश यादव, हिमांशु गुप्ता, कल्लू शुक्ला, रोबिन यादव, अक्षय ठाकुर, राजकुमार, दिनेश अग्रवाल, आशु, नन्हे सिंह लोधी राजपूत व अवनीश आदि व्यापारी मौजूद रहे। उधर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, भाकियू भानु के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार आदि रहे।

बढ़ाया उत्साह जिलाधिकारी व सीडीओ ने कारागार में बनाई जा रही वस्तुओं का किया अवलोकन

बंदियों ने फोटो फ्रेम, गणेश लक्ष्मी बनाकर दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद के अधिकारियों ने जिला कारागार में कौशल विकास केंद्र में बंदियों द्वारा बनाई जा रही वस्तुओं का निरीक्षण किया। बेहतर कार्य करने पर बंदियों की सराहना कर उत्साहवर्धन भी किया।

मंगलवार को जिला कारागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान कौशल विकास केंद्र में बंदियों द्वारा बनाई जा रही वस्तुओं का निरीक्षण किया। जिसमें झालर लाइटें, फोटो फ्रेम, गणेश लक्ष्मी, एलईडी लाइट, कपड़े के कैरी बैग आदि की प्रशंसा की। बंदियों द्वारा 960 झालर व 1365 सदा झोला, 571 चेन झोला बनाये गये है। डीएम ने बंदियों को दो दो टीशर्ट व मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान डीपीआरओ, अग्रणी जिला प्रबंधक, वीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, जेल अधीक्षक मो. अकरम खान, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल राम बहादुर दुबे, उर्मिला सिंह, आशा देवी पांडे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

कैदी को टीशर्ट व मिठाई देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

प्रदर्शनी में बच्चों ने जानी पुलिस शस्त्रों की उपयोगिता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में लगाई गई शस्त्रों की प्रदर्शनी
- पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

अमृत विचार। पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर पहुंचे एनसीसी कैडेट्स व अन्य लोगों ने शस्त्रों की बारिकियां जानी।

पुलिस स्मृति दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस व पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर 22 से 31 अक्टूबर प्रति दिन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पुलिस लाइन में शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पुलिस विशेषज्ञों ने इन हथियारों के उपयोग और उनके तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनता को पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से जानने का मौका देना रहा।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने इन शस्त्रों के वारे में स्कूली बच्चों को जानकारी दी। बताया कि यह प्रदर्शनी छात्रों और नागरिकों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक होगी, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की तीसरी बैठक व्लाक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर उमरौली के ग्राम कमालपुर में तारीख 24 अक्टूबर 2024 को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की तीसरी संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा ।

रज्जन कश्यप, मो– 9598461370, मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, उमरौली कमालपुर, हरदोई

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं डी0के0 टेन्ट हाउस द्वारा प्रोपराइटर दिनेश कुमार के नाम व स्टाइल से फर्म जिसका रजिस्ट्रेशन नं0–092500473185 व जी0एस0टी0आई0एन0 नं0–09BMNPK3718H2ZQ के नाम से संचालन करता है। मेरी उक्त फर्म के नाम, स्टाइल, पता व लेटरहेड के नाम से यदि कोई अन्य व्यक्ति धोखाधड़ी, छल–कपट व कूटरचना करके आम जनता को गुमराह करके हमारी उक्त फर्म के नाम से किसी भी तरह का कोई लेन–देन, बिलिंग व फर्म के नाम का दुरुपयोग इत्यादि करता पाया जाए तो वह फर्जी होगा तथा समस्त जिम्मेदारी फर्जीवाड़ा या स्वयं की होगी। मेरी उपरोक्त फर्म के नाम का दुरुपयोग करने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जायेगी तथा मेरे छोटे भाई का मुझ से कोई लेना–देना व वास्ता, सरोकार नही होगा।

NOTICE

I, ANOOP KUMAR DUTTA S/O AJAY KUMAR DUTTA R/O BABAGANJ PRATAPGARH declare that in DL my name is printed as ANUP KUMAR DUTTA ,So all future purpose my names spelling is ANOOP KUMAR DUTTA as per my marksheets as well as Adhar card.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **सोमेश कुमार सिंह पुत्र दिग्विजय सिंह, माता का नाम मन्जू सिंह, निवासी गोसैन्द्रपुर, अयाह, जिला गोन्डा** है, एलआईसी बीमा पॉसं0– 214550442 में मेरा नाम दीपेश सिंह दर्ज है, मुझे सोमेश कुमार सिंह व दीपेश सिंह दोनो ही नामों से जाना जाता है। अत: एल0आई0सी0 बीमा पॉ0सं0 214550442 में उक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **शीबू अहमद पुत्र इन्तजार खान, नि0–मोपुर हक डेरापुर, जिला कानपुर देहात,** मेरा हाईस्कूल परीक्षा–2013 अनुक्रमांक 1571443 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा–2015 अनुक्रमांक–1102552 का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का अंक पत्र व सनद वास्तव में खो गया है।

सूचना

मैंने अपना नाम SAUD AKHTAR से बदल कर MOHAMMAD SAUD AKHTAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। MOHAMMAD SAUD AKHTAR पुत्र FAIZ MOHAMMAD पता, PASHCHIM TARF JALALPUR AMBEDKAR NAGAR

सूचना

सूचित हो कि मैं **कृष्ण मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा, नि0 ग्राम पूरे पंडित मजरे आसोह तहसील महराजगंज, जिला–रायबरेली,** मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम श्री कृष्ण मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा नाम अंकित है जो कि सही है। जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्णा मिश्रा नाम अंकित है, जो कि गलत है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स में मेरा नाम कृष्णा मिश्रा के स्थान पर कृष्ण मिश्रा अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम Vaseem Ahmed से बदलकर Vaseem Ahmad Ansari कर लिया है आज से लोग हमें इसी नाम से जाने पहचानेंगे। Vaseem Ahmad Ansari S/O Sageer Ahmad ग्राम–राजघाट, श्रीदत्तगंज–बलरामपुर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरी पत्नी का एक बीमा पॉलिसी संख्या 2755 31204 चल रहा था। जिसमें उसका नाम राधा रानी पत्नी जगराम यादव दर्ज है। जबकि वास्तविक नाम सोना यादव पत्नी जगराम यादव है। यह दोनों नाम मेरी पत्नी का ही है। **जगराम यादव पुत्र मातादीन ग्राम बालपुर चौकी जिला बलरामपुर**

सूचना

सूचित करना है कि मेरा एक बीमा पॉलिसी संख्या 21 511 7523 है। जिसमें मेरा नाम ननके लाल पुत्र विश्वनाथ दर्ज है। जबकि मेरा नाम रक्षाराम पुत्र विश्वनाथ है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। **रक्षाराम पुत्र विश्वनाथ, निवासी– ग्राम भगवानपुर पोस्ट मथुरा बाजार बलरामपुर**

आज का मौसम

बुधवार को धूप के साथ मौसम खुला रहने की संभावना है।

32.0°	21.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 11	सूर्यास्त 05 : 41

सिया को ब्याहने जनकपुरी पहुंचे दशरथ नंदन श्रीराम

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के तिर्वा रोड पर चल रही रामलीला में सिया को ब्याहने के लिए दशरथ नंदन धूमधाम से बरात लेकर जनकपुरी पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ सिया राम का विवाह सम्पन्न हुआ। अयोध्या में बधाइयां गाई गईं। इससे पहले पांच दर्जन रथों के साथ नगर में राम बारात निकाली गई। बारात का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

श्री राम बारात में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय व अध्यक्ष मयंक गुप्ता।

बारात में श्री राम व लक्ष्मण के रूप में सजे कलाकार। अमृत विचार

बारात में 4 देवियों के रूप में सजी बालिकाएं। अमृत विचार

सोमवार की देर रात नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला समिति नई गल्ला मण्डी तिर्वा रोड के तत्वावधान में चल रही रामलीला के क्रम में श्रीराम की बारात निकाली गई। इसका उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, रामकुमार पाठक, क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, विनय वर्मा सहित समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता व पदाधिकारियों ने श्री गणेश व श्रीराम की आरती कर किया। बारात में पार्टी के कलाकारों के मुरली प्रदर्शन, भूत प्रेत टोली, विशाल हनुमान, विष्णु, शंकर का रौद्र रूप, काली प्रदर्शन, अर्द्ध नारीश्वर, नौ देवियों आदि के प्रदर्शन ने मनमोह लिया। बारात में प्रथम पूज्य गजानन के बाद क्रमशः राधा कृष्ण, सुदामा चरित्र, मॉ जगदम्बा, शंकर परिवार, ब्रहमाजी, खाटू श्याम, गौतम बुद्ध सहित अन्त में मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरु वशिष्ठ के साथ विराजमान थे। आगरा, मैनपुरी, बेवर, शिकोहाबाद व फिरोजाबाद सहित दूसरे प्रदेशों से आई झाकियों ने शोभा बढ़ाई। प्रभु श्रीराम की बारात नगर के तिर्वा रोड स्थित ब्रहमदेव मंदिर से जीटी रोड, क्रासिंग, रामगंज होती हुई तिराहा स्थित मां संतोषी माता मन्दिर तक पहुंची। एकत्रित भीड़ और छतों पर बैठी महिलाओं ने पुष्पवर्षा की। इस दौरान डॉ. सुधीर दीक्षित, संजीव गुप्ता संजू, विजय दुबे, नीरज मिश्रा, शिवम राज वर्मा, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता, सुगम दुबे, अमन कठेरिया, दीपू शर्मा आदि ने भी फूलमालाओं से बारात का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

दो कीटनाशी विक्रेताओं से जवाब-तलब

कन्नौज। जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज लेने के बाद डीडी कृषि प्रमोद सिरोही ने कीटनाशी दुकानदारों के यहां छापेमारी शुरू कर दी है। उन्होंने ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के ठठिया में पेस्टीसाइड विक्रेताओं के यहां अभिलेख जांचे। उन्होंने बताया कि न्यू जनता कृषि सेवा केंद्र ठठिया के लाइसेंस पर दो कंपनियों का अधिकार अंकित मिला जबकि अन्य कंपनियों के रसायन भी मौके पर पाए गए। गुणवत्ता की जांच के लिए वासप इंडिया लिमिटेड कंपनी का नमूना लिया गया। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इसी तरह न्यू सुपर किसान बीज भंडार व ओम साईं बीज भंडार के प्रोपाइटर लाइसेंस नहीं दिखा पाए।

एक नजर

पत्रकार व कांग्रेसी नेता को दी श्रद्धांजलि

कन्नौज। वरिष्ठ नागरिक समिति की सनातन धर्म पुस्तकालय कक्ष में मंगलवार को हुई शोक सभा में पूर्व अध्यक्ष एवं पत्रकार मनोज शुक्ला, गोमती देवी इं .का . के प्रबन्धक व कांग्रेसी नेता अविनाश दुबे एवं ड्राइवर श्यामू तिवारी की फतेहपुर में कार दुघर्टना मे दुखद मौत पर दुख व्यक्त किया गया। सभी ने दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की कि परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। अध्यक्ष स्मरजित अग्निहोत्री, प्रकाश शर्मा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, शकील अहमद सिद्दीकी, श्याम बाबू राठौर, डा0 नूरूल हसन, आदेश सक्सेना, राम चन्द्र दोहरे, श्री नरायन मिश्र, शिवप्रकाश मिश्र, अबुल कलाम आदि मौजूद रहे।

शराब के नशे में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

सौरिख,कन्नौज । शराब के नशे में दो लोगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। नादेमऊ चौकी क्षेत्र के टड़ा रायपुर गांव निवासी ओमवती पत्नी बृजभान सिंह पाल दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव निवासी अनिल पाल, पिता लालमन के साथ शराब के नशे में दरवाजे पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। महिला के विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया।

तीनों तहसीलों में आज से बीएलओ की ट्रेनिंग

कन्नौज। जिले की तीनों तहसीलों में आज यानि 23 अक्टूबर से विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ की ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मतदाता सूची के 29 अक्टूबर से होने वाले विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण अभियान के बारे में बताया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि कन्नौज सदर, छिबरामऊ व तिर्वा तहसील सभागार में सुबह व दोपहर दो-दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कन्नौज तहसील में अध्यापक गोपाल गुप्ता, आकाश व स्नेहलता द्विवेदी को मास्टर ट्रेनर नामित किया गया।

पास के खेत में परिजनों के साथ कर रहा था धान की कटाई, ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भागा

खेत की जुताई के समय रोटावेटर में फंसने से गई किशोर की जान

संवाददाता तिर्वा कन्नौज

अमृत विचार। खेत की जुताई के समय रोटावेटर में फंसकर किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चालक ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

रूस्तम अली।

रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

थाना ठठिया थाना क्षेत्र के पैथाना गांव निवासी रूस्तम अली (15) मंगलवार की सुबह मां चांद बीबी के साथ अपने खेत में धान काट रहा था। खेत के पास में गांव निवासी मोईन खान का खेत है जिसकी जुताई रोटावेटर से हो रही थी। खेत में रोटावेटर चलता देख वह धान छोड़ कर रूस्तम उस पर बैठने के लिये चला आया। वह रोटावेटर पर बैठने के बाद खेत में घूमता रहा।

बाद में वह उतरने का प्रयास कर रहा था कि तभी किशोर का पैर फिसल गया और वह रोटावेटर के अंदर फंस गया। पलक झपकते ही उसके शरीर की हड्डियां चकनाचूर हो गईं। जब तक चालक कुछ समझ पाता और ट्रैक्टर रोकता तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। घटना होने के बाद घबराया चालक ट्रैक्ट्रर छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौत की जानकारी होते ही निकट के खेत में धान की कटाई कर रही मां व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गये। सूचना पर पहुंची ठठिया थाना पुलिस ने रोटावेटर में फंसे किशोर के शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन तहरीर देते हैं तो रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खेल-खेल में चली गई किशोर की जान

- **कन्नौज।** अपने खेत में मां के साथ धान काट रहे रूस्तम अली को मौत उसे ट्रैक्टर तक खींच लाई। धान काटने से थक जाने के बाद वह पास के खेत में ट्रैक्टर चलता देख कर मां को कुछ बताये बिना चुपके से निकल आया और ट्रैक्टर रुकवाने के बाद रोटावेटर पर बैठ गया। कुछ देर बैठने के बाद वह उतर रहा था कि हादसे का शिकार होने से उसकी मौत हो गई।

गरीब परिवार से था मृतक

- **कन्नौज।** मृतक रूस्तम गरीब परिवार से था। उसके पिता बब्लू अली कानपुर में किसी निजी कंपनी में काम करते हैं। दो बहने दिल्ली में किसी निजी कंपनी में काम करती हैं। घर में मां व वह खुद मेहनत मजदूरी खेत में कर घर का खर्च चलाते थे। इकलौते भाई की मौत हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

आग लगने से लाखों की धान की फसल हुई राख

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव में किसान ने 8 बीघा खेत की धान की फसल को काट कर खेत में लगा दिया था। मंगलवार को खेत में रखे धान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे लाखों रुपये की फसल जलकर राख हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गई है।

थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव निवासी किसान पप्पू पुत्र बादशाह के गांव के बाहर स्थित 8 बीघा खेत में धान की फसल थी। इसे किसान ने काट कर खेत में लगा दिया था। मंगलवार को अज्ञात कारणों से खेत में लगी धान की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जानकारी होने पर किसान समेत ग्रामीण खेतों पर पहुंच गए। पानी, बालू एवं अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीण करीब दो घंटे बाद काबू पा सके लेकिन तब तक किसान की लाखों रुपये की फसल जलकर राख हो गई। घटना के संबंध में राजस्व टीम को सूचना दी गई है।

सार-संक्षेप

बच्चों को श्रम मुक्त करवाते श्रम प्रवर्तन अधिकारी अमृत विचार

अभियान चलाकर दो बच्चों को श्रम मुक्त कराया

छिबरामऊ कन्नौज। बाल श्रम रोकथाम के लिए नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो बच्चों को श्रम मुक्त कराकर लोगों को विभाग से सम्बन्धित जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। मंगलवार को एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने मय हमराह कांस्टेबल हिमेश रावत तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद नेगी के साथ सुपरवाइजर प्रमोद कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर श्रम विभाग की टीम ने नगर के बस स्टैण्ड, पश्चिम बाईपास मार्केट, होटल, ढाबों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, मेडिकल स्टोर व मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम भिक्षावृत्ति एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इसके अंतर्गत दुकानों के सेवा योजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताते हुए चेकिंग अभियान चलाकर दो बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। टीम के सदस्यों ने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नाबालिग बच्चों से काम न कराएं। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालकों को जानकारी देते हुए बच्चों को नशीली दवाइयां न देने की बात कही।

रोडवेज डिपो में बस चालकों की आंखों की जांच करते नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ . एसके कटियार। अमृत विचार

रोडवेज डिपो में 17 चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

कन्नौज। रोडवेज डिपो में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेत्र परीक्षण अधिकारी ने जांच कर उपचार किया। एक चालक की आंखों की रोशनी कम मिलने पर चश्मा लगाने की सलाह दी गई। राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से मंगलवार को रोडवेज डिपो में चालकों का नेत्र परीक्षण कराने के लिये कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के विनोद दीक्षित चिकित्सालय सीएचसी के नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ . एसके कटियार ने कैंप में पहुंच कर रोडवेज बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान एक चालक की आंखों की रोशनी कम मिली। उसे चश्मा लगाने व उपचार लेने की सलाह दी गई। एआरएम स्वदेश निगम ने बताया कि शासन से आये फरमान के बाद निर्धारित तिथि पर कैंप लगाया गया है। इस में 16 रोडवेज के बस चालकों की आंखों की जांच की गई है। चालकों की समय समय पर आंखों की जांच कराने की सलाह दी गई।

रिजगिर पौधशाला में निकला अजगर

कन्नौज। सोमवार को वन विभाग के कर्मचारी पौधशाला रिजगिर में काम कर रहे थे। इसी दौरान कबूतरों के शोर मचाने पर कर्मचारी टिन शेड के निकट पहुंच गये। इस दौरान कर्मचारी ने देखा कि अजगर पोल के सहारे टिन शेड पर चढ़ रहा है। निकट में कबूतरों का घोसला था। इस में उसके बच्चे थे। कर्मचारियों ने अजगर को देखा तो वहां पर हड़कंप मच गया लेकिन फिर कर्मचारियों ने साहस करके किसी तरह अजगर को पकड़ लिया। इस के बाद उसे जंगल में ले जा कर छोड़ दिया। तब जाकर वहां पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

महिला से टप्पेबाजी कर नकदी व जेवर किये पार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। मायके से घर गुरौली जा रही महिला की पर्स खोल कर दो महिलाओं ने जेवरात व हजारों रुपये की नकदी पार कर दी। पुलिस से शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले की शिकायत पीड़िता ने एसपी से की है।

ठठिया थाना क्षेत्र के गांव गुरौली निवासी सती देवी पत्नी विश्राम सिंह का मायका कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के गांव बक्सपुर्वा में है। वह मायके गई थी। 18 अक्टूबर को दिन में दो बजे वह मायके से ससुराल जा रही। मकरंदनगर में वह ईरिक्सा पर बैठकर तिर्वा क्रासिंग की तरफ जा रही थी। इसी दौरान साथ बैठी दो महिलाओं ने उसकी पर्स खोल दी। उसने महिलाओं को रोका लेकिन उसने अपनी पर्स खोल कर नहीं देखी। अपने बच्चे की कसम खाने से दोनों महिलाओं को जाने दिया। तिर्वा क्रासिंग पर उतर कर आटो पर बैठ कर फगुहा के निकट पहुंची तो पर्स चेक की तो पाया कि उसमें रखे जेबरात व पांच हजार रुपये की नकदी गायब थी। मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी से परेशान होकर महिला मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंची। यहां उस ने शिकायती पत्र देते हुए पूरी घटना बताई।

एसपी कार्यालय में शिकायत लेकर आई पीड़ित महिला। अमृत विचार

- **मायके से ससुराल जाते समय हुई घटना, पुलिस ने नहीं सुनी तो एसपी से की शिकायत**

आलू की फसल में पानी लगाने गये दंपति को पीटा

कन्नौज। खेत में पानी लगाने गई महिला व उसके पति के साथ मारपीट कर गाली गलौज की गई। जाति सूचक गाली देते हुए गर्भवती महिला के पेट में लात मार दी। इससे उसके चोट आई। मामले की शिकायत एसपी से की गई है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उदयापुर निवासी महिला सुमन पत्नी गोरेलाल ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि 19 अक्टूबर को वह अपने पति के साथ सुबह सात बजे के करीव आलू में पानी लगाने के लिये गई थी। उसी समय गांव के ही निवासी लोगों ने खेत पर पहुंच कर जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट कर दी। यही नहीं वह गर्भवती होने से उसके पेट में लात मार दी। इससे उसके पेट में चोट लग गई। पति ने विरोध किया तो उसे भी पीटा। धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे।

सफेद हाथी साबित हो रहा है विद्युत संरचना इकाई भवन

संवाददाता तिर्वा कन्नौज

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित विद्युत संरचना इकाई का भवन आठ साल से शोपीस बना खड़ा है। हालत यह है कि विभागीय जिम्मेदारों को न तो इसके बारे में पता है और न ही ये जानते हैं कि इसमें क्या होना है।

थाना ठठिया के गुरौली गांव के पास ठठिया खैरनगर सड़क के किनारे उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित विद्युत संरचना इकाई के भवन के बाहर लगे साइन बोर्ड से पता चलता है कि इकाई का शिलान्यास पूर्व सीएम के द्वारा 23 दिसंबर 2016 में किया गया था। यह बनकर पूर्ण रूप से तैयार खड़ा है। तैयार खड़ी इकाई में क्या काम होगा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। बताया जा रहा है कि इस इकाई में बिजली की मेन लाइन के पोल में लगाए जाने वाले एंगल का निर्माण होना था। खास बात यह है कि इस भवन के संबंध में विभाग के अधिकारियों तक नही है। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है कि क्या बना है? इस प्लाट में ट्रांसमिशन कारपोरेशन द्वारा एंगल बनाने का काम किया जा सकता है। यह ट्रांसमिशन के द्वारा बनाया गया होगा।

विभागीय एक्सईएन ने संजय चतुर्वेदी ने बताया कि इकाई को शासनस्तर पर चलाने की कवायद चल रही है। संभतः जल्द इकाई का संचालन शुरू हो जाएगा।

तैयार खड़ी इमारत। अमृत विचार

- विद्युत संरचना इकाई का भवन आठ साल से शोपीस बना खड़ा है
- विभागीय जिम्मेदार भी नहीं जानते कि यहां क्या होना है
- तत्कालीन सीएम ने किया था शिलान्यास

तैयारी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

10 नवंबर को ओएमआर शीट पर होगी छात्रवृत्ति परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 जिले में 10 नवंबर को होगी। पहली बार ओएमआर शीट का प्रयोग परीक्षार्थी करेंगे। इसके लिए जिले के आठ माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के नियम क्या हैं इसको लेकर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण भी दिया गया।

शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं व अध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। कानपुर मंडल से आए मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने विद्यार्थियों को कई जानकारियां दीं। कहा, इस बार ओएमआर शीट पर ही परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों का चयन संभव नहीं है इसलिए दबाव महसूस न करें। कन्नौज जनपद से परीक्षा के लिए कुल 23.39 फीसदी आवेदन हुए हैं। प्रशिक्षण में शहर क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों व कुछ परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रीना कनौजिया, आशीष शुक्ल, एसएल सिंह, अबुल कलाम मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के गोमती देवी व जेपी बालिका इंटर कॉलेज की टीचर भी शामिल हुईं।

शहर के एसडी बालिका इंटर कॉलेज में जानकारी देते मनोवैज्ञानिक डॉ . नरेंद्र चंद्र, मौजूद प्रधानाचार्य रीना कनौजिया व अन्य लोग।

यह बने परीक्षा केंद्र

- डीआईओएस डॉ . पूरन सिंह ने बताया कि शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर, जेपी बालिका इंटर कॉलेज, लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज व केकेसीएन इंटर कॉलेज को छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। इसमें उच्च प्राथमिक स्कूल, सहायता प्राप्त व राजकीय स्कूलों के कक्षा 8में पढ़ने वाले कुल 2350 परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगे।

छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में बालिका स्वास्थ्य व पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने छात्राओं को उनके पोषण पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया, जिससे बीमारियों से दूर रहकर उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी रेनू त्यागी ने छात्राओं को बताया कि उचित पोषण से प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है व ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष सिंह ने छात्राओं को स्वस्थ भोजन व पेय पदार्थों का चयन करने को कहा, जिससे अच्छा पोषण प्राप्त हो सके। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण ने छात्राओं को स्वास्थ्य पर फास्ट फूड से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में सचेत किया। साथ ही रासायनिक तत्व कैसे शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं और कई बीमारियों को आमंत्रण देते हैं इसके बारे में भी बताया। इस मौके पर डॉ. वरुण वशिष्ठ, डॉ. शिवनारायण, डॉ. रमेश सिंह, पंकज राय, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. कुलदीप, डॉ. संगीता, डॉ. प्रीति व पंकज कश्यप ने योगदान दिया।

छात्राओं को जानकारी देतीं मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी रेनू त्यागी। अमृत विचार

- **बालिका स्वास्थ्य व पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ संपंन**

पूर्व सभासद के गेस्ट हाउस में बनती मिली आतिशबाजी

एक करीबी के यहां भी छापा, आतिशबाजी बनाने का सामान बरामद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। दीपावली बर बेचने के लिए चोरी छिपे आतिशबाजी बनाने के सूचना पर पूर्व सभासद के गेस्ट हाउस व उसके नजदीकी के घर पर पुलिस ने छापा मारा। जहां भारी मात्रा में आतिशबाजी बनाने का सामान व तैयार आतिशबाजी बरामद की गई।

पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला गढ़ी हिम्मत बहादुर खां निवासी पूर्व सभासद व लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा के गेस्टहाऊस में अवैध आतिशबाजी बनाई जा रही है। सूचना पर मऊदरवाजा पुलिस व एसओजी टीम ने मंगलवार दोपहर छापा मारा। वहां आतिशबाजी का कारखाना चलता मिला। इसके बाद पूर्व सभासद के नजदीकी मुहल्ला शमशेर खानी निवासी पवन उर्फ सेंटी राजपूत के घर पर भी छापेमारी की गई वहां भी आतिशबाजी बनती मिली। इस मामले में पुलिस ने पूर्व सभासद के भाई सहित कई लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस अब उनसे पूछताछ कर रही है। पूर्व सभासद के घर में अवैध आतिशबाजी का कारखाना पकड़े जाने की लोगों में जबरदस्त चर्चा रही।

जांच करती पुलिस व एसओजी टीम।

मौके पर जानकारी जुटाती पुलिस। अमृत विचार

भदोही के प्रधानाचार्य की हत्या पर परिषद ने जताया रोष

फर्रुखाबाद। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में प्रधानाचार्य परिषद फर्रुखाबाद की आपात बैठक शिवराम सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भदोही के एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह की गोली मारकर हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। परिषद के अध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, महामंत्री प्रेमपाल सिंह ने शासन व प्रशासन से मांग की है कि हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाए, अन्यथा प्रदेश के प्रधानाचार्य आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान डॉ ओमपाल रघुवंशी, शिवओम दुबे, कनवेंद्र सिंह राठौर, प्रमोदचंद्र गंगवार, राजेश शास्त्री, दुष्यंत पाल, राकेश गुप्ता, राकेश चंद्र राजपूत, अवधेश यादव, रजनी वर्मा, आशीष राजपूत आदि प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

झोलाछापों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। झोलाछाप के विरुद्ध चलाये जा रहे छापामारी अभियान में अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से झोलाछाप के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें थाना अमृतपुर में प्रेक्टिस करने वाले सुखबीर कुशवाहा, अजय पाल कुशवाहा के यहां छापामारी की गई। जब उनसे आवश्यक कागजात तलब किए गए तो वह कागज नहीं दिखा सके। इस पर एसीएमओ रंजन गौतम ने प्रभारी निरीक्षक थाना अमृतपुर को इन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए संस्तुति की है। इसी क्रम में मेरापुर के केपी हेल्थ सेंटर, राजेपुर के गांव सराह के निर्देश यादव, दहलिया के विजय, कमालगंज क्षेत्र के इंदिरा नगर में प्रेक्टिस करने वाले उमेश चंद्र सिंह, थाना कायमगंज के रविकांत गौतम, बंगाली, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु बेरहामपुर आरिफ खान, राजेंद्र व अजय भी फर्जी क्लिनिक चलाते मिले। इन सभी के खिलाफ संबंधित थाना के प्रभारियों को सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की संस्तुति विभाग द्वारा की गई है।

दो बच्चों पर कुत्तों का हमला, गंभीर जख्मी

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव पथरामई निवासी राजबहादुर का 5 वर्षीय पुत्र गोविन्द व नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी दिनेश का 6 वर्षीय पुत्र प्रिंस पर आवारा कुत्तो ने हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों बच्चों को गंभीर अवस्था में परिजन सीएचसी लाए। जहा उनकी मरहम-पट्टी की गई।

आजीवन कारावास की सजा पाए वृद्ध कैदी की इलाज के दौरान मौत

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार के एक आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे वृद्ध कैदी की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

जेल सूत्रों ने बताया कि फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र के फतह नगला का निवासी शिवराम (68) को हत्या के एक मामले में फर्रुखाबाद जिले की एक अदालत ने आजीवन कारावास की सजा 13 नवंबर 2006 को सुनाई गई थी। कैदी शिवराम 19 नवंबर 2006 को सजा भुगतने के लिए, फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में आया। इसके बाद इस कैदी को किडनी रोग की शिकायत हुई। जेल अधिकारियों ने कैदी शिवराम को मंगलवार सुबह फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना भेज दी है।

लोहिया अस्पताल में भर्ती वृद्धा उर्मिला। अमृत विचार

बचपन जलाकर न मनाएं दीपावली

अजीतमल, औरैया। दक्षिण एशियाई बाल दासता विरोधी संगठन (सॉक्स) एवं बचपन बचाओ आंदोलन के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सेंगर ने आतिशबाजी के बहिष्कार का आह्वान कर कहा है कि दीप जलाकर दिवाली मनाएं, बचपन जलाकर नहीं। बचपन बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांति नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी ने पटाखा उद्योग में हो रही मौतों की वजह से यह अपील की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि अभियान में सभी शामिल हों, उन्होंने ने कहा कि बच्चों को प्यार से समझाकर आतिशबाजी से दूर करें। बचपन बचाओ आंदोलन पूर्व मध्य क्षेत्र संयोजक संजीव भट्ट ने कहा कि प्रशासन को अभियान चलाकर अवैध रूप से चल रहे पटाखा उद्योगों को बंद किया जाना चाहिए। लोगों से अपील की कि इस बाबत अपने साथ पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

बाइक सवार ने स्कूटी में मारी टक्कर, चार घायल

सवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम परमापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने आगे जा रहे सब्जी विक्रेता की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी दो लड़कियों समेत चार लोगों के चोटें आईं। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवा कर थाना पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ निवासी मुस्कान, निकिता, शोमिल जो गांव कुम्हरौर के राजकीय विद्यालय में गए हुए थे। वहां से आते समय यह हादसा हो गया। स्कूटी सवार सब्जी विक्रेता घायल अवस्था में मौके से चला गया। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने आई वृद्धा हुई बेहोश, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पुत्र का अपहरण कर साढ़े छह बीघा जमीन का बैनामा कर लेने के बाद वृद्धा व उसके पुत्र को परेशान करने के संबंध में मंगलवार सुबह थाना नवाबगंज के गांव रायपुरा निवासी नंदराम राजपूत की 75 वर्षीय पत्नी उर्मिला कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने पहुंची। तभी अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और वह गश खाकर फर्श पर गिर गई। जिलाधिकारी के स्टेनो नीरज कुमार ने वृद्धा की हालत देख तत्काल एंबुलेंस 108 को सूचना देकर बुलाया। वृद्धा उर्मिला को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती वृद्धा को देखने सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचे। साथ में सीएमओ, महिला थाना प्रभारी ने वृद्धा से घटना के संबंध में जानकारी ली।

सड़क पर भरा गंदा पानी बना परेशानी का शबब

इस तरह से सड़क पर भरा है गंदा पानी। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को इस गंदे पानी से गुजर कर जाना पड़ता है। अमृत विचार

फर्रुखाबाद, कार्यालय संवाददाता

- नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

अमृत विचार। मोहल्ला श्याम नगर में चाहे गर्मी हो या सर्दी अथवा बरसात, यहां हर समय नाले-नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। स्कूल जाने वाले छात्र- छात्राओं को सड़क पर इस गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। जो उनके लिए परेशानी का शबब बना हुआ है। कई बार गंदे पानी की छींटों से उनकी ड्रेस खराब हो जाती है। कई बार शिकायत के बाद भी यह समस्या दूर नहीं की जा सकी।

श्याम नगर में सेंट लारेन्स पब्लिक स्कूल व सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल है। यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सड़क पर भरा गंदा पानी मंझाकर स्कूल आना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार व नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रबाल की लापरवाही व अनदेखी के चलते यहां तैनात सफाई कर्मचारी सफाई नही कर रहा है। इसी वजह से श्याम नगर के नाले-नालियां पूरी तरह कीचड़ से भरी हुई है। जिसके कारण नाले-नालियों से पानी सड़क व गलियों में बह कर हमेशा भरा रहता है। छात्र-छात्राओं के साथ अन्य लोगों को भी सड़क पर इस गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। इस संबंध में मोहल्ले के रामपाल सिंह, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुमति दुबे, विकास दुबे, अनिल यादव, सरोज सिंह, डॉ. नीना राजपूत, आशुतोष, रिया सिंह, रजनी सिंह, प्रतिमा फौजिया, स्वेता आदि ने बताया कि यह गंदा पानी कई वर्षो से सड़क पर बह रहा है। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। वहीं सेंट लारेन्स पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस समस्या के बाबत जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई।

पहली बार बिना चीरे के बच्चेदानी का हुआ सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। चिचौली स्थित मेडिकल कॉलेज में पहली बार बिना चीरे वाला बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ। जिले की 42 वर्षीय महिला कई सालों से बच्चेदानी व पेशाब की थैली बच्चेदानी के रास्ते से बाहर आ रही थी। जिसकी वजह से मरीज को काफी परेशानी हो रही थी। जिसके लिए मरीज ने चिचौली स्थित मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में दिखाया। जिस पर उन्होंने बच्चेदानी का बिना चीरे का ऑपरेशन की सलाह दी। डॉ शालिनी चौहान, डॉ काव्या, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ उत्कर्ष एवं प्रीति, स्टॉफ नर्स ने मरीज का ऑपरेशन मंगलवार को किया। ऑपरेशन करने वाली टीम को प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार ने बधाई दी है।

शिखर पुरुष अटल जी का सम्मान, शिखर पर ही रखा जाए : शरद बाजपेयी

इटावा। अटल पथ पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण होने वाला है। जिसमें उनकी प्रतिमा हाथ जोड़े हुए दिखाई दे रही है । नगर पालिका परिषद के भाजपा सभासद शरद बाजपेयी को उनके हाथ जोड़कर प्रतिमा लगाने पर ऐतराज जताया है। उन्होंने ईओ नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र दिया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी भारत के ही नहीं अपितु पूरे विश्व के सम्मानित एवं सर्वमान्य नेता हैं।

चकरोड काट खेत में मिलाया, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- थानाध्यक्ष ने राजस्व विभाग को भी सूचना दी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भुज निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र रमेश चन्द्र ने मुकदमा दर्ज कराया कि गांव नगला धुंधे निवासी दलवीर सिंह व बलवीर सिंह ने ग्राम सभा की जगह राजस्व विभाग के चकरोड को जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। जिसमें मेरी अंकित गाटा सं. 446 की मेड़ भी काटकर अपने खेत में मिला लिया है। जबकि तीन अक्टूबर को अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत राजस्व विभाग ने उक्त चकरोड खाली करा दिया था। उसके वावजूद भी विपक्षीगणों ने जबरदस्ती दबंगई के बल पर दुबारा चकरोड जोत लिया है। जिसको खुलवाया जाए। थानाध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर राजस्व विभाग को सूचना दी गई।

11 माह की बच्ची जली, अस्पताल में भर्ती

कायमगंज। गांव मीरपुर निवासी अमित कुमार की 11 माह की बच्ची घर पर गंभीर जल गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां इलाज हुआ।

बांट-माप विभाग | घटतौली की शिकायत मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई : वरिष्ठ निरीक्षक

त्योहार पर घटतौली के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बांट-माप विभाग कार्यालय आवास विकास के सभागार में त्योहार के सीजन को देखते हुये आमजन की जानकारी व जागरूकता से संबंधित बिन्दुओं पर विशेष चर्चा की गई। वरिष्ठ बांट माप निरीक्षक मीनू तिवारी ने उपभोक्ताओं से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कहीं पर गड़बड़ी दिखाई देती है तो तुरंत विभाग को सूचित करें या आइजीआरएस पर शिकायत करें। गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ जांच की जाएगी व कार्रवाई भी की जाएगी। छोटी-छोटी बातों को इग्नोर करने से यही बातें बड़ी होकर भ्रष्टाचार का रूप धारण कर लेती हैं ।

जानकारी देते बांट-माप निरीक्षक मीनू तिवारी व मुकेश गुप्ता। अमृत विचार

उन्होंने ज्वेलर्स, पेट्रोल पंप, मिष्ठान व कोटेदारों के बारे में विशेष जागरूक रहने की बात कही। उन्होने मिठाई की घटतौली के संबंध में कहा कि विक्रेता मिठाई की तौल में डिब्बे के वजन को सम्मिलित न करें। जिससे क्रेता को मूल्य के सापेक्ष सही तौल मिल सके। डिब्बा बंद वस्तुओं जैसे कि ड्राई फ्रूट के डिब्बे पर पैक की वस्तुओं का आइटम वाइज विवरण देना आवश्यक है। यदि डिब्बे में 4 आइटम हैं तो अलग-अलग वजन व उससे संबंधित रेट को अंकित किया जाना जरूरी है। साथ ही पैकिंग का मूल्य भी अंकित किया जाना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को घटतौली संबंधी शिकायत होने पर कार्यालय आवास विकास में या संपर्क सूत्र 8189094062 पर दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले समाजसेवी मुकेश गुप्ता को धन्यवाद दिया गया।

सार-संक्षेप

उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते रेवेन्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज फर्रुखाबाद। रेवेन्यू बार एसोसिएशन तहसील कायमगंज ने अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। ज्ञापन देने से पूर्व तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वेश्वर दयाल यादव व महासचिव अवनीश कुमार गंगवार ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक भी की। बैठक में अधिवक्ताओं के हित में विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर की सुविधाएं, बुजुर्ग अधिवक्ताओं के लिए पेंशन की धनराशि 15 हजार रुपए व नये अधिवक्ताओं के लिए प्रोत्साहन राशि 10 हजार रुपए तथा अधिवक्ताओं के इलाज के लिए नि:शुल्क बीमा सुविधा, पार्किंग सुविधा आदि प्रस्ताव शामिल हैं। सभी प्रस्तावों को मांग के रूप में ज्ञापन बनाकर उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में इन मांगों के अलावा रेवेन्यू बार एसोसिएशन कायमगंज को आवंटित वाचनालय व पुस्तकालय की भूमि सुपुर्द कराए जाने के लिए कहा गया।

दीपावली से पूर्व वेतन व बोनस दिलाने की मांग

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले गोष्ठी का आयोजन कर शिक्षकों के दीपावली के से पूर्व वेतन व बोनस दिलाने की मांग की गयी। जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय स्थित शिक्षक भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से शौचालय गंदे मिलने पर सफाई कर्मी पर कार्यवाही हो। रसोईया भुगतान जुलाई व अगस्त का एक हजार रूपये की दर से भुगतान हुआ है, जिसका अवशेष मानदेय व सितंबर व अक्टूबर माह का मानदेय पूर्ण भुगतान कराने के लिए भी कहा गया। बिना नोटिस दिये किसी शिक्षक पर कार्यवाही ना करनें सहित आधा दर्जन मांगे बीएसए से की गईं हैं| संचालन जिला मंत्री राज किशोर शुक्ला ने किया।

आज आएंगे मंत्री ओमप्रकाश राजभर

फर्रुखाबाद। सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंचायती राज, अल्प संख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री ओम प्रकाश राजभर जनपद में बुधवार को आ रहे हैं। मंत्री दोपहर 1 बजे अमृतपुर दयानंद इंटर कालेज में जनसभा करेंगे।

मां अन्नपूर्णा भवन उचित दर की दुकान का उद्घाटन करने पहुंचे जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने किया उचित दर की दुकान का उद्घाटन

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा ग्राम पंचायत गुतासी विकास खंड बढ़पुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना एवं राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निर्मित मां अन्नपूर्णा भवन (उचित दर की दुकान) का फीता काटकर उदघाटन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमूह से मिल रहे राशन के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही लोगो से सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नही इसकी भी जानकारी प्राप्त की। अन्नपूर्णा भवन के उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन ठोस व तरल अपशिष्ट प्रवंधन केंद्र गुतासी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां मौजूद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करा केंद्र को संचालित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्नी के मायके जाने पर जहर खाकर की आत्महत्या

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शानू बाल्मीक(36) ने पत्नी के मायके जाने क्षुब्ध होकर सल्फास खा लिया। परिवार वालों को वह घर से खुछ दूर पर अचेतावस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे सीएचसी लाये। जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक इलाज किया और उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने के पहले ही शानू ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत पर परिवार में मातम मच गया। आसपास के लोगों ने बताया कि शानू की शादी अभी कुछ माह पहले हुई थी। पत्नी कई बार नाराज होकर अपने मायके चली गई तो शानू उसे समझा कर बुला लाया। सोमवार को फिर उसकी पत्नी नाराज होकर मायके चली गई। इसी बात से शानू ने नाराज होकर जहर खाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मार्ग दुर्घटना में दो घायल ,एक की हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कम्पिल क्षेत्र के गांव कटिया निवासी शाहवाज (18) बाइक से घर का सामान लेने कायमगंज बाजार आ रहा था। रास्ते में मेदपुर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगो ने सीएचसी भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वहीं दूसरे हादसे में कम्पिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी हरश्याम का 8 वर्षीय पुत्र अंश घायल हो गया परिजनों ने उसे सीएचसी लेकर पहुंचे।

तीन ने पीया कीटनाशक, 2 की हालत नाजुक

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों ने कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर उनके परिजनों ने इलाज के अस्पताल में भर्की कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव कादरदादपुर सराय निवासी शिवम (22), कंपिल क्षेत्र के गांव रसीदाबाद तिवारियान निवासी उमेशचंद्र की 17 वर्षीय पुत्री व गांव रायपुर निवासी भोला (23) ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लाये जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने शिवम, युवती को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

किराए के पैसे को लेकर मारपीट

कमालगंज फर्रुखाबाद। कमालगंज थाने में ग्राम महरूपुर रावी निवासी सुधा पत्नी देशराज ने दर्ज कराई एनसीआर में कहा है कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे पवन, मोहित, मुकुल के साथ दरवाज़े पर बैठे थे। इस दौरान ई-रिक्शा का किराया मांगने पर गांव के ही रिषभ संतोष, कुन्दन, अजीत ने मारपीट कर दी। जिससे उन्हें काफी चोट लगी है।

धान बेचकर घर आ रहे किसान के 47 हजार पार किए

अमृतपुर फर्रुखाबाद। धान की फसल बेचकर घर आ रहे किसान से टेंपो में बैठे दो युवकों ने टप्पे बाजी कर 47 हजार रुपए पार कर दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव मड़ैया तौफीक निवासी राम सिंह राजपूत सोमवार को अपना धान बेचने अल्लाहगंज मंडी गए थे। घर वापस आते समय राजेपुर से टेंपो में बैठे थे। तभी दो युवक आकर उनके पास बैठ गए। राम सिंह का कहना है कि दोनों युवकों ने अलीगढ़ से दौलतपुर चकई के बीच रुमाल निकाल कर झाड़ा। जिसके बाद उन्हे चक्कर भी आने लगे। इस दौरान उनकी जेब में रखे 47000 रुपए पार कर दिए। जब थोड़ा होश में आए तो देखा तो जेब कटी थी। युवक थोड़ी दूर बाद टेंपो रुकवा कर उतर कर चले गए।

सवारी बैठाने को लेकर टैंपो चालकों में हुई मारपीट

कमालगंज फर्रुखाबाद। सवारी बैठाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद टेम्पो चालकों में जमकर मारपीट हो गई। जिससे एक टेम्पो चालक ने थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष ने बताया की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज के समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी वसीम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की मंगलवार शाम वह गुरसहायगंज तिराहे पर अपने टेम्पो में सवारी बैठा रहे थे। तभी उसकी कहासुनी रामपुर मांझगाव निवासी जितेंद्र से हो गई। जिसके बाद राजेश ने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर रजीपुर पेट्रोल पंप के निकट उसे लाठी-डंडे से मारपीटा। थानाध्यक्ष अनुराग मिश्र ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

पॉक्सो के बंदी ने जेल में लगाई फांसी, गई जान

जिलाधिकारी, एसएसपी ने किया मुआयना, जिला कारागार का मामला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला कारागार में मंगलवार दोपहर पॉक्सो एक्ट के तहत बंद एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। सूचना पर जिलाधिकारी व एसएसपी ने निरीक्षण किया। बंदी के परिजनों को सूचना भिजवाई गई है।



रविंद्र कुमार।

मंगलवार दोपहर को शौच के लिए गया कैदी रविंद्र कुमार (22) ने जिला कारागार के शौचालय में अपने ही गमछे से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। इससे जेल में शोर मच गया, जेल अधीक्षक से लेकर वार्डन तक मौके पर पहुंचे। सूचना पर जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी संजय वर्मा व अन्य अधिकारी फॉरेसिंक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर नमूने एकत्रित किए तब पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया शुरुआती जांच में पता चला कि बंदी ने शौचालय जाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है, उसने खुदकुशी किस कारण की है, इसकी जांच जारी है। शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा।

गौरतलब है कि बीते 11 अक्टूबर को कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव विजयपुर में रहने वाले जगदीश दोहरे के बेटे रविंद्र कुमार को औरैया कोतवाली पुलिस ने किशोरी को भगा ले जाने के तहत पॉक्सो एक्ट के आरोप में जेल में दाखिल कराया था। इसके तहत यह जेल की बैरक नंबर 9 में रह रहा था।

युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

इकदिल, इटावा। मानसिक तनाव से गुजर रही 26 वर्षीय युवती ने मंगलवार को घर के कमरे में दुपट्टा का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। नगला मोती निवासी गुंजन कुमार पुत्री स्व राधा कृष्ण मां की मृत्यु होने के चलते युवती के मानसिक तनाव में रहने लगी थी। मृतिका के भाई अरुण ने बताया मंगलवार सुबह करीब 8 बजे 26 वर्षीय गुंजन घर के आंगन में काम कर रही थी। अचानक से उसने टीन शेड के पाइप में दुपट्टा से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता की मृत्यु को करीब 24 वर्ष पूर्व हो गई थी। मां की मृत्यु के बाद से वह मानसिक तनाव में रहती थी। थाना अध्यक्ष भीम सिंह पौनिया ने बताया कि नगला मोती में युवती के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेतीं अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव। अमृत विचार

महिलाएं अपराध को सहें नहीं, आवाज उठाएं

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। महिलाएं अपराध को सहें नहीं, झिझकें नहीं, डरे नहीं। महिलाओं बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता भी मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव ने यह बात कही। वे यहां राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि अपने आसपास बाल विवाह न होने दें।

नायब तहसीलदार नेहा सचान ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गर्भधारण के दौरान लिंग जांच कराना भी कानूनी अपराध है। स्थाई लोक अदालत की सदस्य आरती दीक्षित ने बेटियों को संपत्ति में अधिकार व पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे आदि की विस्तृत जानकारी दी। डिफेंस एंड लीगल काउंसिल हर्ष पटेल ने महिला हेल्पलाइन 1090 व साइबर क्राइम के संबंध में जागरूक किया। पीएलवी कुमारी नीरज ने नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।संचालन प्रेम कुमार शाक्य ने किया। कार्यक्रम में क्राइम इंस्पेक्टर रमेश चंद्र, प्रधानाचार्या प्रज्ञा सिंह, पीएलवी ऋषभ पाठक के अलावा लालमन बाथम व राजेंद्र यादव व महिला आरक्षी विनीता शिवहरे,और सुरेखा आदि मौजूद रहे।

किसान के घर में घुसा मगरमच्छ वनविभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। बलरई क्षेत्र में विकास नगर मोहल्ले में एक किसान के घर में मगरमच्छ घुस जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी । वन विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर रेस्क्यू किया तब लोगों को चैन मिला।

बलरई स्थित भोगनीपुर गंग नहर के किनारे विकास नगर मोहल्ला बसा हुआ है। जहां विनोद महेरे उर्फ खन्ना का घर है। रात को सभी परिजन सोए हुए थे, सुबह जब गृहस्वामी की आंख खुली तो देखा कि गंग नहर में से निकलकर एक मगरमच्छ उनके घर में घुस आया है। जिससे घर में अफरातफरी मच गई। दहशत में आए घरवालों ने वन विभाग को सूचना दी तो वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू किया और अपने साथ ले गए तब कहीं जाकर घर वालों को चैन की सांस आई।

मगरमच्छ पकड़े वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान व वनकर्मी। अमृत विचार

- भोगनीपुर गंग नहर से निकलकर आने का अंदेशा नदी में छोड़ा गया

क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार सिंह सिसौदिया के निर्देशन में पहुंची टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू किया। फॉरेस्ट सेक्शन ऑफिसर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मगरमच्छ की लंबाई लगभग 6 से 7 फीट के करीब थी। उसका वजन लगभग 40 से 45 किलो के आसपास था। मगरमच्छ को रेस्क्यू करने वाली टीम में डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, रतन तिवारी, वन दरोगा ज्ञानेश कुमार, पीआरवी 1623 से कांस्टेबल सचिन कुमार, एचजी से योगेन्द्र कुमार, वनरक्षक सचिन कुमार, वाचर डालचंद्र व बुद्धा सिंह शामिल रहे। मगरमच्छ को नदी में छोड़ा गया।

एक नजर

दीपावली से पहले मिलेगा मानदेय

इटावा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि इटावा के सभी शिक्षामित्रों के मानदेय का भुगतान दीपावली से पहले सभी को प्राप्त हो जाएगा। इस संबंध में संघ की टीम ने प्रभारी बीएसए उदयराज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम से मुलाकात की है। यह आश्वासन मिला है कि शिक्षामित्रों के मानदेय का भुगतान दिवाली से पहले कर दिया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री का नाम हटाने से रोष, ज्ञापन आज

इटावा। बनारस स्टेडियम से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू संपूर्णानंद का नाम हटाए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पल्लव दुबे ने सभी पार्टी जनों से प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं आज से

महेवा, इटावा। महेवा स्थित लोकमान्य रूरल इंटर कालेज में अर्द्ध वार्षिक गृह परीक्षाएं 23 अक्टूबर से होंगी । प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि छात्र छात्राएं समय से पहुंचकर परीक्षा में अनिवार्य रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र छात्रा अनुपस्थित रहेंगे वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा में बच्चों ने लिया भाग

महेवा, इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में नेट मॉक एक्जाम में बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया । ग्राम पंचायत उझियानी स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में एआरपी राम कृष्ण दुबे की देखरेख में 159 छात्र छात्राओं में से 127 ने भाग लिया । प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार छात्र छात्राओं की बौद्धिक क्षमता आंकने के लिए निपुण असिस्टेंट टेस्ट यानी प्रैक्टिस टेस्ट कराया गया। इस दौरान शिक्षक बाल कृष्ण ,गौरव तिवारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ट्रॉमा सेंटर में तीमारदार और सुरक्षा गार्ड भिड़े

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में तीमारदार व सुरक्षा गार्ड के बीच वीडियो बनाने को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव लहरा ऐमनीपुर निवासी गौरव कुमार ने बताया उसके 70 वर्षीय पिता कृपाल सिंह काफी समय से बीमार थे। उनको मैनपुरी जिला अस्पताल से रेफर करा कर यहां लाए थे। साथ में भाई सुनील कुमार एवं मां भी थी। मंगलवार की सुबह इमरजेंसी ड्रामा सेंटर में भर्ती थे। इस बीच घर से बहन का फोन आया हम वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे। इस बीच एक वार्ड ब्वाय आया, उसने मेरा फोन छीन लिया और अभद्रता की। विरोध किया तो सुरक्षा गार्ड बुला लाया और मारपीट की। विश्वविद्यालय में सुरक्षा की कमान संभाले पूर्व सैनिक कल्याण निगम सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से कार्यरत पूर्व सैनिक सुभाष ने आरोप लगाते हुए बताया कि तीमारदार द्वारा इमरजेंसी वार्ड में वीडियो बनाया जा रहा था। जिसकी सूचना हम सुरक्षा कर्मियों को दी गई थी। इसके बाद इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर के तीमारदार को वीडियो ना बनाने को कहा गया इतने में ही हमारे साथ भद्रता की है।

गैंगेस्टर की संपत्ति वापसी अर्जी निरस्त

संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट अजय कुमार सिंह द्वितीय ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत प्रशासन द्वारा जब्त की गई चल अचल संपत्ति वापस दिलाए जाने के लिए अर्जी पर सुनवाई की। साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने उस अर्जी को निरस्त कर दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रशासन ने गैंगेस्टर बृज किशोर यादव पुत्र राम शंकर यादव निवासी हेंवरा थाना सैफई के खिलाफ चकर नगर थाना पुलिस ने गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। गैंगेस्टर की कार्रवाई होने के बाद प्रशासन ने उसकी साढे. चार करोड़ रुपये कीमत की चल व अचल सम्पत्ति को 14 जून 2024 कुर्क कर कर लिया था। इस संबंध में बृज किशोर के पक्ष द्वारा अपनी सम्पत्ति को वापस कराए जाने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी। लोक अभियोजक कृष्ण सहाय शुक्ला ने सम्पत्ति को वापस किए जाने का विरोध किया। कहा कि उसके द्वारा इस तरह का कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया जिससे साबित हो सके कि गैंगेस्टर अधिनियम की धारा चार ख के अंतर्गत की गई कार्रवाई की अवधारणा खंडित हो। इसके बाद कोर्ट ने बृज किशोर यादव की ओर से पेश की गई अर्जी को निरस्त की।

- साढ़ 4 करोड़ रुपये की चल व अचल सम्पत्ति प्रशासन ने की थी जप्त

विराट रामलीला व दंगल कमेटी का गठन

इकदिल, इटावा। श्रीविराट रामलीला एवं दंगल कमेटी इकदिल की एक आवश्यक बैठक हनुमान मन्दिर चौराहा इकदिल पर समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व सम्मति से रंजीत सिंह राठौर को अध्यक्ष, आलोक राजपूत को महामंत्री घोषित किया गया। शेष कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि आगामी 13 नवंबर से दस दिवसीय कार्यक्रम शुभारंभ होगा। जिसमें रासलीला, लक्ष्मण परशुराम संवाद व दंगल का आयोजन किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से रघुवीर सहाय गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गोयल, सूर्यकांत वर्मा, राजकुमार जैन, पंकज गुप्ता, सुनील राजपूत सभासद, इंद्रवीर सिंह कौशल, हसन बाबू राजपूत, विनीत कुमार, सरनाम सिंह, अरविंद वर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन राजू राजपूत ने किया ।

सार-संक्षेप

स्काउट गाइड का प्रशिक्षण लेते छात्र-छात्राएं । अमृत विचार

बच्चों को दिया जाएगा स्काउट गाइड का प्रशिक्षण

इटावा। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालय के बच्चों को बालचर स्काउटिंग के अंतर्गत स्काउट गाइड गतिविधियां प्रारंभ की गई । खंड शिक्षा अधिकारी ताखा सर्वेश कुमार सिंह निर्देशन में संकुल पुंजा के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पंछी में छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर प्रारंभ किया गया। प्रथम दिवस बच्चों को टोली निर्माण के साथ स्काउट नियम, प्रतिज्ञा ,सिद्धांत, प्रार्थना, झंडा गीत ,ध्वज शिष्टाचार के विषय में जानकारी प्रदान की गई। 25 बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ कैम्प में प्रतिभाग किया । जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक गाइड कैप्टन अंजुल यादव और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर ने कार्यक्रम के प्रशंसा की।

शिक्षकों को सुरक्षा और संरक्षण का दिया प्रशिक्षण

इटावा। शासन की योजना के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को सुरक्षात्मक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चले कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें आग लग जाने की स्थिति में आग पर काबू पाने तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जानकारी दी गई। तीन दिन तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को अलग-अलग आपदा की स्थिति में कैसे नियंत्रित करना है इसके बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन अग्निशमन उपकरण के बारे में जानकारी दी गई।

बीमारी से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण जरूर कराएं

बकेवर, इटावा। पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन ग्राम टड़वा काछियांन में किया गया। मेले में करीब 200 पशुओं का नि :शुल्क उपचार कर दवा बांटी गई। ग्राम प्रधान जयवीर सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि पशुपालन का किसानों की आय बढ़ाने में बहुत महत्व है। पशुचिकित्सा अधिकारी महेवा डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से बांझपन निवारण, टीकाकरण, बधियाकरण कृत्रिम गर्भाधान, पशुधन बीमा आदि का निराकरण एक ही मंच पर किया जाता है। पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. अनिल वीर सिंह चौहान ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के बारे में बताया। जिससे अच्छी नस्ल की संतति उत्पन्न हो सकें। पशुओं को हर चार माह में कीड़ों की दवा खिलाएं। पशुओं में समय से खुरपका मुहपका, गलाघोटू ,बकरियों में पीपीआर बीमारियों आदि का टीकाकरण जरूर कराएं। यह टीके पशु अस्पताल से निशुल्क लगवाए जाते है। फार्मासिस्ट अजय प्रताप सिंह ने पशुओं में जीवाणु व विषाणु से फैलने वाले रोग निमोनिया, दस्त, रेण्डर पेस्ट, खुरपका मुंहपका, काऊ पॉक्स आदि रोगों के फैलने व बचाव के बारे में बताया। फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह ने पशुओ मे बांझपन कि समस्या से कैसे पशुओ को बचाये उसके उपचार के बारे मे बताया। इस अवसर पर चन्द्र मोहन यादव पूर्व प्रधान, नरेंद्र कुमार पूर्व बीडीसी, श्यामलाल यादव अजब सिंह,धर्मवीर सिंह यादव, मोहन यादव, आशीषकुमार, ओमकार, राज बहादुर, विक्रम यादव विक्रम कुमार आदि उपस्थिति रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष को पितृ शोक

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के पिता इतवारी लाल राजपूत का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी तादाद में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवासी ग्राम हरसौली पहुंचे। शाम के वक्त हजारों नम आंखों की श्रद्धांजलि के बीच उनका गांव के निकट ही अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौ भूपेंद सिंह, केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद डा रामशंकर कठेरिया, डा रमाकांत शर्मा, शिवाकांत चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय धाकरे, रोहित शाक्य, अमित तिवारी मानू समेत कई प्रमुख नेताओं ने अपनी संवेदना प्रकट की है।

दीपावली से पूर्व वेतन देने के निर्णय का स्वागत

इटावा। कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव, महामंत्री अरविंद धनगर ने दीपावली पर्व से पूर्व कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनरों, पारिवारिकों पेंशनरों को वेतन व पेंशन दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश सरकार से मांग की है कि बोनस भी दीपावली से पूर्व दिलवाया जाए। प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करने वाले अन्य कर्मचारी नेताओं में प्रमुख प्रदेश महामंत्री विनोद कनौजिया, उमाशंकर गुप्ता, रोहित यादव, प्रमोद राजपूत , डा धर्मेंद्र यादव, संजीव यादव, वीरेंद्र पाल सिंह जादौन, अवधेश यादव, विनोद पाल,मनोज यादव, राकेश बाबू, अरूण कुमार,राम कुमार शाक्य, मनोज कुमार, डॉ .विशाल स्नातक शामिल हैं।

हड़पना चाहते थे सरकारी धन, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सरकारी धनराशि को फर्जी फर्म बनाकर भुगतान प्राप्त करने, अपने खातों में ट्रांसफर करने के प्रयास के 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में इटावा के डीपीएम (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर) सफाई कर्मी भी शामिल हैं।

डीपीआरओ बनवारी सिंह ने 18 अप्रैल 2024 को सरकारी एडमिन आईडी का दुरुपयोग करते हुए सरकारी धनराशि फर्जी खातों में ट्रांसफर करने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि आरोपियों ने पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट सिस्टम) पर एडमिन आईडी का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फर्म के नाम पर भुगतान पर भुगतान करके धनराशि निजी खातों में ट्रांसफर करने का प्रयास किया। कहा कि खाता संख्या 5515891905 नाम की फर्म को भरथना ब्लाक में दर्ज कर लिया गया। ग्राम प्रधान व सचिव के मोबाइल नंबर की जगह दूसरे नंबर दर्ज किये गये, जिससे ओटीपी प्रधान व सचिव के पास न जाकर इनके पास ही पहुंचे। इसके बाद धनराशि निजी खातों में ट्रांसफर करने का प्रयास हुआ, लेकिन डिजिटल सिग्नेचर होने के कारण भुगतान नहीं हो सका। धनराशि ट्रांसफर करने के प्रयास की भनक अधिकारियों को मिली तो आरोपियों ने अभिलेख जला दिये। इस पूरे घोटाले के प्रयास में डीपीएम दीपक कुमार, देव बंद सहारनपुर के विपिन कुमार, विकुल चौधरी, रजनेश को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने मामले की जांच की तो आरोप सही पाये जाने पर जालौन के रहने वाले डीपीएम दीपक कुमार को इटावा से और अन्य तीनों आरोपियों को सहारनपुर से गिरफ्तार किया।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

ग्राम पंचायत अधिकारियों की कमी होगी पूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिले की ग्राम पंचायतों में सचिवों की जो कमी चल रही थी वह अब पूरी हो जाएगी। 12 नए ग्राम पंचायत अधिकारी मिले हैं। उन्हें 24 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

जिले में ग्राम पंचायत अधिकारी के 75 पर स्वीकृत है। इनमें से सिर्फ 63 ग्राम पंचायत अधिकारी तैनाती थे। 12 ग्राम पंचायत अधिकारियों की कमी थी इसके कारण कामकाज में स्वाभाविक रूप से कठिनाई आ रही थी अब 12 नए ग्राम पंचायत अधिकारियों की नियुक्ति कर दिए जाने के बाद यह कमी पूरी हो गई है। जिले में 75 पदों की अनुरूप 75 ग्राम पंचायत अधिकारी तैनात हो गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने बताया है कि नये 12 ग्राम पंचायत अधिकारियों की तैनाती कर दिए जाने से अब ग्राम पंचायत के कामकाज में तेजी आएगी तथा विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। इन ग्राम पंचायत अधिकारियों को ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंप जाएगी। उनहोने कहा कि अब जिले में पदों के अनुरुप ग्राम पंचायत अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

इन ग्राम पंचायत अधिकारियों की हुई है नियुक्ति

- अखिलेश कुमार, अमित सिंह, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, राधा मोहन, रूपेंद्र यादव, राजेश कुमार, अवधेश कुमार गौतम, हरि प्रकाश, दीपक कुमार, वीरेश कुमार सिंह, रवी कुमार, मनोज कुमार

कामयाबी | ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते पदक

5 स्वर्ण, 4 रजत सहित 18 पदक जीते

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। राज्य स्तरीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इटावा ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने 5 स्वर्ण, 4 रजत तथा 9 कांस्य सहित कुल 18 पदक अपने नाम किए। कामयाबी पर सभी ने खिलाड़ियों की खूब प्रशंसा की है।

इटावा ताइक्वांडो के सचिव रोहित द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षक हरीगोविंद सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता में कुल 19 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था जिनमें से 18 खिलाड़ियों ने पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सब जूनियर में आराध्या नगाइच ने स्वर्ण; फ्रायष्टी ने रजत; एल्विश, श्यामजी, लक्ष्य और अभ्युदय ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कैडेट श्रेणी में बालिका वर्ग में प्रणवी प्रमोद एवं दक्षिता ने स्वर्ण, बालक वर्ग में सत्यम यादव ने रजत; श्यामजी, ओमजी, ललित और शिवांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में बालिका वर्ग में दीक्षा तथा पारुल ने रजत तथा बालक वर्ग में सौरभ चंद्र ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं पूमसे श्रेणी में नंदिका नेहाल ने रजत तथा अविघ्न अरौन्या ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, कानूनी सलाहकार डीडी मिश्रा, कोषाध्यक्ष नबीला, मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता तथा जिला समन्वयक इंजीनियर सौरभ दुबे ने हर्ष जताया है।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 5 नवंबर को

जसवंतनगर, इटावा। जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 5 नवंबर को हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज में होगा। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के जिला नोडल प्रभारी एवं प्रवक्ता भौतिक विज्ञान हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज प्रदीप कुमार यादव ने बताया है कि माध्यमिक विद्यालयों के बाल वैज्ञानिक प्रतिभाग कर सकते हैं। जूनियर संवर्ग में कक्षा 6 से 10 तक, दूसरा बाल वैज्ञानिक सीनियर संवर्ग जिसमें केवल कक्षा 11व 12 के विद्यार्थी और तीसरे अध्यापक संवर्ग में डाइट के प्रवक्ता,प्रशिक्षु अध्यापक व माध्यमिक,बेसिक के अध्यापक प्रतिभाग कर सकेंगे। मुख्य विषय के अन्तर्गत उप विषय भोजन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात एवं संचार,प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन गणितीय मॉडलिंग एवं कम्प्यूटेशनल सोच,कचरा प्रबंधन,संसाधन प्रबंधन निर्धारित किए गए हैं।

इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए प्रभु ने कराई गोवर्धन पूजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पक्का तालाब स्थित लक्ष्मी वाटिका में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक जगमोहन त्रिपाठी ने गोवर्धन लीला के साथ प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु प्रभु श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

कथावाचक महाराज जी ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान प्रभु गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए प्रभु ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया एवं रात्रिकाल में रामकथा के प्रसंग में राजा पंडित रामायणी जी ने सीता हरण एवं केवट प्रसंग का वर्णन किया। प्रभु आरती में मुख्य यजमान हरिशंकर त्रिपाठी, मयंक राजौरिया,सतीश चंद्र, लाल जी पाठक,सुदीप त्रिपाठी,सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

कथा वाचक जगमोहन त्रिपाठी।

तीन तलाक की धमकी देकर जानलेवा हमला

इटावा। एसएसपी संजय वर्मा से आदेश कराकर कोतवाली सदर में इसी क्षेत्र के पक्का तालाब चौराहा के पास रहने वाली राबिया बानो ने अपने पति ओरैया में मोहल्ला गुरहाई में रहने वाले कासिम, जेठ मोहसिन, जेठानी रादा, सास नजमा व ननद सजमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि तीन दिसंबर 2023 को शादी हुई थी जिसमें पिता ने छह लाख रुपए दहेज में खर्च किए। इसके बावजूद शादी के कुछ दिनों बाद पल्सर बाइक की मांग की जिसे पिता ने पूरा कर दिया। इसके कुछ ही दिन बाद प्लॉट लेने के नाम पर दो लाख रुपए मांगने लगे। पिता ने मना कर दिया तो प्रताड़ित करने लगे जिस पर मायके आ गई। इन सभी ने पीछे से मायके आकर मांग दोहराई तो मना करने पर तीन तलाक की धमकी देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता चौधरी पत्नी श्री सुभाष चौधरी निवासी गण वहालिपयापुरा जगतोली तहसील चकरनगर जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने .... जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ...... है। जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट मुकेश पश्चिम में प्लाट विक्रेता उत्तर में रास्ता 17 फीट चौड़ा दक्षिण में खेत दीगरान मोहल्ला श्री फूल सिंह पुत्र श्री स्व0 छुट्टे उर्फ छोटे लाल निवासी मोहल्ला मो0 गुलिपति इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

राज्यसभा सदस्य ने शिविर लगा सुनीं समस्या

समस्याओं के समाधान के लिए हर माह शिविर लगाएंगी, बिधूना कोतवाल से कहा सुधर जाइए

संवाददाता बिधूना,औरैया

शिविर में जनसमस्याएं सुनती राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सदस्य एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में जनसुनवाई शिविर लगाकर समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कोतवाल बिधूना की कार्यप्रणाली पर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी बहुत शिकायतें हैं, सुधार कर लीजिएगा। इस मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, सीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में राज्यसभा सांसद गीता शाक्य सबसे पहले वहां पर मौजूद लोगों की समस्याएं सुनीं। जिसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके निराकरण का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कोतवाल बिधूना की कार्यप्रणाली पर खासी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि आपकी बहुत शिकायतें हैं, सुधार कर लीजिएगा। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए इसी तरह का हर महीने में एक दिन शिविर लगाएंगी। ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ककोर व औरैया तक जाने के लिए परेशान न होना पड़े।

सांसद ने विधवा, वृद्धा व दिव्यांग जनों की समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रति माह ब्लाक स्तर पर शिविर लगाने की बात कही। साथ ही कहा जहां केवाईसी की समस्या है वहां उसका समाधान किया जाए। इसके अलावा शिविर में ही दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनें। जिससे उन्हें जिला मुख्यालय तक न भागना पड़े। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो सरकारी योजनाओं चल रही हैं उनका लाभ पात्र आमजन को दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं देख रही हूं कि सरकार की जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, संबंधित विभाग द्वारा उनका धरातल पर कोई प्रचार व प्रसार नहीं हो रहा है। सांसद ने अधिकारियों को इंगित करते हुए कहा कि हम दोनों का लक्ष्य शासन की मंशानुरूप काम करना है। लोगों की जो समस्याएं है जो परेशानी हैं उनका समाधान हो।

बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो बड़े बिजली चोर हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही और एक बल्ब या पंखा चलाने वालों पर मुकदमा लिखवाया जा रहा है। शिविर में आई अन्य समस्याओं के बारे में अधिकारियों से कहा कि इनका समय से निदान करें। अगर कहीं किसी समस्या के निराकरण में कोई दिक्कत आ रही है तो मुझे बताए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, ब्लाक प्रमुख बिधूना प्रतिनिधि आदर्श सिंह सेंगर, ब्लाक प्रमुख अछल्दा शरद सिंह राना, एसडीएम निखिल राजपूत, तहसीलदार अविनाश कुमार, क्षेत्राधिकारी बिधूना भरत पासवान, बिधूना, सहार, ऐरवाकटरा व सहार के खंड विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जेई विद्युत, पूर्ति निरीक्षक आदि विभागीय अधिकारियों के अलावा सैकड़ों क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन के ताले चोरों ने तोड़े

फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र की चौकी पाता के गांव तरई में अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़ दिए और अंदर रखा सिलेंडर, स्पीकर, बर्तन, बल्ब व राशन चोरी कर लिया।चोरों ने विद्यालय के सामने बने पंचायत भवन के तालों को भी तोड़ा लेकिन चोरी करने में असफल रहे।

सोमवार की रात गांव तरई स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यालय में रखी अलमारियों और एकल कक्ष के इंटरलॉक तोड़कर वहां रखा गैस सिलेंडर, स्पीकर,बर्तन,बल्ब और राशन गेहूं व चावल चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने स्कूल के सामने स्थित पंचायत भवन का भी ताला तोड़ डाला और कमरे की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए लेकिन चोर वहां चोरी करने में असफल रहे। ग्राम प्रधान प्रमोद पाल और प्रधानाध्यापक शिवपाल सिंह की तहरीर पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की घटना की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

गैस एजेंसी पर हर्षोल्लास से मनाया गया इंडेन दिवस

बिधूना औरैया। मंगलवार को कुदरकोट इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी द्वारा इंडेन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गैस एजेंसी के संचालक ने अपने सभी उपभोक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने डिलीवरी वाहनों पर कार्यरत डिलीवरीमैन को मिष्ठान वितरण किया। गैस ऐजेंसी द्वारा इस अवसर पर कई गांव में सेफ्टी कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुदरकोट एजेंसी संचालक अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हमारी गैस एजेंसी के जितने भी उपभोक्ता हैं वह सब हमारे ग्राहक ही नहीं हमारे ही परिवार का अहम हिस्सा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से गैस उपयोग करते समय कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा। कहा कि गैस लीकेज, या जरा सी भी गैस की दुर्गन्ध आए तो तत्काल इमरजेंसी नम्बर 1906 पर कॉल करें। गैस चूल्हा जहां प्रयोग में लाया जा रहा हो वो स्थान की ऊंचाई सदैव गैस सिलेंडर से ऊपर होनी चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिनकी ई केवाईसी न हुई हो वो तत्काल अपनी ई केवाईसी करवा लें ताकि सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ से लाभान्वित हो सके। इंडेन दिवस के अवसर पर एक सैकड़ा से अधिक उपभोक्ताओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उपभोक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते एजेंसी संचालक।

एसडीएम हरिश्चंद्र को ज्ञापन सौंपते कृषि छात्र संघ के छात्र। अमृत विचार

यूपी कृषि संघ के छात्रों ने की रिक्त पद को भरने की मांग

ककोर,औरैया। जिला मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश के कृषि छात्र संघ के छात्रों ने उत्तर प्रदेश में अवर अभियंता कृषि में रिक्त पदों पर भर्ती करने की मांग की। इस मामले में छात्रों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना ज्ञापन एसडीएम हरिश्चंद्र को दिया। छात्रों ने बताया उप कृषि निदेशक विभाग ने एक आदेश जारी किया था। जिसमें उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट जूनियर इंजीनियर के 107 पदों का अधियाचन अधीनस्थ चयन सेवा आयोग लखनऊ को सौंपा गया। उसके बावजूद भी इस अधियाचन को वापस ले लिया गया। कहा कि अधियाचन की विज्ञप्ति जारी हो और हम सभी को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके । इसके साथ चयन आयोग लखनऊ और कार्मिक विभाग के बीच यह अधियाचन फंस गया है। जिससे उत्तर प्रदेश में 2018 के बाद अवर अभियंता कृषि का कोई विज्ञापन नहीं निकला। अभ्यर्थियों द्वारा यह लगातार मांग की जा रही है साथ ही मुख्यमंत्री को पत्राचार भी किया जा रहा है। उसके बावजूद भी आज तक कोई संशोधन नहीं हुआ। जिसके कारण हजारों छात्र परेशान है। ज्ञापन में कहा गया कि मुख्यमंत्री इस मामले पर संज्ञान ले जिससे हजारों छात्रों का भला हो सके।

रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

मुनि याचना और ताड़का वध ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

अजीतमल,औरैया। अटसू के सब्जी मंडी में अटसू महोत्सव के पांचवे दिन रामलीला में मंडल के कलाकारों ने ताड़का वध एवं फुलवारी लीला का सुंदर मंचन किया गया। रात भर दर्शक रामलीला देखने के लिए डटे रहे। अटसू के सब्जी मंडी में रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। ऋषि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को लेकर ताड़का वन में पहुंचते हैं। राम और लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र को यज्ञ करने को कहते है। धनुष बाण साधकर यज्ञ की रक्षा करने के लिए तैयार होते है। राक्षसी ताड़का यज्ञ शुरु होते ही आकर यज्ञ विध्वंस करना चाहती है। राम-लक्ष्मण को देखकर क्रोधित होती है। श्रीराम के हाथों ताड़का का वध होता है। तत्पश्चात मिथिला नरेश राजा जनक का सीता स्वयंवर का निमंत्रण प्राप्त होने पर ऋषि विश्वामित्र श्रीराम लक्ष्मण को लेकर मिथिला नगरी के लिए रवाना होते है। रास्ते में गौतम ऋषि के आश्रम में पहुंचते है। पति गौतम के श्राप से पत्थर की शिला बनी अहिल्या का प्रभु श्रीराम उद्धार करते हैं। मिथिला में ऋषि विश्वामित्र और राम-लक्ष्मण का राजमहल में स्वागत होता है। ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर गुरु की पूजा के लिए राम फूल लेने के लिए राजा जनक की वाटिका में जाते हैं। वाटिका में जनक नंदनी सीता अपनी बहनों और सखियों के साथ वाटिका में गौरी पूजा के लिए आती है। वाटिका में श्रीराम और सीता एक दूसरे को वह पहली बार देखते हैं। सीता जी मां पार्वती से अपने मन में पति रूप में श्री राम की कामना करती हैं। भोर तक दर्शक लीला का मंचन देखने के लिए जमे रहे।

अलग-अलग जगह पर पटाखा फोड़ते समय चार बच्चे झुलसे

अजीतमल,औरैया । कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग जगह पर पटाखों को छोड़ते समय चार बच्चे बुरी तरह झुलस कर घायल हो गए। घायलावस्था में परिजनों द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्कर्ष पुत्र योगेशबाबू उम्र 6 वर्ष, बबली पुत्री राजकुमार उम्र 8 वर्ष निवासी श्रीनगर अटसू और शिवांश पुत्र मोनू उम्र 2 वर्ष निवासी फिरोजनगर अजीतमल उस समय झुलस कर घायल हो गए जब वह घर पर पटाखे चला रहे थे। वहीं अछल्दा कस्बा के महेवा अड्डा स्थित इंटर कालेज के पास युवक सोमवार शाम सात बजे करीब आतिशबाजी चला रहे थे। इसी दौरान कार्बाइट गन से पटाखा चलते समय हरी गंज बाजार निवासी 13 वर्षीय किशोर नैतिक पुत्र राजेश के आखों में छर्रा लगने से किशोर घायल होकर गिर पड़ा।

क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम, खड़ी रही ट्रेनें

संवाददाता अछल्दा,औरैया

आउटर पर खड़ी एक्सप्रेस ट्रेन।

अमृत विचार। रेलवे क्रासिंग समय से न खुलने पर जाम की समस्या से सभी परेशान है। मंगलवार को बाजार में त्यौहार शुरू होते ही भीड़भाड़ रही। क्रासिंग बंद न होने पर दिल्ली से अलीपुरद्वार जा रही महानन्दा एक्सप्रेस आउटर पर दस मिनट और नेताजी एक्सप्रेस जो हावड़ा से नई दिल्ली जा रही थी आउटर पर 5 मिनट खड़ी रही।

कस्बे में सुबह से जाम लगा रहा रेलवे क्रासिंग समय से खुलती रहे तो जाम की समस्या न रहे। जाम से हर कोई जूझ रहा है। रेलवे स्टेशन कस्बा स्थित 13-बी क्रॉसिंग पर दोनो तरफ वाहनों का लंबा जाम लगा सुबह 12:30 से पर क्रासिंग बन्द हुई 1:05 पर खुलने पर फाटक बंद न होने पर महानन्दा एक्सप्रेस आउटर पर खड़ी रही।रेलवे पुलिस ने जाम को हटवाते हुए फाटक बंद कराया।2:45 पर क्रासिंग बंद होकर 3:23 खुली पर कुछ मिनट में बन्द हो गई। इसके बाद जाम लगा क्रासिंग बन्द न होने से नेता जी एक्सप्रेस आउटर पर खड़ी रही हरी गंज बाजार फफूंद रोड सराय बाजार तक कदम-कदम पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। कहीं पुलिस नजर नहीं आई।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को दिया ज्ञापन

संवाददाता फफूंद,औरैया

बीएसए संजीव कुमार व लेखाधिकारी रवि शंकर कुमार को ज्ञापन सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। औरैया उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार व लेखाधिकारी रवि शंकर कुमार को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने की मांग की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सहमति जताते हुए समस्याओं की शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है कि प्रोन्नति वेतनमान जो कई सालों से नहीं लगा है। समिति की बैठक बुलाकर शीघ्र प्रोन्नति वेतनमान दिया जाएं। चयन वेतनमान की फाइल कई माह से पटल सहायकों के पास रखी हुई है, अध्यापकों का चयन वेतनमान शीघ्र स्वीकृत किया जाए। 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षकों के जो विकल्प पत्र लिए गए थे। उनको बेसिक शिक्षा परिषद सचिव के पास भेजा जाए। मृतक आश्रित जिनकी नियुक्ति 2005 से पूर्व हुई है उनको भी पुरानी पेंशन का लाभ देते हुए विकल्प पत्र जमा करवाए जाएं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पूर्व में शिक्षामित्र रहे और अब अध्यापक पद पर नियुक्त अध्यापकों की संविदा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन के विकल्प पत्र लिए जाएं व पुरानी पेंशन इनको भी प्रदान की जाएं। एमडीएम में कन्वर्जन कास्ट का पैसा व फलों का पैसा विद्यालयों में समय से न पहुंचने से एमडीएम बनवाने में अध्यापकों को बहुत ही परेशानी होती है। अतः समय से कन्वर्जन कास्ट व फलों का पैसा से भेजा जाए । अत्यधिक महंगाई को देखते हुए कन्वर्जन कास्ट व फलों की परिवर्तन लागत बढ़ाई जाए। 2023 में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण में जिले में आए शिक्षकों का बोनस व एरियर(2023) का शीघ्र भुगतान कराया जाएं। ब्लॉक स्तरिय बैठकों में मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्ष व मंत्रियों को आमंत्रित किया जाए। बी आर सी समन्वक के पदों पर पूर्व में कार्यरत रहे है,उन अध्यापकों के उपार्जित अवकाश मानव संपदा पोर्टल पर अंकित कराए जाएं । जो अध्यापक निलंबित हैं,उन्हें बहाल किया जाएं, और जो अध्यापक बहाल हो चुके हैं लेकिन अभी तक उनको विद्यालय का आवंटन नहीं हुआ है उन्हें विद्यालय आवंटित किए जाएं। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जिला मंत्री अरविंद राजपूत ,ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे,ब्लॉक मंत्री भाग्यनगर बुद्ध पाल यादव,ब्लॉक संयोजक पंकज तिवारी,सहार लाखन सिंह यादव,एवं अन्य कई अध्यापक मौजूद रहे।

वकील से भिड़ने पर सिपाही सस्पेंड

कार्यालय संवाददाताऔरैया

घटनास्थल पर पहुंचे वकीलों से वार्ता करते कोतवाल। अमृत विचार

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरसेन निवासी एक अधिवक्ता के साथ सिपाही ने अभद्रता कर हाथापाई कर दी। जब अधिवक्ता ने यह बात अपने साथियों को बताई तो वकील आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए। इसके बाद सीओ और कोतवाल मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके बाद वकील मान गए।

भरसेन गांव निवासी सोनल सिंह मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे अपने घर से निकलकर कचहरी की ओर जा रहा था। जैसे युवक कखावतू के समीप स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास पहुंचा कि तभी आगे जा रही यूपी 112 की गाड़ी ने ब्रेक लगा दिए जिससे सोनल सिंह की बाइक फिसल गई। सोनल सिंह ने बताया की इस पर उसने शिकायत की तो सिपाही शिवम सिंह उससे अभद्रता करने लगा। इसके बाद हाथापाई पर उतर आया। सोनल सिंह ने कचहरी में आकर यह बात अपने अधिवक्ता साथियों को बताया तो वकील आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतर आए। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी द्वारा उसकी पिटाई की गई है। इसके बाद सीओ एमपी सिंह व कोतवाल भूपेंद्र सिंह राठी पहुंचे। सीओ ने निलंबन का आश्वासन दिया। इसके बाद वकील मान गए। कोतवाल भूपेंद्र राठी ने बताया की सिपाही के निलंबन की रिपोर्ट भेजी गई है। वहीं एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि एसपी अभिजीत आर शंकर ने सिपाही की निलंबित कर प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं।

● नाराज अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतर जताया था आक्रोश

बकरी चरा रहे लड़के को पीट दिया, रिपोर्ट दर्ज

अजीतमल,औरैया। बकरी चराने के दौरान विवाद के चलते मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के खेतुपुर हाफिजपुर निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र नाथूराम ने अजीतमल कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि उनका पुत्र ओम जी उम्र 13 वर्ष 21 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे बकरी चरा रहा था तभी पड़ोसी गांव उमेदपुर के लोगों ने पुत्र के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी मारपीट में बचाने पहुंचे ओम जी के भाई मोनू को भी नामजद लोगों ने पीटा ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रंजीत पुत्र रामलाल ,आलोक पुत्र नरेंद्र तथा रमन लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ऑनलाइन ठगी के तीन लाख रुपए पीड़ितों को कराए वापस

कार्यालय संवाददाता,औरैया

एसपी अभिजित आर शंकर के साथ खड़े ऑनलाइन ठगी के पीड़ित।

अमृत विचार। जिले के साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के तीन लाख रुपए पीड़ितों के वापस कराए। रुपए मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस का धन्यवाद दिया।

एसपी अभिजित आर शंकर ने बताया कि साइबर थाना में साइबर फ्रॉड कर रुपए निकालने की शिकायत आई थी। जिस पर साइबर थाना प्रभारी दीपक कुमार और साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड के तीन लाख रुपए पीड़ितों के वापिस दिलाए। जिसमें श्यामवीर सिंह के 98 हजार, पंकज पांडेय के पचास हजार,फफूंद के आरक्षी सुखवीर के पांच हजार,विनय कुमार कुदरकोट के 50 हजार, सतेंद्र सिंह ऐरवाकटरा 35 हजार, शिवराम उमराव के 33 हजार और कृष्ण कांत औरैया के 30 हजार रुपए वापस कराए। एसपी ने सभी पीड़ितों को कार्यालय बुलाकर उनकी धनराशि वापस कराई। इस पर सभी पीड़ितों ने पुलिस का धन्यवाद किया और एसपी का भी आभार जताया।

● रुपये वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

दिए निर्देश | विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के साथ आधारभूत ढांचे को भी करें मजबूत

परिषदीय विद्यालयों के समग्र विकास को बढ़े कदम

कार्यालय संवाददाता,औरैया

कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में मिशन ज्योतिर्गमय योजनान्तर्गत कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद के परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक माहौल और भौतिक ढांचे में व्यापक सुधार करने के लिए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अध्यापकों के साथ बैठक की। इस अभियान के प्रथम चरण में चयनित विद्यालयों में बच्चों के समग्र विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और आधारभूत ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत शिक्षकों की ट्रेनिंग और अन्य आवश्यक उपायों पर भी विचार किया गया है ताकि शिक्षा के स्तर में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में कार्ययोजना बनाने तथा शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को सौंपी। कार्य की प्रगति की समीक्षा में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए नवाचार अपनाने, छात्रों की जरूरतों के अनुसार शिक्षण विधियों को अद्यतन करने और शिक्षकों की नियमित प्रशिक्षण प्रक्रिया पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बच्चों में रचनात्मकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। बैठक में चयनित विद्यालयों के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए फर्नीचर, शौचालय, पेयजल और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता से विकसित करने का निर्णय लिया गया। यह भी तय किया गया कि अभियान की प्रगति की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी ताकि लक्ष्य समय पर हासिल किए जा सकें। बच्चों के मानसिक, शारीरिक और शैक्षिक विकास के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जीवन कौशल सत्रों का आयोजन भी किया जाए।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान सभी शिक्षकों और संबंधित अधिकारियों से मिशन के उद्देश्यों को गंभीरता से अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं ताकि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। बैठक में डायट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत, एसआरजी सुनील दत्त राजपूत, एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी और डायट प्रवक्ता निधि अवस्थी आदि मौजूद रहीं।

औरैया मंडी के सभापति के पिता की जेब काट कर 50 हजार किए पार

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में अपनी ससुराल आए औरैया मंडी सभापति के पिता की जेब काट कर टप्पेबाज ने उस समय 50 हजार रुपये पार कर दिए। वह अपने रिश्तेदार को देखने ई-रिक्शे से शास्त्री चौक जा रहे थे। सूचना पर पहुंची बर्रा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

औरैया कोतवाली थाना क्षेत्र के रुहाई मिश्रा मार्केट निवासी बुजुर्ग राजीव मिश्रा बर्रा दो स्थित 80 फीट रोड में रहने वाले अपने साले के घर आए थे। इलाहाबाद बैंक के पास से ई-रिक्शे में बैठकर शास्त्री चौक की ओर जा रहे थे। कुछ आगे चलने पर एक युवक पास में आकर बैठा और कुछ दूर ही चलने के बाद रिक्शे से उतर कर पीछे से आ रहे बाइक सवार के साथ बैठकर भाग निकला। शक होने पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बुजुर्ग ने जेब में हाथ डाला तो घटना का पता चला।

बच्चों को समझाएं पढ़ाई का महत्व

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अभिभावक-शिक्षक बैठक में आए अभिवावक। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के तहत प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर सहार में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराना था। बैठक की अध्यक्षता इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष त्रिपाठी ने की, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति और प्रदर्शन को सुधारने के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की।

सहायक अध्यापक राजकुमार ने अभिभावकों से कहाकि वे बच्चों को निर्धारित समय पर और यूनिफॉर्म में नियमित रूप से विद्यालय भेजें। सहायक अध्यापिका राखी सोनी ने बच्चों में अनुशासन और पढ़ाई की आदतें विकसित करने पर जोर दिया और अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को सुबह जल्दी उठने और नियमित पढ़ाई का महत्व समझाएं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षामित्र रामकुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षण स्टाफ के साथ कई अभिभावक भी मौजूद रहे, जिनमें राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार, कोमल, सीमा, पुष्पा, उपासना, अब्दुल हमीद, सुभाष, कैलाश, रमेश, प्रेमनारायण, सरोज देवी, आलोक, लज्जावती, दिलीप, यतीन्द्र, शिवकुमार, गुड्डीदेवी, जितेंद्र, रेखादेवी, रामदेवी, राजरानी, ममता, सुशीला, रामविलास, शिवकांती, इंदलसिंह, ऊषा, अलका, मीना, रिंकी, सोनम और लक्ष्मी शामिल थे।अभिभावकों और शिक्षकों के बीच इस संवाद से बच्चों के शैक्षणिक विकास के नए मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई। बैठक में अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर सभी ने सहयोग देने का आश्वासन दिया।

पूर्व विधायक के घर फायरिंग सोलर पैनल फटा, रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर के जहानाबाद से विधायक रहे हैं आदित्य पांडेय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित का आरोप, छत पर मना रहे थे करवाचौथ तभी चलाई गई गोली

अमृत विचार। बर्रा थानाक्षेत्र में करवाचौथ के दिन फतेहपुर के जहानाबाद के पूर्व विधायक के घर पर लगे सोलर पैनल में तेज धमाका हुआ। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली कारतूस बरामद किया है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि उनके घर पर गोली चलाई गई है। पूर्व विधायक ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई।

एमआईजी बर्रा 2 सेक्टर 3 निवासी आदित्य पांडेय जिला फतेहपुर के जहानाबाद से वर्ष 2007 में विधायक रहे हैं। उन्होंने बर्रा थाने में दर्ज एफआईआर में बताया कि वह करवाचौथ वाली रात 8.20 बजे पत्नी और बेटे के साथ घर की छत पर चन्द्रपूजन करने के लिए गए थे। पूजन के बाद जैसे ही वह नीचे आने के लिए जीना उतर रहे थे। उसी दौरान एक जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। देखा कि छत पर सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गया था। एक 315 बोर का खोखा (खाली कारतूस) पास में पड़ा था। पूर्व विधायक आदित्य पांडेय के अनुसार उन्हें तमाम राजनीतिक व आपराधिक लोगों से जान-माल का खतरा है। इसी से उनकी हत्या की कोशिश की गई है। इस संबंध में बर्रा इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि उस रात बहुत पटाखे जलाए गए थे। हो सकता है कि उसी में किसी ने फायरिंग की हो। उनका घर चार मंजिल का है। फोरेंसिक टीम ने जांच में बताया कि छत से 315 बोर का खोखा बरामद हुआ है। इस मामले में एडीसीपी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व विधायक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना वाली रात के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एंबुलेंस कर्मी की सूझबूझ से हुआ सुरक्षित प्रसव

संवाददाता अमौली फतेहपुर

- किलकारी गूंजने पर परिजनों ने जताया आभार

अमृत विचार। अमौली ब्लॉक के खादरी गांव के निवासी महिला को मंगलवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर 102 एंबुलेंस बुलाई गई। इसमें गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ता खराब होने की वजह से महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर ईएमटी ने सड़क किनारे एंबुलेंस खड़ी सूझबूझ व ऑनलाइन चिकित्सक डॉ रस्तोगी व आशा की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। उसके बाद ईएमटी पंकज कुमार ने जच्चा बच्चा को नजदीकी सामुदायिक स्वाथ्य केंद अमौली में भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर परिजनों एवं अस्पताल स्टाफ ने ईएमटी व पायलट की प्रशंसाकी।

एंबुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि 102 सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है। 102 एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं व दो साल तक के बच्चों को घर से सरकारी अस्पताल ले जाती है और वापस घर भी छोड़ती है। आकस्मिक स्थिति के लिए एम्बुलेंस में डिलीवरी किट उपलब्ध रहती है और एम्बुलेंस स्टाफ इसके लिए प्रशिक्षित है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संस्था द्वारा 24 घंटे ऑनलाइन चिकित्सक उपलब्ध रहते है। डिलीवरी के मामले में सभी को 102 एम्बुलेंस का प्रयोग करना चाहिए। वहीं, 108 एम्बुलेंस सेवा से किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में सरकारी अस्पताल जाने के लिए एंबुलेंस की मदद ली जा सकती है। यह सेवा भी पूरी तरह से निःशुल्क है।

जहानाबाद के स्थानांतरित थानाध्यक्ष को स्टाफ ने दी विदाई

जहानाबाद फतेहपुर। जहानाबाद थानाध्यक्ष अनिरूद्ध द्विवेदी का तबादला अपराध शाखा हो जाने पर मंगलवार को थाना परिसर में विदाई समारोह हुआ। उन्हें माला पहनाकर एवं उपहार देकर जहां विदा किया वहीं उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। स्थानांतरित उपनिरीक्षक ने सभी को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों का तबादला किया है। जिसमें जहानाबाद थानाध्यक्ष अनिरूद्ध द्विवेदी भी शामिल थे। जैसे ही यह खबर जहानाबाद थाने के स्टाफ को लगी तो उनके बीच मायूसी छा गई। मंगलवार को स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया ।

नहर से बरामद शव की हुई शिनाख्त

बकेवर, फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के दिलावलपुर बेरांव नहर से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 24 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। जिसकी शिनाख्त मृतक के परिजनों ने गुड्डू उर्फ ओम प्रकाश पुत्र स्व. सिपाहीलाल निवासी जगराजपुर थाना सिवली जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई।

दो दिन पूर्व वह घर से लापता हो गया था। जिसकी तलाश रिश्तेदारों में की जा रही थी। लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। इधर पुलिस ने उसके मोबाइल में मिली फोटो के आधार पर उसकी खोज शुरू की। यह फोटो परिजनों तक पहुंची। इस पर शिवली से पहुंचे मृतक के परिजनों ने उसकी शिनाख्त पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर की है। परिजनों ने बताया कि मृतक चार दिन पूर्व बाहर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक अपने कुछ साथियों के साथ वह घर से निकल गया और इसके बाद नहीं लौटा।

हज यात्री को बधाई देते कमेटी के लोग। अमृत विचार

खामियों को दुरुस्त करेगी कमेटी

संवाददाता फतेहपुर

- ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

अमृत विचार। ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी के खजांची हाजी खुर्शीद आलम के हज से लौटने के कमेटी ने उन्हें मुबारक बाद दी। बाद में बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोईन चौधरी के अलावा जनरल सेक्रेटरी वारिस उद्दीन सहित तमाम पदाधिकारियों ने बैठक में शिरकत की। सर्वप्रथम हाजी खुर्शीद आलम का सभी ने माला पहनाकर इस्तकबाल किया तत्पश्चात विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि कमेटी आने वाले समय में धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाएगी और जो खामियां होंगी उन पर सभी लोगों से मदद लेकर दुरुस्त कराने का काम किया जाएगा। ताकि धार्मिक कार्यक्रम अच्चे से आयोजित किए जा सकें। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष समी खां, मीडिया प्रभारी कफील अहमद, इंतेजामकार फरीद खां, संदेशवाहक रियाज अहमद के अलावा सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

रंगोली स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया हुनर

खागा,संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खागा में मंगलवार को मिशन शक्ति पर आधारित कार्यक्रम एवं शिशु मंदिर के कक्षा तृतीय से लेकर पंचम की बहनों की रंगोली प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन से हुआ।

प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में निखार लाती है। इसलिए सभी बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का प्रयास करना चाहिए। सरकार द्वारा आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि सरकार प्रत्येक स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम सभी महिलाओं को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विद्यालय में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता की संयोजक स्वाति श्रीवास्तव ने चार-चार बच्चों की टोली में रंगोली बनाने का प्रस्ताव किया। सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। निर्णायक के रूप में विकास सिंह एवं सुधा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में अनुपमा तिवारी, अनुराधा सिंह, रिया गुप्ता, कशिश गुप्ता, अंशिका मौर्य, काव्या साहू, पंजिका सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वैदिक गणित व सांस्कृतिक महोत्सव में गणित प्रयोग में क्षेत्र में आशुतोष यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने उन्हें मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य शिशु विद्या मंदिर परिवार की तरफ से भैया को शुभकामनाएं दी। अन्य बच्चों के लिए कहा कि वह भी इस प्रकार प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

प्रहार का माध्यम बनी आरटीआई

फतेहपुर। आरटीआई के माध्यम से विकास कार्यों को तेजी मिल रही है। युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा पिछले 05 सालों में 200 से अधिक आरटीआई लगा चुके हैं। इतना ही नहीं उन्होंने प्रेरित कर 10 से अधिक आरटीआई कार्यकर्ता भी खड़े कर दिए हैं। उनके आरटीआई का बड़े पैमाने पर असर भी देखने को मिला है। कृषि विभाग, नहर विभाग व वन विभागो मे भ्रष्टाचार को उजागर करने मे आरटीआई बड़ी भूमिका निभा रही है। ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आरटीआई के प्रारूप फेसबुक व व्हाट्सएप पर डालकर लोगों को जानकारी नि:शुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। बड़े पैमाने पर जन सूचना अधिनियम 2005 की जानकारी युवाओं के साथ साझा कर आने वाले समय में इसका प्रभाव सभी विभागों में दिखाने वाला।

युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा।

किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर घूरी में मंगलवार की सुबह पिता की डांट से क्षुब्ध 14 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव वापस चले गए। जानकारी के अनुसार अब्दुल्लापुर घूरी गांव निवासी अभिमन्यु ने आज सुबह अपनी पुत्री करिश्मा को किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल आए। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। किशोरी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गए।

कैंपस प्लेसमेंट शिविर व काउंसलिंग कार्यशाला 25 को

फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी हर्ष लालवानी ने बताया कि शासन, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के संकल्प हर हाथ, हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 25 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खागा में कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन होना चाहिए। कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर में क्वेस कोर्प लिमिटेड द्वारा-टाटा मोर्टस, पन्तनगर हेतु आईटीआई (दो वर्षीय टेड) उर्तीण, आयु 18 से 23 वर्ष के पुरुष/महिला अभ्यर्थियो का 11558 रूपए प्रतिमाह वेतन एवं ग्लोबल ऑटोटेक लिमिटेड नोएडा हेतु आईटीआई (सभी ट्रेड) व डिप्लोमा (सभी टेड) उर्तीण आयु 18 से 28 वर्ष के पुरुष अभ्यर्थियो का 13500 रूपए प्रतिमाह वेतन के लिए चयन कर सेवायोजित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180-298602 पर प्राप्त कर सकते हैं।

एक्सिस बैंक की कलक्टरगंज शाखा का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि।

कलक्टरगंज में खुल गई एक्सिस बैंक की नई शाखा

फतेहपुर। बैंकिंग के क्षेत्र में अपना अलग स्थान रखने वाली एक्सिस बैंक की एक नई शाखा शहर के कलक्टरगंज इलाके में खुल गई हैं। मंगलवार को अतिथियों व बैंक अधिकारियों ने दीप जलाकर व फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम में बैंक की खूबियों की विस्तार से जानकारी दी गई। एक्सिस बैंक की कलक्टरगंज शाखा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता डा. ज्ञानेन्द्र सचान ने शिरकत की। इसके अलावा बैंक सर्किल हेड कानपुर सचिन श्रीवास्तव, लाइबिलिटी हेड कानपुर आशीष मिश्रा, कलक्टरगंज शाखा प्रबंधक इरशाद बेग, एलडीएम फतेहपुर गोपाल कृष्ण ने शिरकत की। अतिथियों ने सर्वप्रथम शाखा परिसर का फीता काटकर उद्घाटन किया तत्पश्चात बैंक अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बैंक अधिकारियों ने बैंक की प्रमुख सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि यह शहर क्षेत्र में दूसरी बैंक शाखा है और जिले की चैथी शाखा है। बैंकिंग के क्षेत्र में कर्मचारियों की मदद से ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। बैंक में नए खातों के साथ-साथ ऋण की भी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, अनिल वर्मा, प्रदीप गर्ग, रोहताभ सोलंकी, सुशील चंदेल, कलक्टरगंज वार्ड के सभासद अवशेष जायसवाल भी मौजूद रहे।

आदमपुर में स्वास्थ्य शिविर लगा

फतेहपुर। तेलियानी ब्लॉक की ग्राम पंचायत आदमपुर में स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, बाल विकास पुष्टाहार विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर व आयुष्मान शिविर का सफल आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अतुल श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत अरविंद पटेल, सीडीपीओ कन्हैया लाल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविरों व आयुष्मान शिविर का सफल आयोजन हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 61 लोगों की मधुमेह व ब्लड प्रेशर की जांच की गई जबकि 149 लोगों की सामान्य बीमारियों की जांच की गई। विशेष ध्यान गर्भवती महिलाओं पर दिया गया। 11 एनीमिया जांच, 9 लोगों की मलेरिया, 9 की टाइफाइड जांच गई। जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ ही 11 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने 49 लोगों को पोषण परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मुकेश शर्मा, डा. विपिन, सीएचओ दिगंबर, चीफ फार्मेसिस्ट आदर्श, एएनएम लक्ष्मी, एलटी विशाल शर्मा, बृजेश कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान विद्या देवी, ग्राम पंचायत सहायक सत्यम पटेल, पिरामल फाउंडेशन की टीम ने अहम योगदान दिया जिससे ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सका। बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया। स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। जहां उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शिविर के सफल आयोजन से गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की गई।

बच्चों को होम्योपैथिक दवा खिलाते रेडक्रॉस चेयरमैन डा. अनुराग श्रीवास्तव।

डेंगू से बचाव का बड़नपुर में चलाया अभियान

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। डेंगू के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए बुधवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने डेंगू बचाव अभियान बड़नपुर में चलाया।

जिसके अंतर्गत श्री चतुर्भुज बाबा मान सिंह शिक्षा मंदिर के 165 व श्रीराम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 325 कुल 490 बच्चों को डेंगू व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होम्योपैथिक औषधि का निःशुल्क वितरण किया। रेडक्रास चेयरमैन डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने हेतु समझाया क्योंकि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर हम बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। पीने के पानी को उबालकर पीएं कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें क्योंकि रुके हुए पानी में मच्छरों का जन्म होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित सिंह, अर्जुन गुप्ता सहित प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव, सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

बाबू सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलने पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता फतेहपुर

- जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमृत विचार। वाराणसी में बाबू सम्पूर्णानंद स्पोट्र्स स्टेडियम के नवीनीकरण के बाद उसका नाम बदल देने पर मंगलवार को कांग्रेसियों ने कचेहरी प्रांगण में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा गया कि काशी के प्रतिष्ठित स्टेडियम से जुड़ा बाबू संपूर्णानंद जी का नाम हटाना बहुत ही शर्मनाक है। काशी के गौरवशाली विरासत का अपमान है। ज्ञापन में स्टेडियम का नाम पुनः बहाली करते हुए बाबू संपूर्णानंद स्टेडियम ही रहने देने की मांग की। कहा बाबू संपूर्णानंद ने ही बनारस का नाम बदलकर वैदिक नाम वाराणसी रखा था। वह एक ईमानदार राजनीतिज्ञ के साथ साथ सच्चे देश भक्त थे। इसलिए स्टेडियम से उनका नाम हटाना भाजपा की ओछी राजनीति का प्रमाण है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने भाजपा की नाम बदलो राजनीति की तीखी आलोचना की। कहा कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं से अंजान रहते हुए पूरे देश में अपना नाम छापना चाहती है। बाबू संपूर्णानंद जी के प्रति काशी नगरीवासियों की अटूट श्रद्धा है। कांग्रेस पार्टी उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। विरोध प्रदर्शन में प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने भी नवीनीकरण की आड़ में मोदी जी द्वारा स्टेडियम का नाम बदलने की कार्यवाही को वाराणसी वासियों की भावनाओं पर कुठाराघात करार दिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता महेश द्विवेदी, संतोष कुमारी शुक्ला, अशीष गौड, राजन तिवारी, पूर्व अध्यक्ष मोहसिन खान, ओम प्रकाश गिहार, पंडित रामनरेश महाराज, शोभा दुबे, शब्बीर अहमद, हम्माद हुसैन, शाहरुख खान, अभिषेक प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

एएसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

सड़क हादसों में पिता-पुत्र व पुत्री समेत 4 घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान पिता-पुत्र व पुत्री समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव निवासी रमाकांत पुत्र कामता प्रसाद 50 अपने 23 वर्षीय पुत्र संदीप एवं 25 वर्षीय पुत्री दिव्या पत्नी मोहित के साथ बाइक में सवार होकर शहर किसी काम से आ रहे थे। जैसे ही ये लोग नऊवाबाग के समीप पहुंचे तभी अचानक बाइक का अगला टायर फट जाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवां गांव निवासी स्व0 राजाराम का 47 वर्षीय पुत्र राजकुमार घर के समीप बाइक के पास खड़ा था। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया।

सौंपा ज्ञापन | जिलाधिकारी से मिले सामाजिक कार्यकर्ता, बोले -शीघ्र हटवाया जाए अतिक्रमण

मंदिर की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। भिटौरा रोड स्थित भूमिधरी जमीन पर बने धार्मिक स्थल शिवमंदिर की भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवाए जाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार मौर्य पुत्र स्व. गया प्रसाद मौर्य निवासी रामगंज पक्का तालाब ने बताया कि वर्ष 2012 में भिटौरा रोड स्थित आराजी नं. 587 व 588 कुल रकबा 0.2781 हे. के भूमिधर स्वामी ईश्वर सहाय, कृष्ण सहाय, ओम सहाय पुत्रगण शिवदर्शन निवासीगण कटरा अब्दुल गनी से जरिए रजिस्टर्ड बैनामा क्रय किया था। भूमिधरी गाटा सं. 587 पर ईश्वर सहाय आदि के पूर्वजों ने शिव मंदिर व कुंआ का निर्माण कराया था जो जीर्ण-शीर्ण हालत में था। जिसे जमीन का बैनामा कराने के पश्चात मंदिर के चारों तरफ चबूतरा का निर्माण कराया व मंदिर व कुएं का जीर्णोद्धार कराकर मंदिर के चारों तरफ पर्याप्त जगह परिक्रमा आदि के लिए छोड़कर शेष भूमिधरी में नक्शे के मुताबिक प्लाटिंग कराकर न्यू इन्द्रानगर कालोनी बसाई थी। यहां पर प्लाट के दक्षिण स्थित शिवमंदिर के चारों तरफ परिक्रमा मार्ग व हवन स्थल निर्माण के लिए छोड़ी गई जमीन पर नाजायज कब्जा करने की नियत से दक्षिणी दीवार से चोरी-चोरी दरवाजा व खिड़की व गेट लगा लिया। मंदिर की जमीन में रेलिंग लगाकर अवैध कब्जा कर लिया। कई बार इसकी शिकायत की गई। कई बार उसके साथ गाली-गलौज की गई। कब्जाधारी परिवार सहित लाइसेंसी बंदूक से उसे डराने का काम करते है। इतना ही नहीं उसकी राजनीतिक व सामाजिक छवि को धूमिल करने की नियत से सोशल मीडिया पर पोस्ट डाले गए। उसने मांग किया कि मामले को संज्ञान में लेकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जाए।

भिटौरा रोड स्थित शिव मंदिर। अमृत विचार

यातायात प्रभारी ने चलाया चेकिंग अभियान

फतेहपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी की ओर से चेकिंग अभियान चलाकर कई वाहनों के खिलाया कार्रवाई की गई। साथ ही प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित कर यातायात नियमों की जानकारी दी।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए यातायात प्रभारी लालजी सविता एवं यातायात पुलिस ने माल वाहक वाहन द्वारा सवारियों का परिवहन करने वाले वाहनों के अलावा दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई की गई।

बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। नाबालिक द्वारा वाहन चलाने वालों की सघनता से चेकिंग कर कार्रवाई की। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की।

कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

पत्रांक :- डी/2256/विक्रय (जोन-3)/का0वि0प्रा0/2024-25 दिनांक :- 17.10.2024

आवश्यक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत भवन सं0 471, ई0डब्लू0एस0, भूतल योजना-बर्रा-2 कानपुर क्षेत्रफल 47.64 व0मी0 भू-प्रयोग आवासीय का आवंटन कानपुर विकास प्राधिकरण कानपुर द्वारा दिनांक 25.07.1986 को श्रीमती बिमलेश कुमारी शाक्य पत्नी श्री वाई0एन0 सिंह शाक्य के पक्ष में किया गया था। उक्त भवन की मूल आवंटी श्रीमती बिमलेश कुमारी शाक्य की मृत्यु दिनांक 24.01.2023 को हो चुकी है, जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र से होती है। कार्यालय उप जिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0 1638/अह0 फौज0/2023 दिनांक 24.03.2023 के अनुसार मृतक स्व0 बिमलेश कुमारी शाक्य के परिवार में निम्न पारिवारिक सदस्य है:-

1. श्री यदुनाथ सिंह	मृतका का पति	उम्र 67 वर्ष
2. श्री भानू प्रताप सिंह शाक्य	मृतक का पुत्र	उम्र 37 वर्ष
3. श्री प्रशान्त कुमार शाक्य	मृतक का पुत्र	उम्र 33 वर्ष
4. तनुजा शाक्य	मृतक की पुत्री (विवा0)	उम्र 40 वर्ष

उपरोक्त के अलावा मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नही है। उपरोक्तानुसार पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र पर अंकित क्रम सं0 01, 02 व 03 के सदस्यों द्वारा क्रम सं0 04 पर अंकित सदस्य के पक्ष में अपना-अपना हक छोडने हेतु फोटोयुक्त सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके आधार पर आवेदिका तनुजा शाक्य पुत्री स्व0 बिमलेश कुमारी शाक्य द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन पर नामान्तरण किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति में अन्य कोई अपना हक रखता हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति समस्त साक्ष्यों सहित प्राधिकरण स्थित एकल विण्डों काउण्टर में उपलब्ध करा दें, समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा उक्त भवन की मूल आवंटी श्रीमती बिमलेश कुमारी शाक्य पत्नी श्री वाई0एन0 सिंह शाक्य का नाम पृथक करते हुये विरासतन के आधार पर तनुजा शाक्य पुत्री स्व0 बिमलेश कुमारी शाक्य के पक्ष में नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, इसके उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-3)

दुर्जन :स्वस्वभावेन परकार्ये विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक :वस्त्रभक्षक : ॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा कभी भी पेट भरने के लिए कपड़े नहीं काटता।

संपादकीय

जैव विविधता एवं संरक्षण

जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती के विरुद्ध जैव विविधता सबसे मजबूत स्वाभाविक रक्षा उपाय है। भूमि व महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र, कार्बन भंडारण का कार्य करते हैं और कुल कार्बन उत्सर्जन में से आधी सोख लेते हैं। जैव विविधता का मतलब है, सभी जीवित चीजों की विविधता, जैसे कि विभिन्न पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव, उनमें मौजूद आनुवंशिक जानकारी और उनके द्वारा बनाए गए पारिस्थितिकी तंत्र। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक संपत्ति की तरह है। जैव विविधता के नुकसान से 10 लाख जानवरों और पौधों की प्रजातियों पर अब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से कोलंबिया के कैली में सोमवार से शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (कॉप-16) विश्व में सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सम्मेलन के उदघाटन समारोह में ध्यान दिलाया कि समझना जरूरी है, यदि हम जीवन के सभी रूपों की रक्षा करें, तो हम अपनी रक्षा भी कर सकेंगे। भारत में जैव विविधता का महत्व इस वजह से है कि यहां दुनिया की कुल जैव विविधता का लगभग 7 से 8 प्रतिशत हिस्सा पाया जाता है। भारत विकास और जैव विविधता संरक्षण की अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। तेज आर्थिक प्रगति, शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार देश के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार खतरे में डाल रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, भारत को अपनी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्रक्रियाओं को मजबूत करने, व्यापक जैव विविधता मानचित्रण में निवेश करने और महत्वपूर्ण आवासों के संरक्षण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

दुनिया के सबसे अधिक विविधता वाले देशों में से एक के रूप में भारत को वैश्विक जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। देश की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय जैव विविधता और मानव कल्याण मिशन शुरू किया है। यह मिशन भारत एवं इसकी अर्थव्यवस्था को हरित करने, लोगों की भलाई के लिये प्राकृतिक पूंजी को बहाल एवं समृद्ध करने और अनुप्रयुक्त जैव विविधता विज्ञान में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए अंतःविषयक ज्ञान की शक्ति का दोहन करने का लक्ष्य रखता है। भारत में हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो-बर्मा क्षेत्र और सुंदरलैंड जैव विविधता हॉटस्पॉट हैं। जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा करके, भारत की समृद्ध और विविध वनस्पतियों के साथ जीवों का संरक्षण किया जा सकता है, जिससे वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण में योगदान मिल सकता है।

चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है।

पिछले दिनों मैं अपने मित्र का एक संप्रेषण पढ़ रहा था, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय चंद्र-निशा अवलोकन के बारे में बताया गया था। यह चांद को देखने के लिए एक आयोजन होता है। इसे पढ़कर मुझे अपने बचपन और बाद की चांद के विषय की कुछ कल्पनाएं, धारणाएं और तथ्य याद हो आए। बचपन में कभी-कभी यह प्रश्न तो मेरे मन में आता था कि पृथ्वी चांद को नीचे खींचती है तो क्या कभी यह चांद नीचे पृथ्वी पर गिर सकता है? और यदि ऐसा हो गया तब तो दोनों ही संसार नष्ट हो जाएंगे। अब मैं जानता हूं कि चांद को पृथ्वी पर गिरने से रोकने के लिए पृथ्वी और अन्य ग्रहों को सूर्य में गिरने से रोकने के लिए और सभी तारों को केन्द्र में इकट्ठा होने से बचाने के लिए उनकी गति उत्तरदायी होती है। उस गति से प्राप्त अपकेन्द्रीय बल एवं अन्य कारक इसके लिए उत्तरदायी होते हैं। प्रारंभिक रूप से वह गति कहां से आई होती है, यह जानना भी अत्यंत महत्वपूर्ण और रोचक होता है।

मैं तो बालक ही था जब ये प्रश्न मेरे मन में आते थे, लेकिन ये प्रश्न बहुत लंबे समय से मानव जाति के मन में आते रहे हैं और वह उनके उत्तर ढूंढने का प्रयत्न करती रही है। अपने कॉसमॉस के विषय में मनुष्य की धारणाओं का विकास पढ़ना एक बहुत रोचक अध्ययन है। यह जानना रोचक है कि कैसे पहले सूर्य को एक गर्म पत्थर माना जाता था, फिर कहा गया कि नहीं, वह उससे कुछ बड़ा है, फिर कहा गया कि वह और बड़ा है और वह मास्को शहर के लाल चौक (रेड स्क्वायर) के बराबर है। अब हम जानते हैं कि सूर्य इतना बड़ा है कि उसमें 13 लाख पृथ्वियां समा सकती हैं। अब हम जानते हैं कि 'नीचे' और 'ऊपर' केवल सापेक्ष शब्द हैं। यह कोई विशेष दिशाएं नहीं होती हैं-यह गुरुत्वाकर्षण के केन्द्र और उसके सापेक्ष हमारी स्थिति पर निर्भर करती हैं। चांद की सतह पर खड़े होकर हम 'नीचे' पृथ्वी की ओर नहीं गिर सकते हैं। चांद पृथ्वी के चारों ओर क्यों घूमता है और क्या वह कभी पृथ्वी पर गिर सकता है? हम जानते हैं कि वस्तुतः चांद पृथ्वी पर इन अर्थों में निरंतर

चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं, इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4 .5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं।

गिर रहा है कि वह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। वह पृथ्वी की ओर गिर रहा है, लेकिन पृथ्वी के गोल होने और अपनी क्षैतिज गति के कारण पृथ्वी से टकरा नहीं रहा है। वस्तुतः चांद पृथ्वी से दूर ही जा रहा है। पृथ्वी से उसकी औसत दूरी निरंतर बढ़ रही है। मैं इस बात के विस्तार में नहीं जाऊंगा, लेकिन यह एक तथ्य है कि चांद और पृथ्वी के एक-दूसरे पर गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव के कारण इन दोनों पिंडों में ही ज्वार-भाटीय तरंगें उत्पन्न होती हैं। इन तरंगों के कारण इन पिंडों के घूमने में प्रतिरोध पैदा होता है और इनकी अपने अक्ष पर घूर्णन की गति कम होती जाती है।

इस समय चांद पृथ्वी के साथ ग्रैवीटेशनली या टाइडली लॉक्ड स्थिति में है। यही कारण है कि चांद का अपने अक्ष पर और पृथ्वी के चारो ओर घूमने का समय बिल्कुल बराबर- 27.322 दिन है। यही कारण है कि हम चांद का केवल एक पक्ष देख पाते हैं। हां चांद के पृथ्वी के चारो ओर घूमने के परवलयाकार होने के कारण चांद की सतह में पृथ्वी की सतह के सापेक्ष एक दोलन होता है, जिसके कारण हम उसकी सतह का 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भाग देख पाते हैं। ऊर्जा के संरक्षण के नियम के अनुसार पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने के जड़त्व आघूर्ण में जो कमी आती है वह उसके और चांद के बीच घूर्णीय कोणीय जड़त्व आघूर्ण के बढ़ाने से पूरी की जा सकती है। अब क्योंकि पृथ्वी और चांद की मात्रा तो निश्चित ही है इसलिए यह आघूर्ण उनके बीच की दूरी बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकता है। यह कहने का अर्थ है कि पृथ्वी और चांद की बीच की दूरी निरंतर बढ़ रही है। यह लगभग तीन सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है या हम कह सकते हैं कि यह लगभग ढाई मिलीमीटर चांद के पृथ्वी के चारो ओर प्रति चक्कर बढ़ रही है। हम कह सकते हैं कि जैसा कि मैं अपने बचपन में डरता था, उसके विपरीत, चांद पृथ्वी पर गिर नहीं रहा है, बल्कि यह हमसे दूर ही जा रहा है। हां यदि ये दोनों खगोलीय पिंड विद्यमान रहे तो अब से बहुत समय बाद ये एक-दूसरे के पास आना शुरू करेंगे। इसके अपने कारण हैं। ये एक-दूसरे के कितने पास हो जाएंगे और ऐसा कब होगा और उसके एक-दूसरे पर क्या प्रभाव पड़ेंगे, इनको समझा जा सकता है।

हमारे सबसे पास के इस खगोलीय पिंड के बारे में अनेक रोचक तथ्य हैं। हम जानते हैं कि चांद पृथ्वी के चारों ओर एक इलिप्टिकल ऑर्बिट में घूमता है, जिसमें यह कभी पृथ्वी के पास होता है और कभी दूर। इसकी पृथ्वी के सबसे पास की दूरी लगभग 3,60,000 किलोमीटर और सबसे अधिक दूरी लगभग 4,05,000 किलोमीटर होती है। अपनी कक्षा में पृथ्वी से अपनी दूरी के अनुसार इसकी गति तेज और धीमी होती रहती है। चांद पृथ्वी के चारो ओर एक चक्कर 27.322 दिन में लगा लेता है, किंतु पृथ्वी की सतह के किसी स्थान पर देखी जा रही इसकी एक कला से उसी कला तक पुनः आने में 29.5 दिन का समय लगता है। जैसे किसी स्थान पर एक पूर्णमासी से अगली पूर्णमासी 29.5 दिन में होगी। ऐसा इसलिए होता है कि पृथ्वी भी अपने अक्ष पर घूमती रहती है, उसका एक स्थान चांद के सापेक्ष आगे बढ़ जाता है और पृथ्वी के एक स्थान के सामने पुनः आने के लिए चांद को 27.322 दिन से अधिक समय लग जाता है।

चांद और पृथ्वी के बीच वास्तव में बहुत व्यापक संबंध है, इसमें अनेक रोचक तथ्य हैं। इसकी अपनी गणितीय व्याख्याएं हैं और इसको काफी अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। जब चांद का निर्माण अब से लगभग 4.5 अरब वर्ष पूर्व हुआ था, तब यह पृथ्वी के बहुत पास रहा होगा और इसके अनेक निहितार्थ हैं, अनेक प्रभाव हैं। पृथ्वी के पास होने पर इसका ज्वार-भाटीय प्रभाव भी बहुत अधिक रहा होगा। उसका प्रभाव पृथ्वी की भू-पर्पटी में रेडियोएक्टिव पदार्थों के इकट्ठे होने पर भी होता है। यह रेडियोधर्मी पदार्थ जीवित प्राणियों के जीन्स में म्यूटेशन्स पैदा करते हैं, जो नई जातियों के निर्माण में सहायक होते हैं। यह एक कारण हो सकता है कि पृथ्वी पर इतनी अधिक विभिन्न जीव-जातियां दिखाई पड़ती हैं।

चांद और पृथ्वी का यह संबंध बहुत रोचक है। बच्चों का वह चंदा मामा, वह सूत कातती बुढ़िया और खरगोशों वाला चांद, वह अपने लिए जाड़े की रात के लिए अपनी मां से एक कुर्ता सिलवा देने का अनुरोध करने वाली कविताओं का चांद, वह कवियों की कल्पनाओं और प्रेमियों की उपमाओं का चांद, वह 'चांद सा रोशन चेहरा' जैसे वाक्यांशों को जन्म देने वाला चांद, वह लोक-कथाओं में स्थान रखने वाला चांद, वह बच्चों की लोरियों में स्थान रखने वाला चांद "चंदा मामा दूर के, पुए पकाएं पूर के, आप खाएं थाली में, मुन्ने को दें प्याली में", वह सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके पृथ्वी पर चांदनी फैलाता हुआ चांद, अंतरिक्ष में हमारा सबसे पास का वह पड़ोसी और वस्तुतः हमारी पृथ्वी से ही जन्म लेने वाला पृथ्वी का पुत्र, जो हमारा मामा नहीं वरन हमारा भाई कहा जा सकता है, ऊबड़-खाबड़ और गड्ढों से भरी चट्टानों से बना हुआ वह चांद, जिस पर मनुष्य अपना झंडा गाड़ चुका है और चल चुका है। हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अगले कुछ वर्षों में वहां पर मानव की कॉलोनियां बस जाने का अनुमान भी है। उस चंदा मामा को देखकर अब मुझे ऐसा लगता है कि चंदा मामा अब दूर के नहीं हैं- अब वह 'टूर' के हैं - हम उन्हें हाथ बढ़ाकर छू सकते हैं, हम वहां 'टूर' पर जा सकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि चांद को देखने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय निशा का आयोजन किया जाता है।

प्रसंगवश

सनातन की समझ

सनातन इन दिनों एक बहु उद्धृत शब्द बन गया है। ज्यादातर लोग इसे हिन्दू धर्म (हिन्दुइज्म) के सीमित अर्थ में लेते हैं, मगर यह अपने में एक विराट वैचारिक व्यापकता समेटे हुए हैं। सनातन अपने में चिर प्राचीन और चिर नवीन है। चिर प्राचीन इसलिए कि इसके अतीत और उद्गम को हम स्पष्टतः अभी भी उद्घाटित नहीं कर पाए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

काल के प्रवाह में इसमें अनेक वैचारिक कोण, आचार-विचार और विमर्श जुड़ते रहे। सनातन में नित-निरंतर अन्वेषण का भी भाव समाहित है। हम कैसे जिएं, कैसे रहें, हमारा प्रेय श्रेय क्या हो? क्या सही है क्या गलत? क्या उचित क्या अनुचित? सभी कुछ सनातन की महायात्रा में समाहित होता रहा। शाश्वत भी इसी सनातन का ही पर्याय है। यह कब तक स्पंदित रहेगा कहा नहीं जा सकता। सृष्टि के समापन के साथ भले ही इसका लय हो जाए, इसके पहले तो नहीं। या यह भी कह लें कि सृष्टि का लय भले हो जाए यही सनातन तब भी शेष रहेगा और नव सृष्टि के उन्मेष को स्फुरण देगा। सनातन की प्रवाहमयी यात्रा निरंतर जारी है। कोई ठहराव नहीं। बस केवल सातत्य, इसी अर्थ में यह चिर नवीन है। विरोधाभासों, पारस्परिक विभिन्नताओं का समंजन ही नहीं, जहां समुच्चय है वही सनातन है। इसलिए ही एक धर्म के रूप में यह पूरे विश्व में अति विशिष्ट है, जहां विश्व के अनेक धर्म कट्टरता मूलक हैं, एक देव पूजक हैं सनातन का आह्वान है। सारे जहां में जो भी श्रेष्ठ हो वह हमें स्वीकार्य हो। यह हठवादिता को प्रश्रय नहीं देता।

यहां ठहराव की सड़ांध नहीं है। सब कुछ फ्रेश है, नव्य है, प्रदीप्त है। पथ प्रदर्शक है। यह वसुधैव कुटुंबकम को अपना ध्येय मानता है। समस्त जड़-चेतन में एक ही मूलस्थ भाव का दृष्टा है। यह अपने में वैदिक-अवैदिक किंतु तार्किक मान्यताओं को चार्वाक, महावीर बुद्ध सबको प्रतिष्ठित करता हुआ चरैवेति चरैवेति के संकल्प के साथ अग्रसर है। इतने गुण धर्म को समेटे कोई भी मान्यता क्या कभी मिट सकती है? यही कारण है कि तमाम आघातों के बाद आज भी सनातन जीवंत है। मानवता के कल्याण की यह अहर्निश यात्रा जारी है। हम अपने बहुविध योगदानों से इसे गति प्रदान करते रहें।

मनुष्य अन्य प्राणियों से भिन्न कैसे

अरस्तु ने मनुष्य की परिभाषा की है, लेकिन उससे पहले उन्होंने 'परिभाषा' की 'परिभाषा' की है। अरस्तु के अनुसार परिभाषा वह है, जो किसी वस्तु की अन्य वस्तुओं से समानता और भिन्नता बताए। इसी आधार पर मनुष्य की परिभाषा करते हुए उन्होंने कहा, मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह प्राणी है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों के समान है, लेकिन वह सामाजिक है, इस अर्थ में अन्य प्राणियों से भिन्न है। यह परिभाषा कहां तक उपयुक्त है? चींटियां, मधुमक्खियां, हिरण, हाथी ये सभी सामाजिक प्राणी हैं। कुछ अर्थों में इनकी सामाजिकता मनुष्य की सामाजिकता से बेहतर है।

मनुष्य-मनुष्य में जितना भेद पाया जाता है, उतना एक ही प्रजाति के अन्य किसी प्राणी में नहीं। एक ही नस्ल के दो आदमियों में जितना फर्क होगा, वह एक ही नस्ल के दो कुत्तों से बहुत ज्यादा होगा। ऐसा क्यों है? मनुष्य में मन और बुद्धि ज्यादा विकसित हैं (और यही उसकी परेशानी के सबब भी हैं)। शरीर की अपेक्षा मन को और मन की अपेक्षा बुद्धि को सूक्ष्म कहा गया है। सूक्ष्म में स्थूल से ज्यादा भिन्नता की गुंजाइश होती है। इसलिए मनुष्य की मानसिक संरचना में पशुओं की अपेक्षा भिन्नता का रेंज बहुत अधिक है।

भारतीय परंपरा में मनुष्यों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है- सत्वगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, लेकिन सभी सत्वगुणी एक ही ढांचे में ढले नहीं होते, न रजोगुणी और न तमोगुणी। रजोगुण की अपेक्षा सत्वगुण के अधिक सूक्ष्म होने से, सत्वगुणियों में अधिक श्रेणियां हैं, उनसे कम श्रेणियां रजोगुणियों में हैं और उनसे भी कम तमोगुणियों में, लेकिन कुल मिलाकर मनुष्यों की अनंत श्रेणियां हो जाती हैं। बात बस इतनी है कि


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है।

सत्वगुणी की निम्नतम श्रेणी रजोगुणी की उच्चतम श्रेणी से ऊपर रहेगी। सूक्ष्मता से गुणात्मक भिन्नता आती है तो स्थूलता से मात्रा या संख्या में वृद्धि होती है। किसी भी समाज में, किसी भी काल में, तमोगुणी की संख्या रजोगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी और उसी क्रम में रजोगुणी की संख्या सत्वगुणी से बहुत ज्यादा रहेगी। पुराने यूनान में ठीक ऐसा ही भेद तर्क, आत्मा, और भूख में किया जाता था।

दार्शनिकों में तर्क, सैनिकों में आत्मा और उत्पादकों में भूख प्रधान मानी जाती थी। प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक में शिक्षा की व्यवस्था केवल दार्शनिकों और सैनिकों के लिए की है। शुरू में दोनों को एक जैसी शिक्षा दी जाती है, बाद में सैनिकों में से कुछ चुने हुए लोगों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें दार्शनिक बनाया जाता है, जो प्रशासक भी होते थे। उच्च शिक्षा का उद्देश्य तर्क (सत्व गुण) को पहचानना और उसका विकास करना है। प्लेटो के आदर्श राज्य में दार्शनिक राजा की अवधारणा है। उसे किसी कानून की जरूरत नहीं होती, बल्कि कानून उसके लिए अनावश्यक बंधन साबित होगा। दार्शनिक राजा वह है, जिसमें अपने-पराए का भेद न हो। प्लेटो का विश्वास था कि सैनिक-शिक्षा पूरी होने के बाद सैनिकों में से ऐसे लोगों की पहचान की जा सकती है, जिनमें तर्क प्रधान हो और उन्हें उच्च शिक्षा देकर दार्शनिक राजा बनाया जा सकता है। प्लेटो का प्रसिद्ध वाक्य है-गुण ही ज्ञान है। दूसरे शब्दों में ज्ञान ही गुण है तो वे मानते थे कि वास्तविक ज्ञान और गुण एक ही हैं और मनुष्य की पात्रता पहचानकर और सम्यक शिक्षा देकर उसे ज्ञानी और गुणी (जो एक-दूसरे के पर्याय हैं) बनाया जा सकता है। यह कहना कठिन है कि मनुष्य के संबंध में यह त्रिवर्ग की अवधारणा प्राचीन भारत में यूनान से आई थी या यहां से यूनान गई थी, या दोनों जगह स्वतंत्र रूप से विकसित हुई थी।

परेशानी यह नहीं है कि तमोगुणी ज्यादा और सत्वगुणी कम हैं। परेशानी यह है कि सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और तमोगुणी अपने को सत्वगुणी समझते हैं। तमोगुणी के साथ क्या है कि वह अपने अलावा और सबको मक्कार समझता है, इसलिए अपने बारे में उनके विचारों की परवाह ही नहीं करता। उसे जो समझ में आता है, धड़ल्ले से करता जाता है। इसके विपरीत सत्वगुणी अपने को तमोगुणी और दूसरों को सत्वगुणी मानते हुए, दूसरों की बड़ी परवाह करता है और दुखी रहता है। "सुखिया सब संसार है, खावे और सोवे। दुखिया दास कबीर कि जागे और रोवे॥" तमोगुणी जब वेदांत पढ़ता है तो 'अहं ब्रह्मास्मि' तो तुरंत समझ जाता है, लेकिन 'तत्वमसि' समझने में नानी याद आ जाती है। दूसरी ओर सत्वगुणी 'तत्वमसि' पर ही अटका रह जाता है। बाप रे, कितना कठिन है और उसे 'अहं ब्रह्मास्मि' तक पहुंचने में जीवन लग जाता है। बिना तत्व मसि के हृदयंगम हुए 'अहं ब्रह्मास्मि' कितना खतरनाक हो सकता है, आज के कुछ बाबाओं के कृत्य से स्पष्ट हो जाएगा।

सोशल फोरम

आमने-सामने की आलोचना

किसी व्यक्ति के विषय में उसकी गैरहाजिरी में आलोचना करना हम सबको बहुत पसंद है। इसका आनंद अवर्णनीय है। इसे निंदा रस कहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने विवेक के अनुसार अपना व्यवहार निश्चित करता है। यह जरूरी नहीं कि उसका तरीका सबको पसंद आए। फिर उस पर टीका-टिप्पणी शुरू होती है। उचित-अनुचित पर तर्क दिए जाते हैं और बहस आरंभ हो जाती है।

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

यदि किसी के सामने उसकी आलोचना करने का साहस न हो या रिश्तों के बिगड़ने की बाधा न हो तो अपने मन का गुबार निकालने का यह एक मात्र तरीका है। वैसे, निंदा करने से दो फायदे होते हैं, प्रथम, इस प्रकार कुछ कह-सुन लेने से मन हल्का हो जाता है और द्वितीय, यह अत्यंत रोचक 'टाइम पास' खेल है इसलिए जिनके पास फुर्सत है, वे इसके निपुण खिलाड़ी होते हैं और जो व्यस्त हैं, वे कम शब्दों में कुछ कहकर या धीरे से मुस्कुरा कर इसका सुख प्राप्त कर लेते हैं। हम सब निंदा करने में बहुत आगे रहते हैं, लेकिन हम खुद इसे सहन नहीं कर पाते। किसी 'भेदिये' से अपने विषय में हो रही निंदा की जानकारी मिलते ही हमारे चेहरे की रंगत बदलने लगती है, कान गर्म होने लगते हैं और हमारे दिमाग में दूषित बातें जन्म लेने लगती हैं। कई बार हम अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने लगते हैं। हमारी यह सोच न्यायोचित नहीं है। कड़वाहट की तर्ज पर आमने-सामने की आलोचना किसी का भी हृदय भेदती है और उसे जिद्दी बनाती है। यदि किसी समूह में किसी व्यक्ति की निंदा हो रही हो तो उसे रोकें और लोगों को प्रेरित करें कि भूलों की चर्चा केवल भूल करने वाले के सामने की जाएं।

किसी के पीठ पीछे उसकी आलोचना करने से होने वाली हानियां अत्यंत घातक होती हैं। किसी की गलतियां आमने-सामने भी बताई जा सकती हैं। सबसे पहले उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें, फिर धीरे से 'सूगर कोटेड' कैप्सूल की तरह उसकी भूलों की ओर इशारा करें। ध्यान रहे किसी को भी दोषी ठहराने का हक आपको नहीं है। इस प्रकार उसकी गलतियों को सुधार का अवसर देकर हम उसके कार्यों तथा व्यवहार को सही दिशा दे सकते हैं। इससे हमारे संबंध और अधिक मधुर एवं प्रगाढ़ होते हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्रिया एक : प्रतिक्रियाएं भिन्न-भिन्न

हिंदू समाज में सामान्यतया एक पुरुष को एक स्त्री से समागम का ही वैधानिक और नैतिक अधिकार है, वह भी विधि विहित विवाह के माध्यम से। इससे इतर गर्हित और दंडनीय है, राज्य और समाज द्वारा। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "एको देवः केशवो वा शिवो वा, एका नारी सुंदरी वा दरी वा।" हालांकि व्यवहार रूप में विवाहेतर रति करने पर भिन्न-भिन्न मानदंड अपनाए गए हैं। साधारण व्यक्ति पर तो यह नियम सदा लागू रहा, किंतु लगता है देवताओं को इससे मुक्त रखा गया।

सूर्य और चंद्र ने क्रमशः पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई। ऋषियों पर भी शायद यह नियम लागू नहीं था, क्योंकि पाराशर ने निषाद कन्या सत्यवती (मत्स्यगंधा) से उसकी इच्छा के विपरीत कम आयु होते हुए भी नौका पर रति की, जिससे व्यास उत्पन्न हुए, लेकिन ऋषि सम्मानित बने रहे। इसके अलावा संतानोतपत्ति के लिए नारी यह क्रिया अन्य से करवा सकती थी और इस पद्धति को 'नियोग' कहते थे। बस उस बाहरी रतिकर्ता की नियुक्ति स्त्री के पति, पिता या भाई द्वारा होनी चाहिए और यथा संभव वह देवर या सपिंड वाला ही हो। शर्त यह भी है कि उस क्रिया में दोनों आनंद न लें, केवल संतानोत्पत्ति के सीमित उद्देश्य का ही लक्ष्य रखें। राजा ययाति की पुत्री माधवी का यौन शोषण कई लोगों ने किया। राजा ने तो उसे गालव ऋषि को भेंट कर दिया था। गालव को अपने गुरु विश्वामित्र को दक्षिणा में 800

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सूर्य और चंद्र ने क्रमश : पांडु पत्नी कुंती और गुरु पत्नी तारा से गमन किया, किंतु लोक पूज्य बने हुए हैं। इंद्र ने अहल्या और विष्णु ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी से छल करके अभिसार किया, किंतु उनकी पूजा और देवत्व पर आंच नहीं आई।

श्यामकर्ण घोड़े देने थे, जो उनके पास नहीं थे। इसके लिए उन्होंने क्रमशः तीन राजाओं को बारी-बारी से माधवी को सौंपा, जिन्होंने उसे रखकर एक-एक पुत्र उत्पन्न किया और वापस कर दिया। बदले में दो-दो सौ उस प्रजाति के घोड़े दिए। दो सौ देना फिर शेष रहा, तो इसके बदले विश्वामित्र ने खुद उसे रखा और दो सौ घोड़े लेना माफ कर दिया। पश्चात् वह फिर गालव के पास आ गई।

उत्तराखंड में अब तो विकास की किरण सर्वत्र पहुंच गई है, किंतु विगत में कुछ प्रथाएं रही हैं। स्टोवेल ने अपनी मैनुअल में वहां के रीति-रिवाजों पर प्रकाश डाला है। कहीं-कहीं पांडु प्रथा थी, जिसके चलते घर में ब्याह कर आई एक लड़की सभी भाइयों की पत्नी मान्य थी। इसे 'सज्जायत' भी कहा गया। एक अन्य प्रथानुसार वधू विवाहिता पति के अतिरिक्त एक सहायक पति भी रख सकती थी। वह वर्ष में एक बार मायके अपने कौमार्यावस्था के किसी प्रेमी से मिलने भी जा सकती थी। स्टोवेल मैनुवल की मान्यता काफी समय तक कानून जैसी रही।

टिकट बंटवारे पर खींचतान

आजकल महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनावों और कई राज्यों व चुनावों में टिकट बंटवारे को लेकर इंडी गठबंधन में जबरदस्त खींचतान चल रही है। इसके मूल का विश्लेषण करें तो महसूस होता है कि भाजपा को हराने के संकल्प से इंडी गठबंधन में विचारात्मकता कभी रही ही नहीं। इसलिए सत्ता में आने की अति महत्वाकांक्षा पाले इंडी गठबंधन दलों के सदस्य चुनाव के समय भाजपा से लड़ने से पहले चुनावी कुरुक्षेत्र में स्वयं महाभारत करते नजर आते हैं।

राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

चुनावी रण प्रारंभ होने से पहले ही हांफते-हांफते मैदान में पहुंचते हैं और बाद में फिर वही ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष देते हैं। अभी घोषित हुए चुनावों और पिछले एक वर्ष में इंडी गठबंधन बनने के उपरांत चुनावी नतीजों का विश्लेषण करने से तो यही निष्कर्ष निकलता है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के नाना पटोले और शिवसेना (उद्धव) के संजय राउत के बीच में टिकटों के लिए जो वाकयुद्ध चल रहा है वह क्या दर्शा रहा है, समाजवादी पार्टी के अबू आजमी और अखिलेश ने अपनी बारह टिकटों की ताल ठोक दी है, लेकिन उनसे कोई बात ही नहीं कर रहा। उधर भाजपा ने अपने 99 प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा बिना राष्ट्रीय जनता दल से बात किए 70 सीटों पर अपनी सहमति बना ली। इस पर राजद बिखर गया है और कह रहा है 20 सीट हमारे प्रभाव के इलाके में हैं, जहां हम लड़ना चाहते हैं। झारखंड में कुल 81 सीटें हैं, सत्तर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने सहमति कर ली है और केवल ग्यारह राजद व कम्युनिस्टों के लिए छोड़ी है। इसी बात पर इंडी में आपस में सिर फुटव्वल चल रही है, कैसे सुलझेगी किसी को नहीं पता। मध्य प्रदेश बुधनी उपचुनाव में भाजपा के सामने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव है। समाजवादियों ने बिना कांग्रेस से बात किए छह सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए और बाकी बची तीन सीटों में से दो मुश्किल सीटों पर कांग्रेस को लड़ने को कह रहे हैं। कांग्रेस कोप भवन में जाकर समाजवादियों से कह रही है कि सभी सीटों पर खुद लड़ लो हम दर्शक दीर्घा से तालियां बजाएंगे। उधर वायनाड में कांग्रेस के सामने कम्युनिस्ट लड़ रहे हैं और प्रियंका का मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। आप ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कह दी है। याद रहे दिल्ली में कांग्रेस और आप ने मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था और पंजाब में अलग-अलग। वाह क्या जबरदस्त गठबंधन है। चुनावी बिगुल बजने के बाद कुरुक्षेत्र के मैदान में जब एक पक्ष आपस में ही लड़ रहा तो सकारात्मक नतीजों की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?

सीएनजी के दाम बढ़ने की आशंका

अन्य दैनिक वस्तुओं के बढ़ते दामों से जूझ रहे लोगों को अब दिवाली से पहले ही सीएनजी की कीमत से झटका लग सकता है। सरकार ने सस्ती घरेलू गैस (एपीएम गैस) की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी कर दी है, जिससे सीएनजी फर्मों की लागत बढ़ेगी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसके चलते सीएनजी की कीमत प्रति किलोग्राम पांच रुपये या उससे ज्यादा बढ़ सकती है। सस्ती घरेलू गैस (एपीएम) भारत के कुछ खास इलाकों से निकाली जाती है और इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय दरों से कम होती है। कम कीमत होने से कंपनियों को अपनी लागत तय करने में मदद मिलती है, जिससे वे उपभोक्ताओं को कम कीमत पर सीएनजी दे पाती हैं, लेकिन हाल ही में एपीएम गैस की आपूर्ति में 17-20 फीसदी की कमी हुई है, जिससे कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसी कारण सरकार ने सस्ती गैस की आपूर्ति घटा दी है, जिससे सीएनजी की कीमतें बढ़ने वाली हैं। फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं, क्योंकि वे समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अगर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की जाती है तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ भविष्य की ओर बढ़ रही है और बेहतर ऊर्जा स्रोत खोज रही है, प्राकृतिक गैस की मांग आसमान छू रही है। ऐसे में त्योहारी सीजन में कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम जनता के साथ नाइंसाफी मानी जाएगी। हालांकि इस मुद्दे पर राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं, खासकर जब महाराष्ट्र झारखंड और दिल्ली में चुनाव नजदीक हैं। अब निर्णय केंद्र सरकार को लेना है।

एक नजर

लक्ष्य के अनुरूप नहीं मिले आवेदन तो बढ़ा दी तिथि

लखनऊ, अमृत विचार : अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए सुरक्षा गार्ड और प्लंबरिंग ट्रेड में चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त आवेदन न आने के कारण विभाग ने आवेदन की तिथि बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पोर्टल पर आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन पत्र नहीं आए हैं। इसलिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। विभागीय बेबसाइट www.msme.up.gov.in/www.diupmsme.upsdc.gov.in पर इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जुलाई से नहीं मिला मानदेय

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेशभर के मनरेगा सेल में संविदा और आउटसोर्स पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को जुलाई से मानदेय नहीं मिला है। इस कारण प्रदेशभर के कर्मचारी परेशान हैं, जो बिना मानदेय दिवाली कैसे मनाएंगे। इनकी संख्या 42 हजार के आसपास है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब हो रही है। त्योहार को देखते हुए भी मानदेय नहीं मिला है। कुछ जिलों में जून से मानदेय बकाया है। इसकी वजह केंद्र सरकार को उपभोग प्रमाण पत्र न भेजना बताया जा रहा है। इसके अलावा मंडी परिषद में आउटसोर्स पर तैनात कर्मियों को सितंबर से वेतन नहीं मिला।

पिछली सरकारों में किसानों-उद्यमियों को झेलना पड़ा था दंश : योगी

मुख्यमंत्री ने 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राजधानी स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो में लगे स्टाल पर उत्पाद को देखते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेशम उत्पादन में प्राचीन काल से ही प्रदेश का किसान और उद्यमी जुड़ा रहा है, लेकिन उन्हें पिछली सरकार का दंश झेलना पड़ा था। ऐसा परंपरागत उत्पाद के प्रत्येक क्षेत्र में होता था। लेकिन, 2017 के बाद परंपरागत उद्योगों के लिए पॉलिसी बनाने वाला पहला राज्य बनने के साथ रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब प्रदेश का किसान रेशम उत्पादन में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। योगी ने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिह्नित करते हुए आगे बढ़ाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है, जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीपीओपी को सरकार ने मार्केट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोर्ट भी प्रारंभ हुआ। सभी जिलों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। सिल्क एक्सपो इस क्षेत्र में संभावनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बने, इस पर हमें प्रयास करना होगा।

▸▸ उप्र पहला राज्य, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए बनाई पॉलिसी : मुख्यमंत्री

▸▸ योगी ने कहा- एक समय जरूर आएगा, जब रेशम उत्पादन में अग्रणी होगा उप्र

योगी ने कहा कि लखनऊ-हरदोई बार्डर पर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल्स पार्क का वृहद रूप) आने जा रहा है। एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में इसमें टेक्सटाइल्स से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं। यह संभावनाओं को प्रदर्शित करने का माध्यम है, लेकिन रॉ मटेरियल हमें ही तैयार करना होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विभाग इन योजनाओं के बारे में हर जिले में संगोष्ठी, सेमिनार, प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद करें और प्रोसेसिंग-ट्रेनिंग प्रोग्राम से जोड़ें।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग, सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड नई दिल्ली पी शिवकुमार, अपर मुख्य सचिव (रेशम) बीएल मीना, निदेशक (रेशम) सुनील कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

16 कृषकों व उद्यमियों को मिला रेशम रत्न सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न से उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 16 कृषकों, उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न से सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार व द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपये, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

कोकुन उत्पादन पुरस्कार में जगराम (बहराइच) को प्रथम व कुशीनगर की माला देवी को द्वितीय पुरस्कार दिया। लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में डॉ. एनवी चौधरी निदेशक केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची झारखंड को प्रथम व हसीन अहमद अंसारी मेसर्स कासिम सिल्क इंपोरियम वाराणसी को द्वितीय पुरस्कार मिला। सर्वोत्तम डिजाइनिंग रेशम निर्मित परिधान में प्रथम पुरस्कार रामनगर वाराणसी की अंगीका कुशवाहा और द्वितीय सर्वेश कुमार श्रीवास्तव (वाराणसी) को दिया गया। इनका पुरस्कार रंजना श्रीवास्तव ने ग्रहण किया।

▸▸ मुख्यमंत्री ने सात वर्गों में प्रथम स्थान पाने वालों को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देकर किया सम्मानित

सर्वोत्तम डिजाइनिंग रेशम निर्मित अन्य उत्पाद में मुख्तार अहमद (भदोही) को प्रथम व इफ्तिखार अहमद (आजमगढ़) को द्वितीय पुरस्कार मिला। रेशम के फिनिश प्रोडक्ट वस्त्र में नवाचार प्रथम श्रेणी पुरस्कार हजरतगंज लखनऊ की अदिति जग्गी रस्तोगी व द्वितीय श्रीमती संगीता बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी दिया गया। सर्वोच्च कोया विक्रेता धागा विक्रय में प्रथम पुरस्कार शशि शुक्ला पीलीभीत व द्वितीय श्रेणी का पुरस्कार सोनभद्र के राजनाथ वर्मा को मिला। सर्वाधिक वस्त्र विक्रेता रेशम फिनिश प्रोडक्ट-प्रथम पुरस्कार वीरेश शाह (वाराणसी) व द्वितीय पुरस्कार पंकज शाह (वाराणसी) को मिला। कोकुन उत्पादन में नवाचार कार्मिकों द्वारा प्रथम श्रेणी पुरस्कार पी. शिवकुमार आईएफएस व सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड और द्वितीय पुरस्कार दशरथी बेहरा उपसचिव तकनीकी, केंद्रीय रेशम बोर्ड नई दिल्ली को दिया गया।

गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के लगाएंगे पोस्टर

सपा प्रमुख का आरोप : उप चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधानसभा उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अधिकारी उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। यहां भी कहा कि अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। इन आरोपों के साथ अखिलेश ने चेतावनी दी कि जो अधिकारी गड़बड़ करेंगे, हम उनकी शिकायत न केवल चुनाव आयोग में करेंगे, बल्कि जगह-जगह उनके पोस्टर लगा देंगे। सपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

सपा कार्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते नेता व कार्यकर्ता।

पत्रकारों के सामने एक और बड़ा आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच में दंगा भाजपा ने कराया है। भाजपा के विधायक ने खुद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दंगा कराने, षड्यंत्र कराने की एफआईआर करायी है। उन्होंने दावा किया कि बहराइच दंगे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस ने दंगाइयों को खुली छूट दी थी। पुलिस को हटा देना या खुली छूट दे देना बड़ी साजिश का हिस्सा है।

एकजुट रहेगा इंडिया गठबंधन: सपा प्रमुख ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे। भाजपा कितना भी जोर लगा ले, लेकिन पीडीए एकजुट रहेगा। उन्होंने एक साल में उप्र. में गरीबी दूर करने के भाजपा के दावे पर कहा कि एक साल में तो सरकार ही चली जाएगी।

कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के नेताओं के साथ बैठक

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं, नेताओं की बैठक को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि सामंती और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ ही पीडीए है। भाजपा से मुक्ति समाज के हित में है। बैठक में नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया।

ग्रेडिंग में सुधार का जतन, निदेशालय में तैयार हो रहे प्रश्नपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालयों में पहली ग्रेडिंग परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम न आने से समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के माथे पर बल पड़ गए हैं। यूपी बोर्ड और सीबीएसई के विद्यालयों की ग्रेडिंग सुधारने के लिए इस बार निदेशालय स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार कराए जा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जाते हैं। अगस्त माह में निजी विद्यालयों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराई गई थी। यूपी बोर्ड के 51 विद्यालयों में 9 बी श्रेणी में, 25 सी श्रेणी में और 17 डी श्रेणी में थे। एक भी विद्यालय ए श्रेणी में नहीं था। वहीं सीबीएसई के 43 विद्यालयों में एक भी ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं आया। दोनों बोर्ड के विद्यालयों के खराब प्रदर्शन को देखते हुए निर्णय लिया गया कि परीक्षा के प्रश्नपत्र निदेशालय में तैयार कराए जाएंगे। हालांकि प्रश्नपत्र विषय विशेषज्ञ अध्यापकों से बनवाकर निदेशालय मंगवाए गए हैं। निदेशालय स्तर पर इसमें संशोधन किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दीपावली के बाद परीक्षाएं कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इस बार विद्यालयों का प्रदर्शन पिछली बार की अपेक्षा बेहतर रहेगा।

▸▸ पहले यूनिट टेस्ट में यूपी बोर्ड और सीबीएसई के विद्यालयों का खराब रहा था प्रदर्शन

कटेहरी सीट से सपा व बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में मंगलवार को अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से सपा से सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा व बसपा से अमित वर्मा ने नामांकन किया। पांच विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक सभी सीटों पर 15 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बहुजन मुक्ति पार्टी से वकार अजहर, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से जाहिद हुसैन, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजबाल सिंह राणा, रजनीश कुमार व मो. अनस शामिल हैं। यहां अब तक कुल छह प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चांद बाबू ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गाजियाबाद सीट से दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से रवि कुमार पांचाल व निर्दलीय प्रत्याशी में विजय कुमार अग्रवाल शामिल हैं। प्रयागराज की फूलपुर के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें परिवर्तन समाज पार्टी से उषा व प्रगतिशील समाज पार्टी से योगेश कुमार कुशवाहा शामिल हैं। इस सीट पर अब तक कुल तीन प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

▸▸ पांच विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र किए दाखिल

सोलर पंप योजना से दूर हुए किसान

इस वर्ष विभाग को मिला ज्यादा लक्ष्य, बुकिंग बेहद कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के सोलर पंप से किसान दूरी बनाने लगे हैं। जबकि कम लागत पर फसलों की सिंचाई के लिए यह बेहतर संसाधन है। पंपों की खरीद पर सरकार अनुदान दे रही है। इसके बाद भी किसानों में इस वर्ष रुचि कम है।

इसकी वजह कोई सोलर पंप की खरीद पर कम अनुदान तो कोई सिंचाई में बिजली माफ होने का लाभ लेना बता रहा है। इस कारण लक्ष्य के सापेक्ष पंपों की बुकिंग बेहद कम है। जबकि पिछले वर्षों में बुकिंग के लिए मारामारी के हालात होते थे और लक्ष्य कम होने के कारण आवेदन करने वाले ज्यादातर किसान लाभान्वित नहीं हो पाते थे। इस वजह से ज्यादातर किसानों को लाभान्वित करने के लिए इस वर्ष पंपों का लक्ष्य बढ़ाया गया है, जो इन हालात में कृषि विभाग के लिए पूर्ति करना मुश्किल बना हुआ है। इस मामले पर कृषि निदेशालय के अपर निदेशक (तिलहन) एसके सिंह ने बताया कि कोई समस्या नहीं है। किसान बुकिंग करा रहे हैं और धनराशि जमा कर रहे हैं।

90 फीसद तक होना था अनुदान

सोलर पंपों की खरीद पर सरकार 60 फीसद धनराशि अनुदान के तौर पर देती है। इसे बढ़ाकर 90 फीसद तक करने की चर्चा थी। हालांकि इस पर विचार नहीं हुआ। पूर्व में आगरा में मंडलीय गोष्ठी में किसानों ने अनुदान बढ़ाने की बात रखी थी। लेकिन, सिंचाई में बिजली माफी के बाद से किसानों का सोलर पंप के प्रति रुझान कम हो गया। वहीं, खेतों पर सोलर पंपों की सुरक्षा को लेकर भी किसान पीछे हटे हैं।

53,250 पंप का लक्ष्य, 18 हजार आवेदन

प्रदेश को वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक 53,250 सोलर पंप बिक्री का लक्ष्य मिला है। इसमें 2 से 10 हार्स पॉवर (एचपी) तक के पंप शामिल हैं। लक्ष्य के सापेक्ष 18 हजार ऑनलाइन आवेदन हुए हैं। इसमें 9,900 किसानों ने धनराशि जमा की है। जबकि पिछले वर्ष करीब 15 हजार लक्ष्य में 14,500 पंप बिके थे। योजना में क्रमिक लक्ष्य यानी पूर्ति न होने पर आगे बढ़ाकर दिया जाता है। इस क्रम में पिछले वर्ष के कुल 18 हजार पंप इस वर्ष लगाए गए हैं। इस तरह से कुल 23 हजार से अधिक पंप प्रदेश में लगे हैं।

वर्ग पहेली-230

बाएं से दाएं

4.1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5.1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7.1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11.1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

ऊपर से नीचे

1.1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2.1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3.1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न; रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो; तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6.1. स्थान; जगह; ठौर 2. दरवाज़ा; द्वार 3. दहलीज़।; अंदर; में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर; झामक; (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति; बहनोई।



वर्ग पहेली -229 का हल

1 रू	■	2 छु	ई	3 मु	ई
ठ	■	■	■	ख़	■
ना	■	4 वे	■	ता	■
■	5 फ़ौ	ज	दा	री	■
■	■	यं	■	■	6 फे
7 पो	षि	त	■	■	ला
■	■	■	8 क	ढ़ा	व

सुडोकू-143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8		7		5	4		2	
1			9		7			
		3			1			8
	4		5				7	
	9		4		3		1	
	8				2		6	
2			8			4		
			1		6			7
	1		2	7		5		6

सुडोकू - 142 का हल

6	3	4	8	1	5	7	9	2
8	5	2	7	6	9	1	3	4
9	7	1	3	2	4	5	6	8
7	8	6	9	4	1	2	5	3
2	1	9	6	5	3	4	8	7
3	4	5	2	7	8	9	1	6
4	9	3	5	8	7	6	2	1
5	2	7	1	3	6	8	4	9
1	6	8	4	9	2	3	7	5

आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 24 अक्टूबर 01.18 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्ण रात्रि।

मेष — आज किसी पुरानी स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को महत्व मिलेगा। कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। आप कोई साहसिक निर्णय ले सकते हैं। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

वृष — आज धन आगमन के जबरदस्त योग बन रहे हैं। बुद्धि और पुराने समृद्ध अनुभवों का लाभ आपको कारोबार में मिलेगा। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध कर सकते हैं। मन में संतोष की भावना रहेगी। मित्रों की सलाह का आप अनुसरण कर सकते हैं।

मिथुन — आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपका करियर एक नई दिशा में शुरू हो सकता है। आत्ममंथन और विचार-विमर्श के लिए दिन जबरदस्त है। आपके व्यक्तित्व में एक विशेष आकर्षण रहेगा।

कर्क — आज बेवजह का मानसिक तनाव न पालें। गले में इंफेक्शन और संक्रमण आदि जैसी समस्या हो सकती है। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। योग और प्राणायाम अवश्य करें। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकता है। आप सिर्फ अपने विचारों को ही जिताने का प्रयास न करें।

सिंह — आज आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। शेयर मार्केट में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर गौरवान्वित महसूस करेंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। नया काम शुरू कर रहे हैं तो पहले पेपरवर्क जरूर कर लें।

कन्या — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। ऑफिस में बॉस आपको बड़ा काम सौंप सकते हैं। युवाओं को वैवाहिक प्रस्ताव मिलेंगे। धन के लेन-देन को लेकर मित्रों से अनबन रहेगी। धार्मिक और अध्यात्मिक विचारों का आपके स्वभाव में फर्क पड़ेगा।

तुला — आज आप कला से जुड़ने का प्रयास करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग चतुराई का परिचय देंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। आपको कोई गिफ्ट मिल सकता है। व्यावसायिक तनाव को दांपत्य संबंधों के बीच न आने दें।

वृश्चिक — आज आपकी प्रतिभा को यथोचित सम्मान नहीं मिलेगा। बड़े लोगों की राय लेना न भूलें। जीवनसाथी के साथ तीखी बयानबाजी हो सकती है। परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली है। आपको बहुमूल्य उपहार प्राप्त हो सकता है।

धनु — आज अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा करने से नहीं चूकेगा। कारोबार की बड़ी बाधा का निवारण हो सकता है। नजदीकी संबंधों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

मकर — आज ऑनलाइन गेम्स में आप काफी रुचि लेंगे। सहयोगियों के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। नया रोजगार ढूंढ रहे हैं तो दिन भाग्यशाली रहने वाला है। काम को लेकर लापरवाही न करें। शरीर में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है।

कुंभ — आज आप स्वयं को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। पुराने अनुभवों का लाभ उठा पाएंगे। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहेगा। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

मीन — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो योजनाओं को सार्वजनिक न करें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। किसी के निजी मामलों में दखलंदाजी न करें। आप अपने स्वास्थ्य को लेकर तनाव में आ सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
पिघलता आसमान — सुबह : 09.29
वेलकम बैक — शाम : 06.41

&pictures
प्रलय द डिस्ट्रॉयर — सुबह : 10.55
करन अर्जुन — रात : 07.30

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स — सुबह : 09.54
द मैकेनिक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
गुमनाम — सुबह : 11.17
वांटेड — शाम : 04.52

ZEE ACTION
आशिक — सुबह : 11.15
आदमी — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 04.52 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सुबह की चाय के साथ पत्नी बहुत सारी दवाइयां लेकर आई।
पत्नी (अपने पति से) - ये लो चाय के साथ कॉल्पोल खालो।
पति- नहीं मुझे बुखार नहीं है।
पत्नी-तो डाइजीन ले लो।
पति- नहीं मुझे गैस भी नहीं है।
पत्नी- तो फिर पुदीन हरा ले लो।
पति- नहीं मेरा पेट भी ठीक है।
पत्नी- लो कॉम्बिफ्लेम ही ले लो, हाथ-पैर दुखना बंद हो जाएगा।
पति- अरे कमाल करती हो, मुझे कुछ नहीं हुआ है, मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं।
पत्नी-तो फटाफट उठो, सफाई के साथ बहुत काम करना है।

पशुओं के इलाज व चारे का बेहतर इंतजाम करें

उप जिलाधिकारी ने दो ग्राम पंचायतों में स्थापित गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। उप जिलाधिकारी ने मंगलवार को दो ग्राम पंचायत में स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। जहां मिली कमियों को तत्काल दूर करने को कहा है। सिलौली गांव के प्रधान देवीचरण ने बताया कि उनके गांव का गौशाला जिस स्थान पर बना है, वह ग्राम पंचायत की जमीन है। लेकिन ममता नाम की एक महिला यहां अपनी भूमि बताकर गौशाला का फाटक का ताला तोड़ गायों को बाहर निकाल देती है। उसने ऐसा कई बार किया। इस संबंध में उसने उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकार को शिकायत भी की है।

उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि उक्त सिलौली गांव का गौशाला जिस भूमि पर निर्मित है। वह ग्राम पंचायत की है। यहां अन्य सरकारी कार्य भी संपादित किए गए हैं। यदि उक्त महिला इसे अपना बताकर व्यवधान पैदा करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने गोवंशों की स्थिति मौके पर तो सही पाई। लेकिन उनके खाने पीने का व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। दोनों स्थानों में भूसा तो पाया गया, चराही में पानी भी एक स्थान पर भरा गया। जबकि दूसरे स्थान पर गड्ढा में पानी भरा मिला। इस सबके बावजूद अन्ना जानवर घूमने की जो शिकायत मिल रही, उस पर उन्होंने तत्काल ऐसे किसी भी गांव, किसी भी स्थान पर अन्ना को बंद करने का सख्त निर्देश दिए।

सिलौली गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते ईओ। अमृत विचार

पालतू मवेशी बर्बाद कर रहे फसल

सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के इंगोहटा गांव में ग्रामीणों के पालतू मवेशियों को छुट्टा छोड़ दिए जाने से खेतों में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने थानाध्यक्ष से कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि मेहनत और मनचाही लागत से तैयार हो रही फसल को बचाया जा सके। किसान अशोक निगम ने थानाध्यक्ष को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि खेतों में धान व तिल की फसलें खड़ी हैं, लेकिन कुछ लोग अपने जानवरों को खुला छोड़ दिया गया है, जो सहकारी समिति के सामने बाजार में और कब्रिस्तान, हरिजन बस्ती के चौराहे के पास 25-30 की संख्या में रात्रि को बैठते हैं। मवेशी मौका पाते ही खेतों में खड़ी फसलों को क्षति पहुंचा रहे हैं। किसान ने पशु पालकों पर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है, ताकि फसलों को बचाया जा सके।

खेत में खड़ी धान की फसल नष्ट करते मवेशी।

पशुओं को भूसे के साथ ही चोकर व हरा चारा खुलाएं

● अधिशासी अधिकारी ने अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे में अस्थाई गौशाला का नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण किया। अन्ना पशुओं के प्राथमिक चिकित्सा व भूसा, चारा आदि की उपलब्धता की जानकारी ली। पशुओं को भूसे के साथ चोकर खिलाने के लिए कहा।

मंगलवार को कस्बे की अस्थाई गौशाला का नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम बदन ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौशाला में दो बीमार अन्ना पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा करवाया और पशुओं के लिए भूसा व गौशाला की साफ सफाई आदि की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिया कि पशुओं को भूसे के साथ चूनी, चोकर खिलाएं। अस्थाई गौशाला में 176 अन्ना पशु संरक्षित पाए गए। साथ ही लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पशु विभाग के डॉ.राहुल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

गैंग लीडर सहित दो को चार वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। गैंग लीडर सहित उसके साथी को समाज विरोधी क्रियाकलाप के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट मनोज कुमार की अदालत ने चार-चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर पांच – पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एक गैंगस्टर की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार त्रिपाठी ने अदालत को बताया कि तत्कालीन कुरारा एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने गैंगस्टर मामले में आरोप पत्र दाखिल कर बताया था। 13 दिसंबर 2011 को वह अपने हमराही प्रमोद कुमार सिंह व चालक संतोष कुमार पांडे के साथ क्षेत्र में अपराधियों की तलाश व शांति व्यवस्था में कंडौर गांव में मौजूद था। जहां लोगों से जानकारी मिली कि गैंग लीडर बबलू सिंह उर्फ स्वराज सिंह सेंगर निवासी पतारा का एक संगठित गिरोह है। जिसके हरिओम सिंह निवासी पारा शंकरपुर व गोविंद सिंह निवासी कंडौर सक्रिय सदस्य हैं। जो समाज विरोधी क्रियाकलाप करते हैं। इस गैंग का क्षेत्र में दहशत व आतंक व्याप्त है। बताया कि इस गैंग के दो आपराधिक हत्या, जानलेवा हमला के मामले संबंधित थाने में दर्ज हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए गैंग लीडर बबलू सिंह उर्फ स्वराज सिंह सेंगर व हरिओम सिंह को सजा सुनाई है। प्रत्येक पर पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि तीसरा आरोपी गोविंद सिंह की मुकदमा दौरान मौत हो चुकी है।

शांति भंग में चार का किया गया चालान

- **बिवांर।** थाना पुलिस ने अलग-अलग गांवों के चार युवकों का शांति भंग में चालान किया है। जिसमें बांधुर बुजुर्ग के रमेश पुत्र प्रेम नारायण विश्वकर्मा का अपने पुत्र पप्पू से जमीन को लेकर विवाद में एक दूसरे के साथ मारपीट की। उमरी गांव के बच्ची लाल पुत्र भैया लाल का सगे भाई राम प्रकाश से रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने चारों का शांति भंग में चालान कर दिया है।

एक नजर

सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के बसंत नगर वार्ड 5 में नवरात्र पर्व पर कन्या भोज के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने 10 लोग जख्मी हुए थे। जिसमें राजाराम प्रजापति, सुनील कुमार प्रजापति व दुर्गेश प्रजापति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शेष 7 लोग जो गंभीर हालत में है, जिनका इलाज जारी है। मंगलवार को सपा पार्टी के प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, ओम प्रकाश सोनकर वारसी, नद किशोर शिवहरे, सलीम खान, जगमोहन यादव, सरफुउद्दीन, विवेक पाल सुमेरपुर पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए मदद का भरोसा दिया। पीड़ित परिवार ने बताया की सरकार की तरफ से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। जबकि परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है।

दो दिवसीय सालाना उर्स कल से

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बे के जाने माने सूफी संत हजरत शुजाउद्दीन सिददीकी का सालाना उर्स बुधवार से मनाया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित हजरत शुजाउद्दीन सिददीकी के दो दिवसीय उर्स में 23 अक्टूबर को बाद नमाज फजिर मजार पर संदल और गुलपोशी का कार्यक्रम होगा। जबकि 24 अक्टूबर को फातहा, लंगर और चादरपोशी का कार्यक्रम होगा। 24 को ही बाद नमाज इशा मजार पर नातिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों की कव्वालियां होंगी। अगले दिन 25 अक्टूबर को सुबह कुल शरीफ की महफिल के साथ उर्स का समापन होगा। यह जानकारी सज्जादानशीन सूफी जुबैर अहमद सिद्दीकी ने दी।

ठेकेदार नहीं बना रहा दिव्यांग का आवास

बिवांर (हमीरपुर) थाना क्षेत्र के महेरा गांव के दिव्यांग मूलचंद पुत्र सुमेरा ने मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें आवास मिलने पर निर्माण कार्य कराने के लिए लोधा मऊ गांव के दिब्बी प्रजापति को ठेका दिया था। ठेकेदार का पुत्र धर्मेंद्र आवास निर्माण के लिए पहले 10 हजार रुपये ले लिए थे, इसका निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं। दिव्यांग का आरोप है कि रुपये मांगने पर देने से इन्कार कर अभद्रता कर मारपीट करने पर आमादा हो रहे हैं। पिता पुत्र से परेशान दिव्यांग ने थाना पुलिस के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती पत्र को दिया है। एसआई रामशंकर ने बताया कि पिता- पुत्र को हिरासत में लिया है।

रोजगार मेला 25 को

हमीरपुर। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला में दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित मेले में प्रतिभाग कर इसका लाभ उठा सकते हैं। कहा अगर किसी कारणवश ऑनलाइन नहीं कर पाए हैं तो सीधे प्रतिभाग कर सकते हैं।

बुखार से हुई वृद्ध महिला की मौत

बिवांर(हमीरपुर)। पठकाना मोहल्ला निवासी एक वृद्धा की बुखार के चलते मौत हो गई। पठकाना मोहल्ला निवासी कमला देवी (63) पत्नी स्व.नवल किशोर शुक्ल की बीते 20 अक्टूबर की रात अज्ञात बुखार से मौत हो गई। मृतका के पुत्र अमित ने बताया कि उसकी मां को बीते 15 अक्टूबर को तेज बुखार आया था। जिसका कस्बा में ही प्राइवेट क्लीनिक में उपचार करवाया। लेकिन तबीयत ठीक न होने पर वह कानपुर के वैष्णवी हॉस्पिटल ले गया। जहां उनकी मौत हो गई।

बजरंग दल के पूर्व संयोजक के घर पुलिस ने की कुर्की

● वर्ष 1989 में राम मंदिर निर्माण को निकाली गई शिला पूजन यात्रा में हुआ था बवाल

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

अमृत विचार। न्यायालय में हाजिर न होने पर बजरंग दल के पूर्व संयोजक के घर में शहर कोतवाली व थाना ललपुरा पुलिस ने संयुक्त रूप से कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान घर में मौजूद सामान कुर्क किया है। करीब 25 से तीस हजार रुपये का सामान कुर्क किया गया।

वर्ष 1989 में राम मंदिर के निर्माण के लिए निकाली गई थी। जिसमें शिला पूजन यात्रा के दौरान शहर कोतवाली के हाथी दरवाजा व रहुनिया धर्मशाला में बवाल हुआ था। जिसमें भाजपा समेत बजरंग दल व अनुसांगिक संगठनों के लोगों के जुलूस निकालने के दौरान बवाल हुआ था और उसमें कई लोग घायल हुए थे। जिस मामले में करीब सौ से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें ललपुरा थाना क्षेत्र के मोराकांदर गांव निवासी बजरंग दल के पूर्व संयोजक विश्वास वर्मा के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ था, जो अभी विचाराधीन है। बजरंग दल के पूर्व संयोजक कई सालों से यहां नहीं है। वह न्यायालय में काफी समय से हाजिर नहीं हो रहे थे। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर शहर कोतवाली व ललपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बजरंग दल के पूर्व संयोजक के घर में कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान शहर कोतवाली के कुछेछा चौकी इंचार्ज झुल्लर पाल, ललपुरा थाने के एसआई सुरेंद्र कुमार व हेड कांस्टेबल बबलेश यादव की टीम ने उनके घर जाकर थाली, कटोरी, तख्त, गल्ला समेत तीस हजार रुपये की संपत्ति कुर्क की। सीओ सदर राजेश कमल ने कुर्की की पुष्टि की।

बलिदान के प्रतीक अशफाक उल्ला खां को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। स्वाधीनता संघर्ष में देशभक्तों की सहभागिता के मद्देनजर सुमेरपुर स्थित वर्णिता संस्था के तत्वावधान में अशफाक उल्ला खां के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

संस्था अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि अशफाक सही मायने में मां भारती का एक लौह लाडला था। इनका जन्म 22 अक्टूबर 1900 को शफीक उल्ला और मसरूह निशा के घर शाहजहांपुर में हुआ था। आगे चलकर इनकी मित्रता पं रामप्रसाद बिस्मिल से हो गई। जिसे राम रहीम की जोड़ी कहा गया। इनका एचआर नामक एक क्रांतिकारी संगठन था। गोरों से मुकाबला के लिए हथियारों की आवश्यकता थी। जिसके लिए धन की आवश्यकता थी। ऐसे में अशफाक और उसके मित्रों ने नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन में ट्रेन को लूटा। जिसमें लगभग छह हजार रुपये मिले। सरकार के कान खड़े हो गए। धर पकड़ शुरू हुई, अशफाक भी पकड़े गए, लगभग आधा सैकड़ा देशभक्तों पर मुकदमा चला। अशफाक बिस्मिल, रोशन सिंह और राजेंद्र लाहिड़ी को फांसी की सजा हुई। अशफाक सहित चार देशभक्तों को 19 दिसम्बर 1927 को फांसी पर लटका दिया गया। अशफाक को फैजाबाद जेल में फांसी दी गई। इन सभी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, आयुष शिवहरे, संतोष, प्रेम, महावीर, रिचा, भोलू सिह, बाबू लाल, सिद्धा, विकास, आशुतोष, दस्सी और अजय आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

सार-संक्षेप

हादसे में बाइक सवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौत

बिवांर (हमीरपुर)। कानपुर- सागर हाईवे पर थाना सजेती क्षेत्र में दुर्गा मोड़ पर बाइक से पति के साथ करवाचौथ पर अपने घर करगांव लौट रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ट्रक की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं पति घायल हो गया। थानाक्षेत्र के करगांव गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश कुमारी अपने छोटे पुत्र हेमंत के पास ग्वालियर से वापस कानपुर में रह रहे पति मुन्नालाल नामदेव के पास आई। रविवार को करवाचौथ होने पर दोनों बाइक से कानपुर से अपने गांव करगांव जा रहे थे। तभी हाईवे पर थाना सजेती क्षेत्र में दुर्गा मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार से ट्रक निकला। ट्रक की तेज रफ्तार से हवा के झोंके से दंपत्ति सड़क में गिर गए। सड़क में गिरने से ट्रक की रगड़ महिला के चेहरे में लग गई। जिस उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि पति को मामूली चोटे आईं। महिला की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम है।

पत्नी को लेने आए युवक के साथ मारपीट

बिवांर (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में घरेलू विवाद के बाद मायके आई पत्नी को लेने उसका पति आ गया। लेकिन ससुरालियों ने उसे देखते ही ईंट- पत्थर मारने लगे। तभी अपना बचाव कर दो बेटियों को लेकर बाइक से भागा, मगर पीछा कर ससुरालियों ने उसे मुटनी गांव के निकट दामाद को पकड़ पिटाई कर दी। पीड़ित दामाद ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना कुरारा के झलोखर गांव निवासी रामकरण पुत्र श्री चंद्र वर्मा ने थाना में दी तहरीर में बताया कि 12 साल पूर्व थाना बिवांर के कुनहेटा गांव में आसाराम की पुत्री राम देवी के साथ उसकी शादी हुई थी। घरेलू विवाद पत्नी से मारपीट कर दी। इस पर चार दिन पूर्व पत्नी अपने मायके आ गई थी। 21 अक्टूबर को वह उसे लेने ससुराल आया। जैसे ही वह ससुराल पहुंचा तो उसे देखते ही वरदानी, दीपक पुत्र आशाराम, सविता पत्नी वरदानी व रामदेवी अभद्रता कर ईंट- पत्थर फेंक कर मारने लगे। इस पर उसने अपना बचाव करते हुए अपनी दोनों पुत्रियों को लेकर बाइक से भागा। तभी बाइक से वरदानी व रामबाबू ने उसका पीछा कर मुटनी गांव के पास पकड़कर मारपीट कर दी। उसे कुनहेटा पुलिस चौकी ले गए। कुनहेटा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने बताया कि पति की तहरीर पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खाद को लेकर किसान समिति के लगा रहे चक्कर

बिवांर (हमीरपुर) कस्बे की सहकारी समिति से किसान खाद आने का इंतजार कर रह रहे हैं। किसान रबी फसल में लाही, चना, मसूर, मटर की बुवाई का समय चलने से खाद को लेकर परेशान है। मौदहा एसडीएम ने मंगलवार को खाद वितरण का निरीक्षण किया। कस्बा बिवांर में एकमात्र सहकारी समिति होने पर खाद के लिए आसपास के गांव निर्भर रहते हैं। 20 अक्टूबर को एक ट्रक डीएपी खाद आने पर किसानों की भीड़ लग गई थी। जिससे किसानों ने काफी हंगामा किया था। एसडीएम राजेश चंद्रा ने खाद वितरण का निरीक्षण किया। किसानों से बातचीत कर सचिव रामफल से कहा सभी को खाद दें। जबकि एक दिन में आई एक ट्रक खाद का वितरण हो गया। खाद को लेकर किसान अपना सारा काम छोड़ समिति के चक्कर लगा रहे हैं। समिति के सचिव रामफल यादव ने बताया कि पांच ट्रक खाद की चेक लगाई गई थी। तीन ट्रक खाद भेजी गई है। खाद के आने पर किसानों को वितरित की जाएगी।

छात्राओं को दी करियर संबंधी जानकारी

हमीरपुर। नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में करियर गाइडेंस पंख पोर्टल के अन्तर्गत भव्य करियर मेला समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक यज्ञेश, डीजीसी विजय प्रताप सिंह, प्रशान्त त्रिपाठी, नेत्र सर्जन चन्द्रभान यादव, मेकअप आर्टिस्ट सोनी गुप्ता, करियर काउंसलर शिखर सचान, जेएनएम मुस्कान एवं संध्या तथा पत्रकार शिवम द्विवेदी ने अपने-अपने विभाग के संबंधित करियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीजीसी विजय प्रताप सिंह ने छात्राओं को न्याय विभाग के अलावा अन्य विभागों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। छात्राओं ने पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरस्वती देवी, प्रेरणा सिंह चौहान, अंजना देवी, शिवांगी स्वर्णकार, आरती सक्सेना, अमर सचान, बिहारी लाल, प्रकाश चन्द गुप्ता, छाया श्रीवास्तव, विशाख पाल, आरती वर्मा, नेहा वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

युवक को तमंचा की बट मार किया घायल

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के पठनऊ मोहल्ले में बीच सड़क पर लड़ाई- झगड़ा कर रहे युवकों ने दुकान से घर लौट रहे एक युवक को रोक कर उसे जमकर मारा- पीटा। इतना ही नहीं युवकों ने युवक के सिर पर तमंचे की बट मार कर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी युवक हवाई फायरिंग कर भाग खड़े हुए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल कराया है। पठनऊ मोहल्ला निवासी अमर पुत्र शब्बीर ने बताया कि रविवार रात लगभग 9 बजे वह अपनी दुकान बंद करके वापस घर आ रहा था। बताया कि रास्ते में कस्बे के पठनऊ मोहल्ला निवासी युवक किसी के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। उसी दौरान आरोपियों ने उसे रोक लिया और गाली देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपी युवकों ने उसके सिर पर तमंचे की बट मार दिया। इससे उसके सिर से खून निकलने लगा। आरोपी युवकों ने तमंचे से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई।

दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग जख्मी

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुरारा बेरी मार्ग में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के कुरारा बेरी मार्ग में मंगलवार की सुबह साढ़े 10 बजे जल्ला गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें अतुल (23) पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी कुटिया रामपुर, राहुल सिंह (17) पुत्र छिद्दन निवासी बिधनु, जगदीश (45) पुत्र सुखदेव निवासी ककरउ घायल हो गए।

रचनाएं सुनकर मंत्रमुग्ध हुए लोग

● गहरौली में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

● पूर्व एमएलसी नवल किशोर गुरुदेव के जन्मोत्सव

संवाददाता, मुस्करा(हमीरपुर)

अमृत विचार। क्षेत्र की ग्राम पंचायत गहरौली में चार दिवसीय रामलीला के आयोजन के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व एमएलसी स्व.पंडित नवल किशोर गुरुदेव के 114वें जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया ।

जिसकी अध्यक्षता कवि शिव गुरुदेव ने की। इस मौके पर कवि देवेंद्र नटखट हास्य, संतोष कुमार बिगुल, अनीता मौर्य, प्रांजल प्रताप, राजा पांडेय, बद्री प्रसाद द्विवेदी, प्रकाश ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कवियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कवि प्रो.ओमपाल सिंह निडर ने किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक आनंद कुमार गुरुदेव तथा व्यवस्था में समस्त गुरुदेव परिवार रहा। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राहुल मिश्रा, ग्राम प्रधान वीरेंद्र राजपूत, विवेक गुरुदेव, विकास गुरुदेव, हर्ष गुरुदेव, अश्वनी पाण्डेय, सैंडी द्विवेदी, राम सिंह पाल समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

कवि सम्मेलन में अपनी रचना पढ़ते कवि।

स्वच्छ पेयजल योजना में अनियमितता का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। लिधौरा गांव के ग्रामीणों ने गांव में संचालित स्वच्छ पेयजल योजना में व्यापक पैमाने पर अनियमितता व लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। एसडीएम को ज्ञापन दिया और जांच की मांग की।

गांव निवासी राजेश सिंह, बलजीत सिंह, अमित सिंह व जितेंद्र आदि नेएसडीएम विपिन कुमार शिवहरे को बताया कि उनके गांव में स्वच्छ पेयजल योजना के तहत ट्यूबवेल का बोर हो गया है। अभी तक टंकी नहीं बनी। पुरानी टंकी 2007-08 में जल निगम के द्वारा बनाई गई थी। इस टंकी से जो पुरानी लाइनें हैं वह पुरानी लाइन भी स्वच्छ पेयजल योजना के तहत हुई खुदाई में क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बताया कि स्वच्छ जल योजना का ठेकेदार पुरानी और क्षतिग्रस्त हो चुकी लाइनों से ही स्वच्छ पेयजल योजना की नई लाइन को जुड़वा रहा है। नई लाइनों के पाइपों को उठाकर अन्य स्थान पर ले गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

रामलीला | प्रभु राम ने चढ़ाई प्रत्यंचा तो टूट गया शिव धनुष, सीता ने पहनाई वरमाला

परशुराम- लक्ष्मण संवाद देख रोमांचित हुए दर्शक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे में हो रही रामलीला के पांचवें दिन कलाकारों ने सोमवार की रात राम सीता विवाह और परशुराम लक्ष्मण संवाद का जोरदार मंचन कर दर्शकों की रोमांचित कर दिया। सीता स्वयंवर के बाद हुए राम विवाह पर आतिशबाजी हुई। धनुष भंग के बाद परशुराम- लक्ष्मण संवाद में एक दूसरे के ऊपर शब्दों के तीखे प्रहारों से दर्शक रोमांचित हो उठे।

धनुष भंग मंचन के दौरान मिथलापुरी के राजा जनक ने पुत्री सीता के विवाह के लिए स्वयंवर रचाया। स्वयंवर में रावण, बाणासुर समेत तमाम राजा उपस्थित हुए। राजा जनक ने शर्त रखी कि जो भी वीर इस शिव धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ायेगा जानकी उसके गले में वर माला डाल देंगी। रावण ने धनुष उठाना चाहा पर बाणासुर ने उसे रोक दिया। तमाम राजा- महाराजाओं के निराश होनेप र राजा जनक दुखी हो गए। जनक की भूमिका निभा रहे हरनारायन शर्मा ने अश्रुपूरित नेत्रों से अपने हृदय की व्यथा उजाकर करते हुए कहा कि यह धरती अब वीरों खाली हो चुकी है। जनक विलाप का मार्मिक मंचन देख दर्शकों की आंखे भी छलछला उठी। स्वयंवर में मौजूद अपने गुरु विश्वामित्र के साथ बैठे लक्ष्मण ने यह बात सुनी तो उनके सीने में तीर से धंस गये। उन्होंने राजा जनक से कहा कि हे, राजन जिस सभा में शूरवीर क्षत्रिय बैठे हों, वहां ऐसी बातें आपको शोभा नहीं देतीं। लक्ष्मण ने कहा कि ये तो धनुष है यदि गुरु की आज्ञा हो जाए तो पूरा ब्रह्मांड ही उठा सकता हूं। गुरु विश्वामित्र ने लक्ष्मण को शांत करते हुए कहा कि उठो राम भंजन भय चापा, नेतव तात जनक पर तापा.. ।

प्रभु राम ने गुरु और राजा को शीश नवाते हुए पलक झपकते ही धनुष को उठाकर खंडित कर दिया। सभा में मौजूद सीता ने राम के गले में वरमाला डाल दी। इस दौरान जय- जय सियाराम का उद्घोष गूंज उठा। परशुराम- लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ। जिसमें में लक्ष्मण द्वारा तीखे अंदाज में की गई अपने संवादों की प्रस्तुति दर्शकों द्वारा खूब सराही गई। रामलीला देखने के लिए दर्शक सुबह तक जमे रहे।

धनुष भंग के दौरान राम लक्ष्मण से संवाद करते परशुराम अमृत विचार

पुत्र ने की वृद्ध पिता की पिटाई

मौदहा (हमीरपुर)। कूटरचित तरीके से नलकूप अपने नाम कराने का विरोध करने पर पुत्र ने पिता को बेरहमी से पीट दिया। जिससे उसके कमर की हड्डी टूट गई। पीड़ित पिता की तहरीर मुकदमा दर्ज हुआ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खंडेह निवासी रामेश्वर पुत्र रामलाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने सभी पुत्रों को अपनी चल अचल सम्पत्ति बांट दी थी। लेकिन उसके बाद उसके पुत्रों ने कहा कि अगर ट्रैक्टर और हो तो खेती अच्छी होगी। जिस पर उसने पच्चीस लाख रुपये अपने पुत्र संतोष को दिए। लेकिन संतोष ने अपने भाइयों और मुझसे धोखा देकर ट्रैक्टर और नलकूप अपने नाम करा लिया। पुत्र संतोष से बात की पहले तो संतोष टालमटोल करता रहा।

समिति में खाद की उपलब्धता की जानकारी लेते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

गांव में लोगों से बात करतीं उप जिलाधिकारी पूजा साहू। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को सांत्वना देते सपा नेता अनुज यादव। अमृत विचार

किसान ने जान दी, खाद संकट को लेकर राजनीति गर्माई

प्रशासन की जांच में व्यक्तिगत कारणों से आत्महत्या करने की बात, चित्रकूट के कंठीपुर गांव में पेड़ से फंदे पर लटका मिला किसान का शव

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों के बीच जिले में किसान की आत्महत्या को खाद संकट से जोड़कर सपा ने मामला गर्मा दिया। हलांकि प्रशासन ने घटना की जांच में किसान के निजी कारणों से जान देने की बात कही है। मृतक के परिजनों के बयान में भी भिन्नता सामने आई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर मामला सुर्खियों में है। सपा नेताओं का आरोप है कि किसान खाद न मिलने से क्षुब्ध था और इस कारण उसने जान दे दी।

किसान अमीन बख्श उर्फ छोटू।

कोतवाली थाना क्षेत्र के कंठीपुर गांव निवासी 50 वर्षीय किसान अमीन बख्श उर्फ छोटू ने सोमवार रात पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह मृतक के चचेरे भाई और सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि छोटू ने मंडी समिति में खाद नहीं मिलने से परेशान होकर जान दी है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तुरंत मामले की जांच कराई। तहसीलदार कर्वी ने स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों के बयान लिए। उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने भी कंठीपुर पहुंचकर लोगों से बात की। तहसीलदार को ग्रामीणों ने बताया कि छोटू सोमवार को कर्वी गया था। 3 घंटे बाद लौटा तो बच्चों के खाने-पीने की सामग्री लाया था। मंगलवार तड़के 3 बजे खेत की ओर शौच को गया। सुबह आम के पेड़ से उसका शव फंदे पर लटकता मिला।

इस सामूहिक बयान में गांव के रिजवान खान, फूल हसन, पुरुषोत्तम, ताहिर अली के हस्ताक्षर हैं। तहसीलदार ने जिलाधिकारी को भेजी रिपोर्ट में कहा है कि लेखपाल के साथ मौके पर निरीक्षण और ग्रामीणों के बयान से लगता है कि अमीन बख्श ने निजी समस्याओं के कारण जान दी है।

पोस्टमार्टम हाउस में बैठे परिजन। अमृत विचार

केंद्र पर हुई धक्का-मुक्की मारपीट होने का भी आरोप

मृतक का चचेरा भाई बरकत अली।

मृतक के चचेरे भाई बरकत के अनुसार सोमवार को खाद के लिए मंडी समिति में कुछ लोगों में मारपीट हुई थी। इसमें छोटू फंस गया था। उसने समझाया था कि तुम इसमें मत पड़ो। कृषक सेवा केंद्र के प्रभारी अजीत सिंह ने भीड़ की वजह से धक्का-मुक्की होने की बात कही है। उनके मुताबिक सोमवार पूर्वाह्न किसानों की भीड़ में धक्कामुक्की हो गई थी। इस पर लाइन लगवाकर स्टाक समाप्त होने तक डीएपी का वितरण किया गया था। केंद्र पर 725 बोरी यूरिया उपलब्ध है।

पत्नी और चचेरे भाई के बयानों में भिन्नता

मृतक की पत्नी जैनम के बयान में खाद की कमी से पति के परेशान होने का जिक्र नहीं है। उसने बताया कि पति घर में बच्चों को खिलाते रहे, टीवी देखते रहे। सुबह 3 बजे पेट में दर्द होने और शौच के लिये जाने की बात कही। बाद में आम के पेड़ से फंदे पर शव लटका मिला। इसके विपरीत चचेरे भाई बरकत अली ने दावा किया कि छोटू खान ने खाद न मिलने से आत्महत्या की है। उसके अनुसार वह भी छोटू के साथ खाद लेने गया था पर उसे भी खाद नहीं मिली। चचेरे भाई के अनुसार छोटू की पत्नी की मानसिक हालत ठीक नहीं है।

अखिलेश के ट्वीट और सपा नेताओं ने दिया मामले को तूल

चित्रकूट। सपा मुखिया अखिलेश यादव के एक्स पर ट्वीट ने घटना को राजनीतिक रंग और तूल दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि समितियों पर भाजपाई कब्जे के कारण प्रदेश में खाद का संकट पैदा हुआ है।... ये हालात सिर्फ चित्रकूट या मानिकपुर के नहीं, पूरे उप्र में यह हाल है। उधर, सपा विधायक अनिल प्रधान ने सहकारी समितियों में खाद की कमी पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि जिले में किसान खाद के लिए परेशान और हताश घूम रहा है। रबी की फसल की बुआई के लिए खाद नहीं मिल रही है। अगर खाद पर्याप्त मात्रा में है तो सहकारी समितियों में क्यों नहीं पहुंच रही है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव का आरोप है कि किसान छोटू खान ने खाद नहीं मिलने के कारण आत्महत्या की है। किसान खाद के लिए लाठी खा रहा है। चना और गेहूं की बुआई का समय है। सरकार ध्यान नहीं दे रही है। भाजपा नेता खाद की कालाबाजारी करा रहे हैं। खुले बाजार में खाद बेची जा रही है। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज यादव ने कहा कि जिले की किसी समिति में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। किसान ने खाद नहीं मिलने से जान दी है। उसके परिजनों से दबाव में बयान में लिखाया गया है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने खाद बिक्री केंद्रों का हाल देखा

- 39 समितियों व 7 केंद्रों पर डीएपी की 23 हजार बोरियां आवंटित

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने खाद बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया। मंडी परिसर कर्वी स्थित आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र में जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग, पीसीएफ व कृषि अधिकारियों को जरूरत के मुताबिक डीएपी भेजने और वितरित कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले की 39 सहकारी समितियों व 7 अन्य सहकारी केंद्रों पर डीएपी खाद की 1150 मीट्रिक टन (23,000 बोरी) का आवंटन किया गया है। 12 समितियों पर खाद भेजी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने सभी समितियों में जल्द खाद भेजने के लिए जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्वक खाद वितरण के लिए सभी उप जिलाधिकारियों व थाना प्रभारी को भी निर्देशित किया।

अनियमितता की इन नंबरों पर करें शिकायत

चित्रकूट। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 775 मीट्रिक टन डीएपी बफर गोदाम में उपलब्ध है, जिसे 18 सहकारी समितियों में भेजा गया है। बुधवार से सहकारी समिति नादिन कुर्मियांन, छीबों, रामपुर बांधी, बरगढ़, गाहुर, बियावल, बिहरवां, बरद्वारा, सरधुआ, सरैया, ऊंचाडीह, चकौंध, बरवारा, पीसीएफ केंद्र मंडी, खोह, पहाड़ी, डीसीएफ भौंरी और पीसीएफ राजापुर केंद्रों पर 500 बोरी डीएपी उपलब्ध हो जाएगी। किसान आधार और भूमि अभिलेख दिखाकर खाद ले सकते हैं। वितरण में अनियमितता की शिकायत कंट्रोल रूम के नंबर 8765 47 3613 तथा 8737 99 1456 पर की जा सकती है।

किसानों से अच्छा व्यवहार करें धान क्रय केंद्र कर्मी

चित्रकूट कार्यालय

- जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को जिले में धान, बाजरा, ज्वार खरीद संबंधी समीक्षा बैठक की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में कुल 14 धान क्रय केंद्र संचालित हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से अच्छा व्यवहार करने की हिदायत दी।

झा ने बताया कि इन केंद्रों में खाद्य विभाग के 4 , पीसीएफ के 8, मंडी समिति और भारतीय खाद्य निगम का 1-1 क्रय केंद्र है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है। बैठक में केंद्र प्रभारियों को क्रय नीति के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया और निर्देशित किया गया कि धान वापस न किया जाए, गत वर्ष के किसानों से संपर्क कर पंजीकरण कराया जाय। ग्राम चौपालों में पंजीकरण शिविर लगाए जाएं। अपर जिलाधिकारी, जिला खरीद अधिकारी उमेश चंद्र निगम ने उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि लेखपालों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से पंजीकरण बढ़ाएं।

केंद्र प्रभारी समय से केंद्र पर उपस्थित रहें, किसानों से अच्छा व्यवहार करें, भुगतान समय से कराएं । जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को किसान संगठनों के साथ बैठक करने और प्रचार-प्रसार कर लक्ष्य पूरा करने को कहा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बाजरा के 5 और ज्वार के 6क्रय केंद्र हैं, जो 31 दिसंबर तक संचालित रहेंगे। बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर व अन्य अधिकारी, केंद्र प्रभारी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन

चित्रकूट। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राघव प्रेक्षागार में हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने की। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने तंबाकू के दुष्परिणामों को बताया। एएसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त घोषित करें व सभी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के आसपास तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री पर रोक लगायें। यूपीवीएचए रीजनल कोऑर्डिनेटर लखनऊ पुनीत श्रीवास्तव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कोटपा के बारे में बताया। इस मौके पर जयप्रकाश उपाध्याय, निशीकांत राय, वीर प्रताप सिंह, शिवप्रकाश यादव, विनोद कुमार शुक्ला व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

चित्रकूट। परिवार परामर्श केंद्र में दंपति के बीच सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। आस्था पाण्डेय पत्नी अनुज कुमार पांडेय निवासी मानिकपुर ने एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था कि पति गालीगलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करता है। एसपी ने मामले के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को निर्देशित किया। केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी मंजूलता पाल ने दोनों पक्षों की बातें सुनकर समझाया। पति-पत्नी विवाद भूलकर साथ रहने को राजी हो गए।

एक नजर

जीआरपी में दर्ज मामले में दोषी को एक माह की सजा

चित्रकूट। जीआरपी कर्वी में पंजीकृत एक मुकदमे में कोर्ट ने दोषी को एक माह के साधारण कारावास की सजा दी। न्यायालय सिविल जज (सी. डी.) एफटीसी ने मुन्ना यादव निवासी दलपा पुरवा थाना कमासिन (बांदा) को 1 माह का कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले में लोक अभियोजक हरिओम सिंह रहे। विवेचक उप निरीक्षक अख्तर हुसैन, पैरोकार कांस्टेबल सुखविंदर सिंह और कोर्ट मोहर्रिर मेघा रहीं।

शिक्षक के घर दिनदहाड़े चोरी

चित्रकूट। चोरों ने एक शिक्षक के घर से लाखों रुपये का माल पार कर दिया। प्राथमिक विद्यालय बन्धिन के शिक्षक भीम सिंह कोतवाली कर्वी के अंतर्गत कर्वी माफी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को वह स्कूल चले गए थे। बच्चे भी स्कूल चले गए थे और पत्नी गांव में थी। दोपहर को बेटी लौटी तो कमरे की कुंडी टूटी मिली। बताया कि चोर 53 हजार नकद व 4 लाख के गहने ले गए।

असलहा समेत आरोपी गिरफ्तार

मऊ (चित्रकूट)। एसआई शिवपूजन सरोज ने महेश निषाद पुत्र रामखेलावन निवासी कोल्हुआ को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

जल प्रबंधन में उड़ीसा के बाद उप्र रहा सर्वश्रेष्ठ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देश में उड़ीसा को प्रथम और उत्तर प्रदेश को दूसरा सर्वश्रेष्ठ जल पुरस्कार मिला है। जबकि जल संरक्षण के लिए बांदा को सर्वश्रेष्ठ जनपद (नार्थ जोन) का पुरस्कार मिला।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में गुजरात-पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला।

पूरे देश में जल संरक्षण में बांदा को जनपदों की श्रेणी में पहला पुरस्कार मिला। बांदा की तत्कालीन जिलाधिकारी (वर्तमान में लखीमपुर डीएम) दुर्गाशक्ति नागपाल ने मंगलवार को राष्ट्रपति से पुरस्कार ग्रहण किया। जल संरक्षण व हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए उन्होंने वहां शानदार कार्य किया था।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल को पुरस्कृत करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हो रहे अभूतपूर्व कार्यः योगी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ''एक्स'' पर मिले राष्ट्रपति से मिले राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2023 का जिक्र करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ''जल शक्ति'' की दिशा में अनेक अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। यह उपलब्धि सरकार द्वारा जल संरक्षण, प्रबंधन और जनसहभागिता को प्राथमिकता देने का ही प्रतिफल है।

नहीं मिला बेसहारे को एक अदद घर का सहारा

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार। शासन के निर्देश, प्रशासन के आदेशों के बाद भी तमाम असहाय लोग हैं, जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। हर बैठक, चौपाल में जिलाधिकारी द्वारा भी अधीनस्थों को पात्रों को लाभ देने के निर्देश जारी होते हैं पर कई बार लगता है, ऐसा हो नहीं पा रहा।

आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत रगौली में गरीबदास निषाद की आयु लगभग 85 वर्ष हो चुकी है पर अभी तक उसे एक अदद घर नहीं मिला। वह बताता है कि कच्चा घर बीते वर्ष की बारिश में भरभरा गया था। इस वर्ष की बारिश तो मिट्टी तक को बहा ले गई। ग्रामीण बताते हैं कि वृद्ध के पास जमीन तक नहीं है इसलिए वह इधर उधर से मांग कर खाना खाता है। पड़ोसी रामचंद्र तिवारी ने भी इस बात की तस्दीक की कि उसका घर पिछले वर्ष ही गिर गया था। दावा किया जाता है कि इसे कुछ वर्ष पहले ग्राम पंचायत ने शौचालय स्वीकृत किया था पर वृद्ध ने अनभिज्ञता जताई।

अपने जमींदोज घर के पास खड़ा वृद्ध।

पात्र होगा तो मिलेगा आवास

इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी रगौली करुणा पांडेय से जब बात की गई तो उनका कहना था कि शासन के निर्देश पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम चल रहा है। बाद में जब आवास योजना का लक्ष्य आएगा तो यह व्यक्ति पात्र होगा तो जरूर दिया जाएगा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

चित्रकूट। सोमवार रात सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। बगैहा मजरा घुरेटनपुर निवासी दिवाकर ने बताया कि उसका भाई संजय कुमार पटेल (23) सोमवार की रात लगभग दस बजे चमड़ा मंडी के पास सड़क पर दो सांड़ों की लड़ाई के बीच में फंस गया। इस दौरान वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

संजय।

छापामार कर 345 किग्रा सरसों का तेल किया गया सीज

चित्रकूट। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने त्योहारों के मद्देनजर मंगलवार को कई दुकानों में छापा मारा। सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियंका सिंह ने बताया कि लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की मंशा से जगह-जगह पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को इसी क्रम में मे. कामगिरि स्वीट्स व मे. लकी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिली कमियों के लिए सुधार के लिए सूचना जारी करते हुए इनको दो दिन का समय दिया गया। बताया कि मेसर्स दुर्गा किराना स्टोर शंकर बाजार के निरीक्षण में मिलावट के संदेह पर सरसों के तेल का नमूना जांच के लिए लिया गया। खुला लगभग 345 किग्रा सरसों का तेल , जिसकी कीमत लगभग 41,400 रुपये सीज किया गया। बताया कि त्योहारों के मद्देनजर यह कार्रवाई जारी रहेगी।

मिठाई की दुकान में पूछताछ करतीं सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह। अमृत विचार

अपराध

मृतक के भाई ने 5 लोगों के खिलाफ दी तहरीर, हत्या कहीं और करके खाईं में फेंकने की आशंका

...तो साली से प्रेम प्रसंग में चली गई युवक की जान

संवाददाता, राजापुर/ रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार। भदेहदू पुल के पास एक खाईं में मिले युवक के शव और बाइक की गुत्थी लगभग सुलझ गई है। पुलिस की अब तक की तफ्तीश में सामने आया है कि युवक की साजिश रचकर हत्या की गई और दुर्घटना का रूप देने के लिए उसका शव खाईं में फेंक दिया गया। इसके पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। मृतक के भाई ने युवती सहित 5 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

कौशांबी जिले के जाठी गांव निवासी राहुल मिश्रा (28) का शव सोमवार को भदेहदू पुल के पास एक खाईं में पड़ा मिला था। वहीं पर उसकी बाइक भी मिली थी। शुरुआती दौर में यह मामला दुर्घटना का लग रहा था लेकिन पुलिस की तफ्तीश में यह हत्या का मामला निकला। इस संबंध में मृतक के भाई रोहित मिश्रा ने राजापुर थाने में तहरीर दी। उसने बताया कि उसके भाई की शादी 2022 में चकनारा, मंझनपुर (कौशांबी) निवासी नेहा शुक्ला से हुई थी। शादी के दौरान ही राहुल का परिचय उसकी रिश्ते की साली से हो गया था। उसने आरोप लगाया कि राहुल का मित्र कुलदीप सिंह निवासी भदेहदू के यहां आनाजाना था और वह वहीं से युवती से मिलने भी चला जाता था। युवती के घरवालों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने उसे धमकाया भी था। इसके बाद भी दोनों ने मिलना और बात करना बंद नहीं किया। 20 अक्टूबर को कुलदीप ने राहुल से बात की और उसके अकाउंट में 500 रुपये डालकर कसम देकर घर बुलाया। इसके बाद राहुल घर से निकल गया। बाद में राहुल की मौत की जानकारी हुई। उसने भाई की हत्या का आरोप कुलदीप, युवती, युवती के पिता, भाई सहित पांच लोगों पर लगाया है। उसका यह भी कहना है कि घटनास्थल पर ज्यादा खून न मिलने से ऐसा लगता है कि राहुल की हत्या कहीं और कर शव यहां पर फेंक दिया गया है। एसओ राजापुर मनोज सिंह ने बताया कि मृतक के छोटे भाई रोहित मिश्रा ने तहरीर दी है और कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

राजापुर थाने पहुंचे मृतक के परिजन। अमृत विचार

'अमृत विचार' ने जताई थी आशंका

दुर्घटना को लेकर 'अमृत विचार' ने अपने 22 अक्टूबर के अंक में परिजनों की आशंका के आधार पर सवाल उठाए थे। राहुल के रिश्ते के भांजे ने बताया था कि राहुल के शरीर पर वे कपड़े नहीं थे, जिनको पहनकर वह घर से निकला था। इसके साथ ही उसका बैग भी गायब था। एसओ ने बताया कि आरोपियों के घर से मृतक का पैंट व बैग बरामद कर लिया गया है। कुलदीप सिंह पुत्र बब्बू सिंह निवासी भदेहदू से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

प्रभु श्रीकृष्ण की रासलीला सुन झूमे श्रद्धालु

चित्रकूट। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चकमाली अमानपुर के हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक गणेश महाराज ने श्रीकृष्ण की रासलीला का सुंदर वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु नाचने गाने लगे।

कथावाचक ने बताया कि रासलीला के माध्यम से परमात्मा जीवात्मा को दर्शन देते हैं व प्रेम को सर्वोपरि रखते हैं। ब्रज में रहकर प्रभु ने प्रेम करना ही सिखाया और समाज को बताया कि आपस में सब प्रेम से रहिए। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म यह है कि गरीबों की सेवा करो। अतिथियों का सत्कार करो। प्रभु ने ब्रज की लीला समाप्त करने के बाद मथुरा में कंस का संहार किया। उन्होंने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी साक्षात् लक्ष्मी का रूप हैं। इस मौके पर भजनों के दौरान भावविभोर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। कथा के दौरान आयोजक प्रकाश चंद केशरवानी, संयोजक संजुला पांडेय, सेवादार सुरेश कुमार, शालू केशरवानी, रामाश्रय, छोटेलाल गुप्ता, मनीष जायसवाल, रामनारायण पांडेय, निहारिका, बीनू आदि मौजूद रहे। अजय मिश्रा, कृष्णा पांडेय वैदिक कृष्णा पंडित और नंदकिशोर ने संगीतमय कथा में वाद्ययंत्रों और गायन का पुट दिया।

कथा के दौरान नृत्य करते आस्थावान श्रद्धालु। अमृत विचार

बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास के दोषी को 20 वर्ष की कैद

अदालत ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● किराए पर कमरा लेकर रह रहा था दोषी मनोज

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम संदीप चौहान ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के अभियुक्त को दोषी ठहराया है। उन्होंने उसे 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतान पड़ेगी। अदालत में अभियुक्त को पुलिस विरासत में जेल भेज दिया।

हमीरपुर जिले के छानी बुजुर्ग निवासी मनोज कुमार सोनी पुत्र खुशी राम महोबा शहर के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। 20 दिसंबर 2020 को मकान मालिक की बच्ची किराएदार मनोज सोनी के कमरे में चली गई थी। आरोप है कि मनोज ने छोटी बच्ची के कपड़े उतार कर उससे अश्लील हरकत की और दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची किसी तरह डर कर भागी और सारी कहानी उसने घर वालों को बताई।

पीड़ित के परिजनों ने घटना की रिपोर्ट थाना बिवार में दर्ज करने के लिए तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित के परिजनों ने 28 जुलाई 2020 को रजिस्टर्ड डाक से तहरीर की कॉपी पुलिस अधीक्षक को भेजी। 21 मार्च को न्यायालय के आदेश पर मनोज कुमार सोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी।

न्यायाधीश ने मनोज सोनी दुष्कर्म के प्रयास का दोषी पाए जाने पर 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 30000 का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर अभियुक्त को दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। इस मुकदमे की पैरवी सरकार पक्ष की ओर से डीजीसी पुष्पेंद्र मिश्रा ने की।

महिला ने जेठ पर लगाया छेडछाड़ का आरोप

महोबा। चरखारी के थाना खरेला क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम में एक महिला ने पुलिस उपाधीक्षक रविकान्त गोंड को दिये लिखित शिकायती पत्र में अपने ही जेठ पर छेड़छाड़ और मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सीओ ने शिकायती पत्र मिलने के बाद घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस शिकायत से जीते भी काफी शर्मिंदा हो गया है।

बताते चलें कि थाना खरेला क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने चरखारी तहसील पहुंच कर सीओ से न्याय की गुहार लगाई है। उसने शिकायती पत्र में बताया कि उसके खेत पर लगे 50 बेरी एवं बबूल के पेड़ उसके जेठ ने बेच लिए हैं। वह मौका देखकर पैसा देने के बहाने उस समय घर में घुस आया जब घर में पति नहीं था। महिला का आरोप है कि घर में घुसकर जेठ ने उसके साथ छेडछाड़ की तथा मारपीट करने पर आमादा हो गया।

पुलिस ने पकड़ी असलहा बनाने वाली फैक्ट्री

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम बपरेथा नाला के पास अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए स्थानीय पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम ने असलहों का जखीरा तथा असलहा बनाने के उपकरण सहित पांच लोगों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम बपरेथा नाला के पास स्थानीय पुलिस, स्वाट टीम एवं सर्विलांस टीम ने छापेमारी करते हुए एक असलहा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए असलहों का जखीरा, भारी मात्रा में असलहा बनाने के उपकरण अधबने असलहा बरामद किया। साथ ही पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने राजू लुहार पुत्र हरिया ग्राम कुल्हेडा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर, बाबू कुशवाहा पुत्र मस्तराम , अजीत राजपूत पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम अनघौरा थाना चरखारी, भईयालाल कुशवाहा पुत्र चतुरैया ग्राम अनघौरा तथा श्याम

अवैध असलहा बनाने वाले अभियुक्त पुलिस हिरासत में।

सोनी उर्फ नन्ना सोनी पुत्र हरीशंकर सोनी, ग्राम अनघौरा को दबोचा।

पुलिस ने अभियुक्तों की अवैध फैक्ट्री से चार तमंचा 315 बोर, 2 तमंचा 12 बोर, दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस सहित भारी मात्रा में अधबने असलहा तथा असलहा बनाने के उपकरण पंखा, निहाई, बांक, वर्मा, हथौडा आदि तमाम उपकरण बरामद किए हैं।

असलहा बनाने की फैक्ट्री की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम को लगाया था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता, एसआई राजकुमार यादव,

● चरखारी पुलिस, एसओजी, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम ने पांच लोगों को दबोचा

एसआई अर्जुनप्रसाद पटेल, एसआई भगवानदीन, एसआई भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल श्याम सिंह, रामाबाबू गुप्ता, कुलदीप कुमार, पवन कुमार, नितिर कुमार राममिलन, एसओजी प्रभारी शिवप्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी रवि कुमार सिंह, एसआई विवेक यादव, रंजीत सिंह, निर्भय सिंह द्वारा दबिश देते हुए सभी अभियुक्तों को दबोचा गया है।

प्रभारी निरीक्षक गुप्ता ने बताया कि एसपी महोबा के निर्देश पर सीओ चरखारी रविकांत गोंड के नेतृत्व में कठित टीम ने जिन अभियुक्तों को दबोचा है। उनका आपराधिक रिकार्ड पहले से ही है। जिसमें राजू के विरूद्ध थाना खरेला में आधा दर्जन आर्म्स एक्ट के मामले पंजीकृत हैं। इसके अलावा श्याम बिहारी बाबू कुशवाहा भी कई बार अवैध असलहा रखने के जुर्म में जेल जा चुके हैं। पुलिस उनकी और क्राइम हिस्ट्री देख रही है।

दो पक्षों में हुए विवाद युवक पर रॉड से हमला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर की मोहल्ला भटीपुरा में मदीना मस्जिद चौराहा के पास दो लोगों में हुए विवाद को लेकर एक पक्ष ने युवक पर लोहे की राड से हमला कर दिया। खून से लथपथ हालत में युवक को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

मोहल्ला भटीपुरा निवासी फिरोज 27 पुत्र शमसुद्दीन का मोहल्ले के ही नईम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर दोनों की हाथापाई शुरू हो गई। बाद में नईम ने लोहे की रॉड उठाकर फिरोज पर हमला कर दिया। जिससे फिरोज खून से लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। घायल के परिजन चीखते चिल्लाते हुई मौके पर पहुंच गए। आसपास की लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर सर से खून बंद न होने के कारण डॉक्टर ने उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है परिजनों ने बताया कि अभी भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है इस घटना से परिजनों में खासा गुस्सा है।

घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और हमलावर की तलाश में जुट गई है, लेकिन हमलावर का कोई सुराग नहीं लगा।घर के लोग भी ताला लगाकर भाग चुके हैं। पुलिस हमलावर की तलाश में अभी भी हाथ पैर मार रही है इस घटना से लोगों में भय और दहशत व्याप्त है।

गांव से पांच किमी दूर बांटी जा रही खाद

चरखारी, महोबा

अमृत विचार। चरखारी विकास खंड के ग्राम सूपा में साधन सहकारी समिति का कार्यालय गोदाम स्टाफ सभी मौजूद है, लेकिन समिति द्वारा गांव से 5 किलोमीटर दूर केंद्रीय मंडी से खाद का वितरण किए जाने से किसानों में नाराजगी है। साथ ही किसानों ने निर्धारित स्थल से दूर खाद वितरण किए जाने में भ्रष्टाचार होने का भी आरोप लगाया है। खाद गांव में न मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा भी किया।

रबी की फसल की बुवाई का काम तेजी से शुरू हो चुका है जिससे खाद की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग के दौरान अतिरिक्त धन कमाने की लालसा जिम्मेदारों की बढ़ रही है। जैसा कि विभिन्न खाद बिक्री केन्द्रों में देखने को मिल रही है। ऐसा ही मामला ग्राम सूपा में प्रकाश में आया है। यहां गांव में साधन सहकारी समिति कार्यालय गोदाम व स्टाफ मौजूद है, लेकिन गांव की समिति

पांच किलोमीटर दूर खाद बांटे जाने के विरोध में हंगामा करते किसान। अमृत विचार

● डीएपी खाद पाने के लिए किसानों को करनी पड़ रही भारी मशक्कत

कार्यालय से खाद वितरण करने के बजाय 5 किलोमीटर दूर केन्द्रीय मण्डी से खाद का वितरण किया जा रहा है। गांव से पांच किलोमीटर दूर से वितरण किए जाने से विशेष तौर पर महिला किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। महिलाएं पांच किलोमीटर पैदल चलकर मण्डी तक पहुंच रहीं हैं। खाद मिल जाने पर खेतों तक खाद पहुंचाने में अतिरिक्त धन व्यय करना पड़ रहा है। इससे महिला किसान परेशान हैं। महिला किसान प्रकाश रानी , कैलाश, गोमती, जानकी, फूलवती, जीनत, विंदीदेवी तथा सुरेंद्र, अशोक, दासी , विपिन, इसराइल , धूराम , रामरतन, धर्मपाल आदि का आरोप है कि गांव से खाद वितरण न किए जाने के पीछे कर्मचारियों की मंशा खाद की कालीबाजारी करना है क्योंकि गांव मे स्थिति समिति कार्यालय आबादी के बीच है जहां खाद की आमद व संख्या की जानकारी किसानों को होती है और इस पारदर्शिता को कर्मचारियों द्वारा छिपाया जा रहा है।

अधिवक्ता से दुर्व्यवहार की शिकायत, कार्रवाई की मांग

संवाददाता,हमीरपुर

● अधिवक्ता जय किशोर गुप्ता ने जिलाधिकारी से मिलकर दी जानकारी

अमृत विचार। 18 अक्टूबर को जालसाज के झांसे में फंसे अधिवक्ता के साथ दिव्यांग महिलाओं ने दुर्व्यवहार किया था। जिस पर मंगलवार को पीड़ित अधिवक्ता ने जिलाधिकारी को पत्र सौंप प्रकरण की जांच करा कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

अधिवक्ता जय किशोर गुप्ता ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में बताया कि बीते गुरुवार को वह अपने बस्ते में बैठ कर काम कर रहे थे। तभी छानी बुजुर्ग गांव निवासी एक दिव्यांग काम करवाने के लिए कलेक्ट्रेट आया था। उसके साथ तीन महिलाएं भी थीं जो प्रधानमंत्री आवास विकास योजना से जुड़े दस्तावेज तैयार करवाने के लिए उसके पास आईं। दिव्यांग ने अपने हिसाब के पैसे बताकर बिना उनसे पूछे उन महिलाओं से कुल बारह सौ रुपये लेकर उन्हें दिया। शुक्रवार को दस्तावेज तैयार होने पर उनसे जबरन पूरे पैसे और तैयार दस्तावेज लेकर फरार हो गया। उसके कुछ देर बाद ही तीनों अज्ञात महिलाएं आकर उन्हें प्रताड़ित करने लगीं। बताया कि वह हृदय रोग से लंबे वक्त से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने अभद्रता करते हुए बीच सड़क पर चप्पल से प्रहार करना शुरू किया।

मामला तूल पकड़ता देख लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पीड़ित ने पत्र के माध्यम से मामले की जांच कर और फ्रॉड व जालसाजी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस मामले कार्रवाई होनी चाहिए।

निजी भूमि पर जेसीबी से हो रहा खनन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

एलएनटी मशीन से निकालते बालू।

● ओरवलोड वाहन चलने से नगारा मार्ग की पुलिया व सड़क हो गई क्षतिग्रस्त

अमृत विचार। थाना पनवाड़ी के ग्राम नगारा में बालू कारोबारियों ने ओवरलोड वाहन चलाकर पुलिया और सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बालू माफिया खेतों में बालू को मजदूरों से निकालने के बजाय एलएनटी मशीनें चला रहे हैं। जिससे खेत समतल होने के बजाय बर्बाद हो रहे हैं, किसान अब उन खेतों में फसल की पैदावार नहीं कर पाएंगे।

नदियों के किनारे स्थित खेतों में बारिश के मौसम में बाढ़ के समय बालू आ जाती है, जिससे तमाम खेतों में बालू के ढेर लग जाते हैं। सरकार किसानों के खेतों को समतल बनाने के लिए बालू हटाने के लिए किसान को अस्थाई ठेके दे देती है, लेकिन किसान बालू हटाने के बजाय बालू माफियाओं को बालू हटाने का काम सौंप देते हैं जिससे बालू माफिया मजदूरों के बजाय बड़ी बड़ी एलएनटी मशीनें लगाकर खेतों से बालू निकाल रहे हैं, जिससे खेत समतल होने के बजाय गड्ढायुक्त होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं बालू माफिया दिन रात मशीनें चलाकर ओवरलोड ट्रक चला रहे हैं, जिससे नगारा मार्ग की पुलिया क्षति ग्रस्त हो गई है। वहीं रोड गड्ढे हो जाने से वाहनों से चलना मुश्किल है।

ग्रामीणों द्वारा ओवरलोड वाहनों का विरोध करने पर बालू माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को धमकाया जा रहा है और मानकों के विपरीत यहां पर धड़ल्ले से बालू का खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निजी भूमि पर दिए गए पट्टों में नियम के विपरीत खनन किया जा रहे है। ओवर लोडिंग वाहनों की शिकायत अधिकारियों से शिकायत करने के बाद छापामारी कार्रवाई की गई, लेकिन इसकी भनक लगते ही बालू माफिया काम बंद करके इधर उधर खिसक गए। ग्रामीणों ने खनन अधिकारी को पत्र भेजकर मजदूरों के बजाय मशीनों से किए जा रहे खनन को बंद करने मांग की।

मकान में अवैध तरीके से रखे पटाखे बरामद

महोबा। अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण और परिवहन करना अपराध है। बावजूद इसके लोग भंडारण कर रहे हैं। अवैध रूप से भंडारण के मामले में ही पुलिस ने दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक मकान में रखी भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी की सामग्री बरामद कर ली।

किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे इसके लिए आतिशबाजी का अवैध परिवहन, भंडारण रोकने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुख्यालय के नैकानापुरा मुहाल में एक मकान पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी की सामग्री बरामद कर दो अभियुक्तों पुष्पेंद्र गुप्ता पुत्र गजाधर गुप्ता व मनोज कुमार गुप्ता पुत्र गजाधर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है ।

छात्राओं को खुद की सुरक्षा के तरीके बताए

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

● मिशन शक्ति के तहत सीओ ने डिग्री कालेज में छात्राओं को किया जागरूक

अमृत विचार। हीरानंद परास्नातक महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सीओ मौदहा ने छात्राओं को मिशन शक्ति से संबंधित कई जानकारी दीं।

मंगलवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम में सीओ मौदहा विनीता पहल, प्रबंधक जीवेंद्र कुमार पाठक, प्राचार्य डॉ अभिनंदन सिंह ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर शुरुआत की। वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत गाए। सीओ ने छात्राओं से कहा वह स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अपनी रक्षा कर सकती हैं तथा मुसीबत आने पर किसी से भी मुकाबला कर अपनी रक्षा कर सकती हैं। उन्होंने तीन चीजों शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने को कहा। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 112, 1090, 108, 1067 नंबरों की जानकारी विस्तार से दी। इसके बाद थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने थाने का नंबर देते हुए कहा असुरक्षा महसूस करने पर डायल करें। ताकि विपत्ति के दौरान आप लोगों तक मदद पहुंच सके। उन्होंने कहा कि घरना नहीं है। पुलिस की मदद लें और दोषी पर कार्रवाई कराएं।

क्राइम इंस्पेक्टर रनवीर सिंह, एसआई अंकित बैसले, अंजलि कुमारी एवं रंजन शाक्य, शैलेंद्र तिवारी, अनुराग तिवारी, रामस्वरूप पाठक, हिमांशु कुमार, सूरज पाल सहित कालेज का स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं। दो सैकड़ा से अधिक छात्राएं मौजूद रहीं।

सार-संक्षेप

अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

वरिष्ठ अधिवक्ताओं को मिले पेंशन

हमीरपुर। अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं की सुरक्षा, युवा व वरिष्ठ अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पेंशन दिए जाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष भगवान दास दीक्षित के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विभिन्न मांगों का राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें में अधिवक्ताओं के लिए विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अविलंब लागू किए जाने, अधिवक्ताओं के लिए व्यवस्थित चैंबर व वाहन स्टैंड बनाए जाने, केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिए जाने, सामूहिक स्वास्थ्य बीमा किए जाने, राज्यसभा एवं विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिए सीटें आरक्षित करने की बात कही। इसके साथ ही जनपद न्यायालय में पहले से ही गठित शिकायत निवारण समिति में मुख्यालय स्थित सभी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/महामंत्री के साथ साथ पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को बतौर सदस्य नामित किया जाने, झारखंड सरकार के तर्ज पर नए अधिवक्ताओं के लिए 10,000 रुपये मासिक स्टाइपेंड तथा 60 साल के ऊपर वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए 25,000 रुपये मासिक बतौर पेंशन प्रदान किये जाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। इस मौके पर महामंत्री शैलेंद्र कुमार सचान सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

किसानों ने खाद के लिए किया हंगामा

मौदहा (हमीरपुर)। सिसोलर सहकारी समिति में मंगलवार को खाद के लिए पांच गांवों के ग्रामीणों ने खासा हंगामा किया। हंगामा का मुख्य कारण था कि बुढ़ई, भटुरी, बैजेमऊ तथा गढ़ा व भुलसी के किसानों का नंबर होते हुए भी इन्हें खाद नहीं दी गई। नाराज किसानों ने थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष के नाम ज्ञापन भी दिया है। भटुरी गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्र, लाला विश्वकर्मा, मोहन सिंह व बुढ़ई गांव निवासी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सिसोलर क्षेत्र के किसानों दो सोमवार को लगातार पहले ही खाद मिल चुकी है। कल सोमवार को इन्हें खाद न मिलने पर लोगों ने खासा हंगामा किया था। जिन्हें आज मंगलवार को उनका नंबर काट कर खाद दी गई। जबकि मंगलवार को समिति के अनुसार बैजेमऊ, गढ़ा, भुलसी व भटुरी, बुढई के किसानों को दो–दो बोरी खाद मिलनी थी। जो नहीं दी गई। खाद की व्यवस्था देख रहे सहायक विकास खंड अधिकारी सहकारिता बृजमोहन पटेल ने बताया कि इन किसानों को भी आज खाद मिली है। भले ही कुछ इनमें से रह गए हों। उन्होंने कहा कि 500 बोरी खाद सिसोलर आई थी। सोमवार को 90 किसान सिसोलर के किसानों को खाद के लिए सूचीबद्ध किया गया था। इन्हें दो दो बोरी मिलाकर कुल 180 बोरी खाद दी गई। शेष खाद भुलसी, भटुरी, बैजेमऊ व बुढाई के जो किसान थे उन्हें खाद देकर यह कहा गया कि जो शेष रह गए हैं, उन्हें कल खाद दी जाएगी।

स्थानांतरण होने पर एसआई को दी विदाई

कुलपहाड़, महोबा। उपनिरीक्षक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी अर्जुन सिंह ने स्थानांतरित उपनिरीक्षक डीसी शुक्ला को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी है। उन्होंने यादगार स्वरूप उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कुलपहाड़ कोतवाली में तीन माह तैनाती के बाद उपनिरीक्षक डीसी शुक्ला का स्थानांतरण अजनर थाना कर दिया गया। जिसको लेकर कोतवाली परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। कोतवाली प्रभारी ने स्थानांतरित उपनिरीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके अलावा अपराध इंस्पेक्टर यशवन्त सिंह, एस आई दिनेश सिंह, एस आई अश्वनी मिश्रा, एस आई महेंद्र सिंह सहित पुलिस कांस्टेबल राजेश कुमार, दिनेश कुमार रहे।

अभियान | राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित हुआ करियर गाइडेंस मेला

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

करियर गाइडेंस मेले को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

करियर गाइडेंस मेले में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र- छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए पंख पोर्टल की शुरुआत की गई थी। जिसमें बच्चों को अपने भविष्य को संवारने में मदद मिलती है। इसी के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज में करियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया। जिसमें तमाम विभागों के अधिकारी डॉक्टर, पत्रकार, व्यापारी, अधिवक्ता की मौजूदगी में बच्चों को अपना अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित करियर गाइडेंस मेला में नगर के संभ्रांत डॉक्टर, पत्रकार, सफल व्यापारी के साथ पुलिस अधिकारी व समाजसेवी, नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने- अपने विचारों को रखते हुए छात्राओं को अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ.रश्मि त्रिपाठी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया की छात्राओं के लिए मेडिकल लाइन अच्छी है। मगर उसके लिए पहले से तैयारी कर कड़ी मेहनत करनी होगी। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत और लगन जरूरी है।

व्यापारी उमा शंकर गुप्ता ने फर्श से अर्श तक पहुंचने की अपनी जीवन गाथा बताकर छात्राओं को व्यापार के लिए जागरूक किया। पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने भी बच्चों को पुलिस क्षेत्र में अपना भाविष्य संवारने के लिए टिप्स दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजलि प्रिया गौतम ने कहा कि समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिलती है। उनके विद्यालय की छात्राएं अपने परिवार व शहर का नाम रोशन करेंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय स्टाफ की प्रवक्ता दीपिका शर्मा, सहायक अध्यापक आरती देवी, पूनम वर्मा, सहायक अध्यापक संतोष कुशवाहा ने किया।

दो बदमाशों को गिरफ्तार जेल भेजा

महोबा। लूट व चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे चार शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पकड़े गए अभियुक्तों के पास अवैध तमंचे कारतूस, चाकू, लूट व चोरी करने के उपकरणों सहित बाइक व मोबाइल बरामद हुए हैं। बता दें कि आगामी त्योहारों को देखते हुए एसपी के निर्देश पर जनपद पुलिस सतर्क हो गई है, महोबकंठ थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए लूट व चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे आपराधिक प्रवृत्ति के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, लोहे का सब्बल, चोरी करने के उपकरणों सहित एक बाइक व मोबाइल भी बरामद हुए हैं । पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी मामले दर्ज हैं।

एक नजर

कैफे संचालक ने की किशोरी से छेड़छाड़, गिरफ्तार

उरई। कोतवाली क्षेत्र के करसान रोड पर स्थित सिटी कैफे रेस्टोरेंट संचालक ने किशोरी के साथ छेड़खानी कर दी। मामले में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर की एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय किशोरी सोमवार शाम करीब चार बजे घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी। बताया गया है कि इसी दौरान रास्ते में करसान रोड के पास सिटी कैफे रेस्टोरेंट संचालक इरसाद उर्फ अयान ने उसे बुलाया और उसके साथ छेड़खानी करते हुए अभद्रता कर दी। जिस पर किशोरी ने घर पहुंचकर पूरी घटना अपनी मां को बताई। जिसके बाद मां रेस्टोरेंट पर पहुंची तब तक आरोपी युवक मौके से भाग निकला। जिस पर पीड़िता की मां ने पुलिस को सूचना दे दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की हर पहलू से जांच शुरू की। बाद में आरोपित रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि मामला काफी गंभीर था और आरोपित ने किशोरी के साथ छेड़खानी की थी।

डंपर की टक्कर से बाइक चालक अधेड़ की मौत

उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र में मुहम्मदाबाद–गुढ़ा मार्ग पर डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐरी निवासी भानू प्रताप 42 वर्ष पुत्र गोपाल मल्लाह सोमवार की देर रात बाइक से अपने गांव ऐरी जा रहा था। तभी मुहम्मदाबाद–गुढ़ा मार्ग पर सामने से आ रहे एक डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उठाकर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल की उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भर कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

खुले आम चल रहा एलपीजी गैस रिफलिंग का धंधा

कार्यालय संवाददाता, उरई

गैस रिफलिंग के लिए एक दुकान के बाहर रखा सिलेंडर और मीटर लगी रबड़।

- कुइया रोड सहित नगर में कई जगह हो रहा कारोबार
- जिम्मेदारों की अनदेखी पड़ सकती है भारी

अमृत विचार। कुइया रोड सहित नगर में कई जगह खुलेआम एलपीजी की अवैध गैस रिफलिंग का काम जोरों पर चल रहा है। इस तरफ जिम्मेदार अफसरों का कोई ध्यान नहीं है। जिले में कई बार इसी तरह से अवैध रिफलिंग बड़े हादसों का कारण बन चुकी है। कुछ लोग बीच बाजार में गैस रिफलिंग की दुकान खोले बैठे हैं तो कुछ लोग अपने घरों पर बैठकर ही कारों तक में एलपीजी गैस रिफिल कर रहे हैं। इससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है। शहर में खुलेआम चल रहे इस अवैध कारोबार पर जिलापूर्ति विभाग, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। नगर में गैस रिफलिंग का यह अवैध कारोबार कहीं चोरी-छिपे या फिर दूरदराज के इलाकों में नहीं चल रहा है, बल्कि घनी आबादी वाले मुहल्लों व बीच मार्केट में हजारों लोगों की जान को जोखिम में डालकर खुले आम चल रहा है। अन्य घरेलू एलपीजी की तरह पांच किलो गैस वाला छोटा सिलेंडर भी गैस एजेंसियों से ही मिलता है। लेकिन एजेंसियों के चक्कर लगाने से बचने और समय बचाने के लिए लोग बाजार में दुकानों पर बिक रहे छोटे सिलेंडरों को बाजार से खरीद लेते हैं और जब सिलेंडर खाली हो जाता है तो इन्हीं दुकानदारों से गैस रिफलिंग भी करा लेते हैं। दुकानदारों को एक छोटा सिलेंडर रिफिल करने में करीब 50 रुपये का फायदा हो जाता है। इसी तरह कारों में भी गैस रिफलिंग का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। नगर में यह स्थिति है तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीच आबादी में हो रही गैस रिफलिंग के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

शिविर लगाकर दिव्यांगों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, कोंच

अमृत विचार। दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए सबल दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विकलांग प्रमाणपत्र से वंचित दिव्यांगों को मौके पर ही प्रमाणपत्र जारी किए गए।

मंगलवार को तहसील परिसर में डॉक्टरों की आयी टीम ने शिविर का आयोजन किया। इसमें दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान सामूहिक विवाह पंजीकरण, बैटरी चलित ट्राई साइकिल, विकलांग पेंशन, रेलवे यूनिक कार्ड यूडीआईडी कार्ड, दुकान निर्माण व संचालन ऋण, दिव्यांग विवाह पुरस्कार आदि योजनाओं के आवेदन लिए गए। शिविर के दौरान उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि शिविर में करीब 60 दिव्यांग्यता प्रमाणपत्र आवेदन मिले हैं जिनमें कुछ नए है एवं कुछ लोगों की दिव्यांग्यता बढ़ जाने के कारण उन्हें नियमानुसार लाभ दिलाए जाएंगे।

अवैध खनन पर कार्रवाई जेसीबी और ट्रैक्टर पकड़ा

कोंच तहसील के ग्राम मनोहरी में हो रहा था खनन

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। मिट्टी के अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को कोंच क्षेत्र के इंडस्ट्रीज एरिया के पास सड़क पर फर्राटा भर रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर की सूचना पर एसडीएम व तहसीलदार ने अवैध उन्हे रोका। अवैध खनन की जानकारी कर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

एसडीएम को ग्रामीणों ने मंगलवार को सूचना दी कि कोंच क्षेत्र के ग्राम मनोहारी के खेतों में जेसीबी से मिट्टी खनन हो रहा है। खनन माफिया टैक्टर-ट्रॉली में मिट्टी लोडकर उसे ले जा रहे हैं। इस पर एसडीएम ज्योति सिंह ने मौके पर तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल और कोतवाल अरुण कुमार राय व

चेकिंग करतीं एसडीएम ज्योति सिंह। अमृत विचार

पुलिस टीम के साथ छापेमारी की।

मौके पर अवैध खनन की मिट्टी लाद कर सड़क पर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा। चालक के बताये हुए स्थान मनोहरी गांव से खेत में मिट्टी खोदने वाली जेसीबी भी पुलिस ने पकड़ी। एसडीएम ने इसकी सूचना खनन विभाग को दी । और ट्रैक्टर व जेसीबी को कोतवाली में खड़ाकर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि मिट्टी खनन के अनुमति के कागजात मांगे है। जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई होगी।

पुलिस ने देशी शराब सहित 2 आरोपी पकड़े

कालपी । दीपावली आदि त्योहारों के मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से शराब को बेचने के लिए ले जा रहे हैं दो व्यक्तियों को स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाठक के निर्देश पर ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड में चौहान ढाबा के पास संदिग्ध अवस्था में थैले में अवैध शराब लेकर जा रहे आरोपी युवक मोहम्मद पुत्र शाहिद निवासी डेरापुर को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से 28 अदद अवैध देसी शराब बरामद की गई। इसी प्रकार जोल्हूपुर मोड - रामपुर रोड में चेकिंग के दौरान ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने अवैध शराब लेकर जा रहे युवक को एक गार्डन के पास से 25 अवैध देशी क्वाटर के साथ दशरथ पुत्र परशुराम को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के निर्देश पर दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई हुई।

कार सवार 4 युवकों ने सिपाही के साथ की मारपीट, 2 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जालौन



- चेकिंग के दौरान कार रोकने पर भड़के युवक
- जालौन के देवनगर चौराहे का मामला

अमृत विचार। देव नगर चौराहे पर चेकिंग के दौरान कार सवार चार लोगों ने सिपाही के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मौके से मारपीट करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि दो युवक कार लेकर मौके से भाग गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

नगर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर देवनगर चौराहे पर सोमवार की रात पुलिस गश्त कर रही थी। उसी दौरान एक अर्टिगा कार आती हुई दिखाई पड़ी जिसे चेकिंग के दौरान रोक लिया गया। इस दौरान पुलिस के जवान अजय कुमार ने कार सवार युवक मयंक शर्मा पुत्र संतोष शर्मा निवासी लहारिया पुरवा व आकाश शर्मा पुत्र विष्णु दत्त निवासी पटेल नगर व दो अन्य युवको के से पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने सिपाही के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि गाली गलौच करते हुए सिपाही के साथ साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना को देखकर वहां मौजूद अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पकड़ लिया। जबकि पुलिस को आते देख दो अन्य युवक कार लेकर मौके से भाग गए। जिसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण कराने पहुंची, लेकिन इस दौरान पकड़े गए युवकों का दबंग स्टाइल देखने को मिला। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ सम्बन्धित कारवाई की, और मौके से फरार हुए दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

सिपाही पर हमला करने पर 3 के खिलाफ रिपोर्ट

कालपी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में सरकारी ड्यूटी के दौरान सिपाही के ऊपर हमला करने तथा सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में तीन नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। कांस्टेबल विपिन कुमार कालपी कोतवाली में तैनात हैं। सिपाही ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि सरकारी काम के सिलसिले में थाना क्षेत्र के ग्राम निवाड़ी में ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान आरोपियों गुलशन पुत्र रघुनाथ, वंदना पत्नी गुलशन तथा गुलशन के पिता रघुनाथ ने सरकारी काम में बाधा किया तथा मारपीट की। पुलिस में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रणधीर सिंह द्वारा की जा रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

समिति का निरीक्षण करते एसडीएम सुशील कुमार सिंह।

निरीक्षण कर खाद की वितरण व्यवस्था परखी

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। खाद की वितरण व्यवस्था की वास्तविकता को जांचने के लिए मंगलवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दमरास तथा इटौरा की सहकारी समितियो का औचक निरीक्षण किया तथा जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

कालपी क्षेत्र में किसानों को सुगमता पूर्वक खाद वितरण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा प्रभावी कदम उठाए गए हैं। शीर्ष अधिकारियों को सहकारी समितियां से उर्वरक की बिक्री करने के लिए निगरानी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने दमरास में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया गया तथा उर्वरक की बिक्री देखी। परिसर में गंदगी देख कर नाराजगी जताई। दमरास गांव में एक लाइसेंस धारक की दुकान को भी चैक किया।

इसके पहले इटौरा सहकारी समिति लिमिटेड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी नहीं मिले। बताया गया कि समिति के एकाउंटेंट उर्वरक की उपलब्धता के लिए बैंक में धन ट्रांसफर करने या ड्राफ्ट बनवाने के लिये कालपी गये है। उपजिलाधिकारी ने सहकारी समिति में उर्वरक की बिक्री के अभिलेखों की जांच की तथा निर्देश दिए के किसानों को सरलता पूर्वक खाद का वितरण किया जाए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाने पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डंडा लेकर सड़क पर उतरे एआरएम डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

कार्यालय, संवाददाता उरई

अमृत विचार। डग्गामार वाहन संचालकों से परेशान होकर यूपी रोडवेज बस के उरई डिपो के एआरएम कमल आर्या का मंगलवार को रौंद रूप देखने को मिला। जहां डग्गामार वाहनों के खिलाफ एआरएम को अपने स्टाफ के साथ सड़क पर डंडा लेकर उतरना पड़ा। उन्होंने डग्गामारी कर सवारी ले जाने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एआरएम ने डग्गामार वाहन संचालकों को डंडा लेकर भी दौड़ाया। उनसे बहस भी हुई, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के पास आए दिन डग्गामार वाहन संचालक रोडवेज बस के आगे गाड़ी लगाकर झांसी कानपुर के लिए सवारियां भरकर ले जाते हैं। जिससे रोडवेज की डिपो बस घाटे में जा रही है और उरई, कानपुर और झांसी का रेवेन्यू नहीं बढ़ पा रहा है। इसी को लेकर उरई डिपो के एआरएम कमल आर्या ने पहले इसकी जांच की। जिसके बाद उन्हें डग्गामार

कार्रवाई के दौरान उलझते वाहन चालक। अमृत विचार

- डग्गामार वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान
- रोडवेज बस के आगे-आगे करते हैं डग्गामारी

वाहनों के खिलाफ डंडा लेकर अपने स्टाफ के साथ सड़क पर उतरकर चेकिंग अभियान चलाना पड़ा। इस दौरान बस स्टैंड के आगे से डग्गामार वाहनों को हटाने का प्रयास किया। जिस पर डग्गामार वाहन चालक एक जुट हो गए और एआरएम से तू-तू मैं-मैं करने लगे, जिस पर एआरएम को अपना रौद्र रूप दिखाना पड़ा और डग्गामार वाहन के संचालकों को डंडा लेकर खदेड़ना पड़ा। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

इस दौरान एआरएम ने डग्गामार वाहन संचालकों को चेतावनी दी यदि बस स्टैंड के पास डग्गामार वाहन दिखाई दिए, तो उनके शीशे फोड़ दिए जाएंगे। वहीं उन्होंने सभी डग्गामार वाहन संचालकों को कड़े लहजे में कहा बस स्टैंड से 1 किलोमीटर दूरी पर ही वाहन दिखाई दें। नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किराना स्टोर से लाखों रुपये का विस्फोटक बरामद

उरई। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक किराने की दुकान में छापा मारते हुए भंडारण किए गए लाखों रुपए के पटाखे जप्त किए। इस दौरान किराना स्टोर मालिक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया में हाशिम नाम का एक व्यक्ति किराना की दुकान खोले हुए हैं। बताया गया है कि जहां पर वह किराना के साथ-साथ बिना लाइसेंस के विस्फोटक सामग्री का भंडारण कर बेच रहा था। इसकी सूचना पुलिस को गुप्त तरीके से मिली, जिसके बाद सीओ उमेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने किराना दुकान पर छापेमारी कर दी। इस दौरान किराना स्टोर संचालक ने किराना के सामान के साथ विस्फोटक सामग्री को छुपाया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें फुलझड़ी, बारूद के साथ-साथ अन्य विस्फोटक सामग्री थी, जो बिना लाइसेंस की बेची जा रही थी और इसका अवैध तरीके से भंडारण किया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को मौके से हिरासत में लिया और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

बैठक के बाद मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

10 नवंबर को लगेगा पेंशन और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, बैठक

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। 10 नवंबर को ठक्कर बापा इंटर कॉलेज कालपी में होने वाले पेंशन सेवा तथा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप के आयोजन के लिए कालपी में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की मंगलवार को एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैप्टन अनूप मेहरोत्रा ने की।

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जालौन द्वारा ठक्कर बापा इंटर कालेज कालपी मे 10 नवंबर को होने वाले पेंशन सेवा तथा स्वास्थ परीक्षण के लिये वरिष्ठ संरक्षक पूर्व कैप्टन अनूप मेहरोत्रा ने मंगलवार को आयोजित बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन टीम के सदस्यों से विचार विमर्श किया तथा सभी से सुझाव लिए तथा कैम्प की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की। तथा आयोजित कैम्प स्थल का निरीक्षण किया। तथा लोगों को आमंत्रित करने के लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है।

बैठक में कालपी तहसील अध्यक्ष कैप्टन छेदा सिंह, महेवा संयोजक जितेंद्र सिंह, महेवा उप संयोजक विजय बहादुर,, यशपाल सिंह,चुर्खी संयोजक अमर सिंह पाल आटा संयोजक कौशलेंद्र प्रताप सिंह जादौन, उरई तहसील संयोजक दिनेश कुमार निगम कदौरा संयोजक, जगराम, प्रजापति, संतोष कुमार, परशुराम, मौजूद रहे।

बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

कालपी । फातमा माता स्कूल के सामने हाइवे पर दो मोटर साइकिलों में जबरदस्त टक्कर हो गई। बीजापुर प्रधान भगवानदास पुत्र राजनारायण व अजय दीक्षित पुत्र किशन दीक्षित मैनुपुर घायल हुए।

घायलों को राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी पहुंचाया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉ गोपाल जी द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रिफर कर दिया।

किया जागरूक

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

360 मरीजों की जांच कर उपचार, दी गई जानकारी

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मंगलवार को सीएचसी कालपी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगा। शिविर में विशेषज्ञों तथा वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा 360 मरीजों का ओपीडी तथा 40 मानसिक रोगियों का उपचार किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकरी देकर लोगों को जागरूक किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

शिविर में मौजूद डॉक्टर व जानकारी देते अतिथि। अमृत विचार

कालपी में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. विशाल सचान, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल द्विवेदी, डॉ. रूबी सिंह तथा उरई से आये सीनियर काउंसलर डॉ. अनूप अर्चना सिंह, दिनेश कुमार के द्वारा लोगों का चैकअप करके इलाज किया।

चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि समान लक्षणों में नींद ना आना या देर से आना, चिंता, घबराहट, तनाव आदि रहना किसी प्रकार का नशा करना, कान में मन न लगा तथा आत्महत्या का विचार आना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि लोगों का उपचार होने से मानसिक रोग खत्म हो जाते हैं, इसलिए सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि 40 मानसिक रोगियों का परीक्षण करके उपचार किया गया तथा निशुल्क दवा का वितरण करके उन्हें जागरूक किया गया।

इस मौके पर राजकुमार मिश्रा, ममता, विनोद कटियार, कुलदीप सचान, किरन राठौर, आकाश राठौर, हरिचरण आदि स्वास्थ्य कर्मी के साथ अवधेश कुमार तिवारी, अमरदीप पांडेय, सतेन्द्र सिंह चौहान, पंकज सिंह चौहान हरी ओम ओमरे उपस्थित रहे।

माटीकला बोर्ड कानपुर नगर
द्वारा
दीपावली पर्व पर आयोजित 7 दिवसीय मेला



दिनांकः 23 अक्टूबर 2024 से 29 अक्टूबर 2024 तक
स्थानः रेलवे ग्राउण्ड निराला नगर कानपुर नगर

यह मेला प्रजापति समाज के पैतृक कारीगरों/परम्परागत शिल्पियों द्वारा तैयार लक्ष्मी-गणेश, दीपक, झूमर व अन्य मिट्टी से निर्मित उत्पादों की बिक्री व प्रदर्शन हेतु आयोजित है। मेला में उ0प्र0 के विभिन्न जनपदों के प्रजापति समाज के शिल्पियों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन हेतु भी प्रतिभाग किया जा रहा है। मिट्टी के अन्य उत्पादों के शिल्पकार/कारीगर भी अपना स्टॉल निःशुल्क लगा सकते हैं।

नोटः- प्रदर्शनी में विभिन्न उत्पादों की बिक्री हेतु स्टॉल, बिजली निःशुल्क दी जा रही है। स्टॉल हेतु श्री राजीव द्विवेदी मो0 9956179776 एवं श्री राजीव रावत मो0 9795527109 से सम्पर्क करें।

मेला में प्रवेश निःशुल्क

बाजार	सेंसेक्स	निफ्टी
बंद हुआ	80,220.72	24,472.10
गिरावट	930.55	309
प्रतिशत में	1.15	1.25

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800–2850 आर.आर.21. 2900–2950 गेहूंफारम 3050–3100 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 –7000 अरहर 7500 –8200 मसूर 5500 –5600 मटर 3300 –3400 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14500–14600 अरहरस्पेशल 11500–11600 चनादाल 8500–8600 मटरदाल 4300–4400 मसूरमलका 7300–7350 मसूरदाल 7575–7625 उड़ददाल 9000– 13500 उड़द धोवा 10000– 12500 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न.1. 10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1700–1770 सूजी 1730–1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600–1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700–5800 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 10500– 11800 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400– 11500 बटाली 8500–11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14100–14200 अलसी 12400–12500 अण्डी 13900–14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960–1958 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600–2625 अलसी 4800–4900 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1945–1942 मयूर 1945–1942 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700–3800 मंगलौरलड्डू 4500–4600 देशीभेली 4200–4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200–4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000–62000 औरय्या 52300–52300

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	100600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	115000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	120000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	80300
गिन्नी (प्रति नग)	59850–60050

भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में : वित्त मंत्री

सीतारमण ने कोलंबिया विवि में भारत की आर्थिक मजबूती पर दिया व्याख्यान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के अध्यक्ष लिन मार्टिन के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

- **कहा- भारत अपनी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में कर रहा है काम**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतियां पेश कर सकता है, लेकिन भारत वृद्धि के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने जोर दिया कि जब आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, तो भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं व सेवाओं के स्रोतों में विविधता लाने के इच्छुक देशों के लिए प्रमुख साझेदार बनेगा।

सीतारमण ने सोमवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत की आर्थिक मजबूती व संभावनाएं विषय पर विशेष व्याख्यान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने तथा बाहरी झटकों के प्रति मजबूती विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीतारमण ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में भारत में निवेश पर गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही आईबीएम के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्ण से उन्होंने आर्थिक सुधारों तथा आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की। न्यूयॉर्क से सीतारमण वाशिंगटन डीसी जाएंगी। वहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, जी-20 वित्त मंत्रियों व केंद्रीय बैंक गवर्नर की बैठकों, जी-20 एफएमसीबीजी, पर्यावरण मंत्रियों एवं विदेश मंत्रियों की बैठक और जी-7 में हिस्सा लेंगी।

सोने का सफर, बड़ा असर, अभी और तेजी के आसार

शैलेश अवस्थी, कानपुर

अमृत विचार : सोने की तेज चाल देख सराफा बाजार ही नहीं हर किसी की आंखें चौंधियां रहीं हैं। एक साल पहले अक्टूबर में 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम वाला सोना अब 80 हजार पार कर गया। यानी 30% से ज्यादा का मुनाफा। इतना मुनाफा तो जमीन-जायदाद या निवेश में भी नहीं मिलता।

एक साल में सोने के दाम काफी तेजी रही है। एक साल पहले दिवाली पर 62 हजार में सोना खरीदा, उसे 18 हजार का फायदा। इसे कहते हैं दिवाली का शुभ लाभ। विशेषज्ञ के अनुसार सोने की यही चाल रही तो एक-डेढ़ साल में एक लाख पार हो जाएगा। 1947 में सोना 64 रुपये तोला था जो 1950 में 99 रुपये हो गया। 1960 में 111 तो 1970 में 184 और 1980 में 1360, 2005 में 7000, 2010 में 18500, 2015 में 26343 रुपये प्रति 10 ग्राम थे, जो 2024 के अक्टूबर में 80000 रुपये पार कर चुके हैं। सोचिये, नौ साल में चार गुना बढ़ोतरी। सराफा कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि अब भी सोने की खरीदारी में समझदारी है। जब जरुरत हो तत्काल बिक जाएगा। अन्य निवेश में भुगतान को कागजी कार्यवाही में समय लगता है। तेजी के चलते रिटेल कारोबार कम हुआ है, लेकिन निवेश में मांग बढ़ी है।



- **एक साल में कमाल की चाल, 30% तक दाम बढ़े, डेढ़ साल में एक लाख तक पहुंच सकता है सोना**

त्योहारी मांग ने भी बढ़ाए दाम

बिरहना रोड पर आभूषण के बड़े कारोबारी श्रेयांश कपूर ने बताया कि त्योहार (करवाचौथ, धनतेरस, दिवाली) पर सोने की मांग रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ी है। रूस–यूक्रेन युद्ध ने भी इस पर असर डाला है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच केंद्रीय बैकों ने सोने की खरीदारी बढ़ा दी है। कस्टम शुल्क में कटौती से भी इस धातु की खरीदारी बढ़ी है। इन कारणों से भी दाम बढ़े हैं।

पुराने गहने बाजार में आए

सोने में तेजी को देखकर लोग पुराने गहने (दादा–दादी के जमाने के) बेच रहे है और इसके बदले कुछ लोग हल्की डिजाइनर ज्वेलरी खरीद रहे हैं। साथ ही पुराने गहने बेचकर तगड़ा मुनाफा उठा रहे हैं। सुरक्षित निवेश और बेहतर रिटर्न के चलते सोने की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है।

हल्की ज्वेलरी की हो रही ज्यादा खरीदारी

भाव में जबरदस्त तेजी से हल्की ज्वेलरी की खरीदारी ज्यादा हो रही है। पांच हजार में भी अंगूठी मिल जाएगी। सोने का सेट 80 हजार में भी उपलब्ध है। अन्य आभूषण भी आठ से 80 हजार तक में खरीद सकते हैं। दाम में तेजी से हल्के डिजाइनर गहने लोगों को लुभा रहे हैं। निवेश के मद्देनजर ठोस सोना खरीदना बेहतर है। बेचने पर कोई कटौती नहीं होती।

एक-दो बार कम भी हुए दाम

चीन से युद्ध के दौरान 1962–63 में सोने के दाम 199 से घटकर 97 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया था। 1964 में गोल्ड कंट्रोल लागू हुआ तो दाम 72 रुपये, 1978 में कंट्रोल हटा तो कीमत 590 रुपये पर पहुंच गई। 1970 में कंट्रोल के दौरान भी भाव 184 रुपये तक पहुंचा। 1995 में दाम 4680 थे जो पांच साल बाद 2000 में गिरकर 4400 पर आ गए थे, लेकिन इसके बाद बढ़त लगातार जारी है।

ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ी

नई दिल्ली। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर क्रमशः 6.36 और 6.39% हो गई। यह आंकड़ा इस साल अगस्त में क्रमशः 5.96 और 6.08% था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सितंबर, 2024 में 7-7 अंक की वृद्धि हुई है। ये दोनों सूचकांक क्रमशः 1,304 और 1,316 अंक पर है। अगस्त, 2023 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल 1,297 और 1,309 अंक पर थे।

भारत का समय आ गया है : देबब्रत पात्रा

न्यूयार्क, एजेंसी

- **न्यूयॉर्क फेड सेंट्रल बैंकिंग सेमिनार को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने किया संबोधित**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 2024-25 में 7.2% और अगले वित्त वर्ष में 7% रहने का अनुमान है। इसकी संभावना है कि वृद्धि दर 8% के रुख पर वापस आ जाएगी।

उन्होंने सोमवार को फेडरल रिजर्व द्वारा आयोजित न्यूयॉर्क फेड सेंट्रल बैंकिंग सेमिनार में कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ यह मानता हूं कि भारत का समय आ गया है। देश 28 साल की औसत आयु वाली दुनिया की सबसे युवा आबादी के साथ भविष्य की ओर बढ़ रहा है। दुनिया के कई देशों के विपरीत, कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी बढ़ रही है। कामकाजी उम्र की श्रेणी में हर छठा व्यक्ति भारतीय है। पात्रा ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद से, आर्थिक वृद्धि के रुख को लेकर भारत में तीन संरचनात्मक बदलाव हुए हैं। यह 2002 से 2019 के दौरान बढ़कर सात प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान आर्थिक वृद्धि में भारी गिरावट आई। वहीं 2021 से 2024 के दौरान वृद्धि दर औसतन 8% रही। भारत को अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था माना जाता है। पात्रा ने कहा कि भारत विनिमय दर के मामले में पहले से ही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा रहा है। वहीं क्रय शक्ति समानता के मामले में देश पहले से ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान कि भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में 7.2 प्रतिशत और 2025-26 में लगभग 7.0 प्रतिशत होगी... उसके बाद, इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगा। पात्रा ने मुद्रास्फीति पर कहा कि 2024-25 में इसके औसतन 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

2024 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : आईएमएफ

वाशिंगटन, एजेंसी

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार 2025 में और घटकर 6.5% रहने का अनुमान**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 2023 के 8.2% से घटकर 2024 में 7% पर आने का अनुमान है। 2025 में यह और घटकर 6.5% रहेगी।

आईएमएफ ने कहा कि कोविड महामारी की वजह से बनी दबी मांग खत्म हो गई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता के साथ फिर से आकार ले रही है। आईएमएफ ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई काफी हद तक जीत ली गई है, हालांकि कुछ देशों में कीमतों का दबाव बना हुआ है। प्रमुख मुद्रास्फीति 2022 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 9.4% की ऊंचाई पर पहुंच गई थी, जिसके बाद यह 2025 के अंत तक गिरकर 3.5% तक आ सकती है। आईएमएफ ने यहां जारी वार्षिक विश्व आर्थिक परिदृश्य में अनुमान लगाया कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2024 और 2025 में 3.2% पर स्थिर रहेगी। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरींचस के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति को काबू में करने के दौरान असामान्य रूप से जुझारू रही।

राष्ट्रीय

कानूनों में स्पष्टता की कमी से हस्तक्षेप की जरूरत : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- कानून बनाने के लिए जिम्मेदार लोग इसमें अस्पष्टता छोड़ देते हैं

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानूनों में स्पष्टता की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप कर सकती है जब कानून बनाने के लिए जिम्मेदार लोग इसमें अस्पष्टता छोड़ देते हैं। केंद्रीय मंत्री विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए विधान तैयार करने के प्रशिक्षण संबंधी कार्यशाला के तहत गुजरात विधानसभा को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कहा कि मैं जानता हूं कि मैं जो कुछ भी बोलने जा रहा हूं, उससे विवाद पैदा होगा, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप करेगी, जब आप कानून का मसौदा तैयार करने में कोई अस्पष्टता छोड़ देंगे। कानून में जितनी अधिक स्पष्टता होगी, अदालतों का हस्तक्षेप उतना कम होगा। सदन में विधायकों, सांसदों के साथ पूर्व विधायकों और अध्यक्षों की भी उपस्थिति थी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के कदम का हवाला देते हुए उन्होंने कहा जब अनुच्छेद का मसौदा तैयार किया गया था, तो यह स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि यह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान है जिसे संसद में साधारण बहुमत से पारित किए जाने वाले संशोधन के माध्यम से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर यह लिखा होता कि यह अस्थायी के बजाय संवैधानिक प्रावधान है, तो हमें मतदान के दौरान साधारण बहुमत के बजाय दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती। अधिक स्पष्टता से न्यायिक हस्तक्षेप कम होता है। 2019 में केंद्र ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को खत्म कर दिया था। बाद में उच्चतम न्यायालय ने भी इसे अस्थायी प्रावधान बताते हुए निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा।

गांधीनगर में 14वें अखिल भारतीय नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भूपनेद्र पटेल।

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखना जरूरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि किसी भी कानून का मसौदा तैयार करते समय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए और आम आदमी को भी इसकी भाषा समझ में आनी चाहिए। उदाहरण देते हुए, शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार भारतीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। शाह ने कहा अगले तीन–चार साल में जब ये कानून पूरी तरह लागू हो जाएंगे, प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई तक, तीन साल के भीतर न्याय मिलेगा। आने वाले दिनों में यह सुधार दुनिया का सबसे बड़ा सुधार माना जाएगा।

महाराष्ट्र के हिंगोली में भूकंप के हल्के झटके

हिंगोली। महाराष्ट्र में हिंगोली जिले के वासमत तालुका के कुछ गांवों में मंगलवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली से जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंगोली जिले के वासमत तालुका के कुछ गांवों में आज सुबह 0652 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गयी। भूकंप का केंद्र नांदेड़ जिले के सावरगांव में था। कलेक्टर अभिनव गोयल ने निवासियों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं बल्कि सतर्क रहें और भूकंप से पहले , उसके दौरान और बाद में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने सभी संबंधित प्रणालियों को इस प्राकृतिक आपदा के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

घटनास्थल का उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया दौरा

गांदरबल आतंकी हमला

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके का दौरा किया, जहां एक सुरंग निर्माण स्थल पर हुए आतंकवादी हमले में सात लोग मारे गए थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि सिन्हा ने मध्य कश्मीर जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर गगनगीर में जेड-मोड़ सुरंग पर आतंकी हमला स्थल का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने सुरंग निर्माण एजेंसी एपीसीओ इंफ्राटेक के अधिकारियों और श्रमिकों से बातचीत की, स्थिति का जायजा लिया और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। रविवार को सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादियों के हमले में एक चिकित्सक और छह मजदूरों की मौत हो गई थी। आतंकवादियों ने यह हमला उस समय किया था जब गांदरबल के गुंड में सुरंग परियोजना पर काम कर रहे मजदूर और अन्य कर्मचारी शाम में अपने शिविर लौटे थे। माना जा रहा है कि आतंकवादियों की संख्या कम से कम दो थी और उन्होंने मजदूरों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य और एक चिकित्सक की बाद में मौत हो गई। पांच लोगों का इलाज किया जा रहा है।

एक नजर

शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे नागपुर में बेपटरी

नागपुर। लोकमान्य तिलक टर्मिनस–शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे मंगलवार दोपहर यहां पटरी से उतर गए, लेकिन इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई से कोलकाता जा रही लोकमान्य तिलक टर्मिनस–शालीमार कुरला एक्सप्रेस की पार्सल वैन के चार पहिए और एक डिब्बे के चार पहिए नागपुर में कलमना लाइन पर पटरी से उतर गए। यह घटना दोपहर करीब दो बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ और रेलवे की टीम पांच मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि शीर्ष अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और डिब्बों को पटरी पर लाने का काम जारी है।

ड्रोन दिखने पर एलओसी पर तलाशी अभियान शुरू

मेंढर/जम्मू। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों द्वारा की गई संक्षिप्त गोलीबारी के बाद जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगे अग्रिम इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन मेंढर इलाके में भारतीय क्षेत्र में कुछ देर तक मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। सुरक्षा बलों ने ड्रोन से कोई सामग्री गिराए जाने की आशंका के चलते अग्रिम क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया।

पश्चिम बंगाल में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या

जयगांव, एजेंसी

- **पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**
- **भारत-भूटान सीमा के जिले में हुई घटना**

भारत-भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव में एक दुखद घटना में नाबालिग बच्ची का शव बरामद हुआ है जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसडीपीओ प्रसान्ता देबनाथ ने मंगलवार को बताया कि बच्ची का शव झाड़ियों में मिला और उसकी पहचान सात वर्षीय किशोरी के रूप में हुई है। बच्ची के परिवार ने उसके अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश कर के आरोपी को भारत-नेपाल सीमा से आज सुबह पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहम्मद बबलू मिया मुनीर है। पकड़े गए आरोपी के बयान से यह मालूम हुआ है कि उसके साथ दो और लोग थे। पकड़े गए बबलू मियां के वक्तव्य से उन दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय जयगांव की थाना आईसी पाल्जर भूटिया ने आक्रोश लोगों को समझा बूझकर शांत करने में सफल होते देखा गया। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

डीसीडब्ल्यू ने संविदाकर्मियों की सेवा की समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अकेजरीवाल ने नौकरी वापस दिलाने का आश्वासन दिया**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिवाली से पहले दिल्ली महिला आयोग के सैकड़ों संविदा कर्मचारियों की आजीविका छीनने का आरोप लगाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें बहाल किया जाएगा। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने सोमवार को एक आदेश जारी कर अपने सभी संविदा कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दीं। केजरीवाल ने प्रभावित संविदा कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी उनकी नौकरी बहाल कराने के लिए संघर्ष करेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं डीसीडब्ल्यू से निकाली गईं अपनी बहनों को आश्वासन देता हूं कि मैं उन्हें उनकी नौकरियां वापस दिलाऊंगा, इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने डीसीडब्ल्यू में संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भाजपा की आलोचना की। सिसोदिया ने कहा कि यह कदम भाजपा के घोषणापत्र में किये गए रोजगार सृजन के वादे का विरोधाभासी है। उन्होंने कहा भाजपा ने दिवाली से ठीक पहले लोगों की नौकरियां छीनकर गलत किया है। उनके घोषणापत्र में रोजगार देने की बात की गई है, लेकिन वे पिछले 30 वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे लोगों की नौकरियां छीन रहे हैं।

भाजपा नौकरियां छीनने वाली

सिसोदिया ने कहा भाजपा नौकरियां छीनने वाली पार्टी है और रोजगार देने की उनकी बात दिखावा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रभावित संविदा कर्मियों के साथ खड़ी है और उनका समर्थन करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। आप ने कहा कि यह विरोधाभासी है कि भाजपा दिल्ली की सत्ता में आने पर संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा करती है जबकि केंद्र द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल ने डीसीडब्ल्यू के संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दीं।

बजरंग पूनिया बने किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी में शामिल हुए पहलवान बजरंग पूनिया को किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है और कहा है कि पार्टी ने हमेशा अन्नदाता को महत्व दिया है उम्मीद जताई कि पुनिया युवा शक्ति को जोड़कर किसान कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुखपाल खैरा तथा हाल में कांग्रेस में शामिल हुई विनेश फोगाट की मौजूदगी में पुनिया को यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान किसान कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंप गई। सैलजा ने इस मौके पर कहा कि पार्टी ने पूनिया को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है और उन्हें उम्मीद है कि पूनिया किसान कांग्रेस की मजबूती के लिए खैर के साथ सहयोग करेंगे और किसान कांग्रेस को नयी बुलंदी तक पहुंचाएंगे।

चक्रवात की आशंका के चलते 150 से अधिक ट्रेन निरस्त

कोलकाता, एजेंसी

गंभीर चक्रवाती तूफान के 25 को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से टकराने की आशंका के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) क्षेत्र से गुजरने वाली 150 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। एसईआर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रद्द की गई ट्रेन में हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस, कामाख्या-यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस, हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-भुवनेश्वर शताब्दी एक्सप्रेस और हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस शामिल हैं। एसईआर के अधिकारी ने कहा कि रद्द की गई ट्रेन 23 से 25 अक्टूबर तक अपने शुरुआती स्टेशनों से प्रस्थान करने वाली थीं। जरूरत पड़ने पर दक्षिण पूर्व क्षेत्र से गुजरने वाली और भी ट्रेन रद्द की जा सकती हैं। कोलकाता मुख्यालय वाले एसईआर क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड आदि आते हैं।

सलमान खान से पांच करोड़ रुपये मांगने वाले ने मांगी माफी

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ कथित तौर पर दुश्मनी निपटाने के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग करने वाले एक व्यक्ति ने एक नए व्हाट्सएप संदेश में माफी मांगी है और कहा है कि यह संदेश गलती से भेजा गया था। धमकी भरे संदेश की जांच कर रही पुलिस ने पुराने व्हाट्सएप नंबर से भेजे गए नये सन्देश के मामले में एक और जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक विभाग को गुरुवार को व्हाट्सएप संदेश मिला था जिसमें कहा गया था अगर सलमान ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ दुश्मनी निपटाने के लिए पांच करोड़ नहीं दिए तो उनकी हालत बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी।

दृश्यम फिल्म की तरह गर्लफ्रेंड की हत्या कर शव लगाया ठिकाने

नागपुर, एजेंसी

- **जांच के दौरान विश्वासघात, धोखा और जघन्य अपराध का खुलासा हुआ, मामले में सेना का जवान गिरफ्तार**

नागपुर में बॉलीवुड फिल्म दृश्यम' की तरह महिला मित्र की हत्या कर और उसके शव को सीमेंट से ढकने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 32 वर्षीय पीड़िता 28 अगस्त को लापता हुई थी जिसके बाद मामले की जांच के दौरान विश्वासघात, धोखा और जघन्य अपराध का खुलासा हुआ।

पुलिस अधिकारी ने कहा यह मामला फिल्म दृश्यम से मिलता-जुलता है, जिसमें आरोपी ने हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि अपराध के पीछे प्रथम दृष्टया मंशा आरोपी के परिवार द्वारा उनकी शादी का विरोध किए जाने के कारण प्रेम संबंधों में खटास आना प्रतीत होता है। उसने बताया कि आरोपी की पहचान अजय वानखेड़े (33) के रूप में हुई है, जो नागपुर के कैलाश नगर इलाके का निवासी है और नगालैंड में तैनात है। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक वानखेड़े की तलाकशुदा ज्योत्सना आकरे से मुलाकात एक विवाह पोर्टल के जरिए हुई थी और उनकी दोस्ती जल्द ही प्रेम संबंध में तब्दील हो गई। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, चीजें तब बदतर हो गईं जब वानखेड़े के परिवार ने उनके विवाह का विरोध किया और उसकी शादी दूसरी महिला से करा दी। उन्होंने बताया कि वानखेड़े ने इसके बाद आकरे को नजर अंदाज करना शुरू कर दिया और उससे मुक्ति पाने के लिए हत्या की योजना बनाई। अधिकारी ने बताया कि वानखेड़े पर आकरे को नशीला पदार्थ देने, गला दबाकर उसकी हत्या करने और फिर उसके शव को नागपुर जिले में सुनसान जगह पर दफनाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि अपराध छिपाने को उसने शव को सीमेंट से ढक दिया।

राहुल-सरफराज के बीच एक स्थान के लिए जंग: टेन डोएशे

- मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक

पुणे, एजेंसी

भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल और सरफराज खान के बीच एक स्थान के लिए जंग है हालांकि मुख्य कोच गौतम गंभीर कर्नाटक के बल्लेबाज को पर्याप्त मौके देने के इच्छुक हैं। बेंगलुरु में शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से मिली हार के बाद भारत वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब जब कि वाशिंगटन सुंदर को भी टीम में शामिल कर दिया गया है तो सभी का ध्यान टीम संयोजन पर लगा होगा। शुभमन गिल और ऋषभ पंत गुरुवार से शुरू होने वाले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होना चाहेंगे। डोएशे से अभ्यास सत्र से पहले पूछा गया कि क्या राहुल और सरफराज के बीच टीम में जगह बनाने को जंग है तो उन्होंने कहा कि इसमें किसी एक का पक्ष लेने की बात नहीं है। मध्यक्रम में एक स्थान के लिए जंग है।

सात में से छह बल्लेबाज को फिट करना होगा

टेन डोएशे ने कहा कि सरफराज ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन राहुल की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। लेकिन निश्चित तौर पर हमें इस टेस्ट मैच के लिए सात बल्लेबाजों में से छह को टीम में फिट करना होगा। सरफराज ने बेंगलुरु मैच में दूसरी पारी में 150 रन बनाए, जबकि राहुल दोनों पारियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि राहुल को टेस्ट प्रारूप से बाहर रखना मुश्किल है तथा मुख्य कोच गंभीर भी उन्हें पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि हम उसकी फॉर्म को लेकर चिंतित हैं। यदि आप पिछले तीन महीनों को देखें जब से गौतम ने मुख्य कोच का पद संभाला है, वह उसे (राहुल) जितना संभव हो उतना मौके देना चाहते हैं। हमें उस पर पूरा भरोसा है। टेन डोएशे ने कहा कि लेकिन साथ ही टीम के अंदर बहुत ही प्रतिस्पर्धी माहौल है। सरफराज ने ईरानी ट्रॉफी फाइनल में 150 से अधिक रन (नाबाद 222) बनाए। कोई भी फैसला टीम के हित को ध्यान में रखकर किया जाएगा, लेकिन हम निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे। पंत ने पहले टेस्ट मैच के अधिकतर हिस्से में विकेटकीपिंग नहीं की जबकि गिल गर्दन में अकड़न के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे। टेन डोएशे ने कहा कि ऋषभ काफी अच्छा है और लग रहा है कि गिल भी इस टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

न्यूजीलैंड को सामंजस्य बैठाना होगा : मिचेल

पुणे, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन पिच को लेकर बोले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर

ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड को बेंगलुरू टेस्ट में मिली जीत को छोड़कर गुरुवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में संभावित रूप से स्पिन के अनुकूल हालात से तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा।

न्यूजीलैंड ने भारत को उसके मैदान पर 36 साल में पहली बार शिकस्त देते हुए तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के लिए भारत के पुणे में स्पिन की अनुकूल पिच पर पलटवार करने की उम्मीद है। मिचेल ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा कि एक जीत जो हम नहीं कर सकते, वह यह है कि हम सतह को नहीं बदल सकते। इसलिए हमारे सामने जो है हमें उसे देखते हुए प्रतिक्रिया देनी होगी और तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। उन्होंने कहा कि कीवी खिलाड़ी के तौर पर हमें इस पर गर्व है कि हम वर्तमान में जीते हैं, हम अपने पैर जमीन पर रखते हैं और जितना अधिक संभव को वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। मिचेल ने कहा कि हम विकेट नहीं बदल सकते। वह जैसी है वैसी रहेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि रणनीति के साथ उतरेंगे और 20 विकेट चटकाने का तरीका ढूंढ लेंगे और उम्मीद करते हैं कि कुछ रन भी बनाएंगे। मिचेल ने कहा कि मेहमान टीम बेंगलुरू में मिली जीत से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, कि देखिए हमारे लिए अब यह एक अन्य टेस्ट मैच की तरह है। यह अतीत की बात है।

खेल डायरी

रुबलेव के एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीदें

बासेल। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में जीत हासिल की और अगले महीने होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए लगातार पांचवीं बार क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। रुबलेव ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी फाइनल्स में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। रुबलेव अभी आठवें स्थान पर हैं। अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट ने स्विस क्वालीफायर जेरोम किम को 6-4, 6-7 (5), 7-5 से हराया। अगले दौर में उनका मुकाबला डेविड गोफिन से होगा जिन्हें इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-7 (5), 6-3, 6-2 से हराने के लिए पसीना बहाना पड़ा। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने जर्मन क्वालीफायर डेनियल अल्टमायर को 7-6 (5), 6-3 से हराया।

भारत चैलेंजर स्तर की चार स्पर्धाओं की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने कहा कि एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ओसाका पीठ की चोट से डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र से बाहर

हांगकांग। जापान की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका पीठ की चोट के कारण महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएगी। हांगकांग ओपन के आयोजकों ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन न केवल इस टूर्नामेंट से हट रही है, बल्कि वह मौजूदा सत्र में आगे किसी भी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएगी। डब्ल्यूटीए ने अपनी वेबसाइट पर भी इसकी घोषणा की। ओसाका तीन सप्ताह पहले चाइना ओपन में कोको गॉफ के खिलाफ चौथे दौर के मैच से हट गई थी और उसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।

नेमार की एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी

अल ऐन। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी की तथा एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के ग्रुप चरण में अल हिलाल को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन को 5-4 से हराने में मदद की। नेमार ने अगस्त 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के साथ अनुबंध किया था लेकिन पिछले साल अक्टूबर में चोटिल होने से पहले वह अपने इस नए क्लब की तरफ से केवल पांच मैच खेल पाए थे। उन्होंने 369 दिन के बाद चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अपना अगला मैच खेला। मैच समाप्त होने में जब केवल 13 मिनट का समय बाकी था तब नेमार ने मैदान पर कदम रखा। उन्होंने आते ही गोल पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह गोल पोस्ट से टकरा गया। अल हिलाल की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है।

सोफिया केनिन पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में

तोक्यो। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीन की दसवीं वरीयता प्राप्त वांग ज़िन्यू को 6-1, 6-4 से पराजित किया। केनिन की वांग ज़िन्यू के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। कनाडा की बियांका एंड्रीस्कू और अमेरिका की लेयला फर्नांडीज भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। इस वर्ष पैन पैसिफिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क़िनवेन हैं।

ग्लासगो राष्ट्रमंडल 2026 से नौ खेल किए गए बाहर

हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती सहित कई प्रमुख खेल किए गए बाहर, भारत की पदक जीतने की उम्मीदों को पहुंचा नुकसान

- लागत कम करने को टेबल टेनिस स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया
- चार स्थानों पर किए जाएंगे इन खेलों के आयोजन

लंदन, एजेंसी

भारत की राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने की उम्मीद को नुकसान हुआ है क्योंकि मेजबान शहर ग्लासगो ने हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेलों को 2026 में होने वाले कार्यक्रम से हटा दिया है तथा केवल 10 खेलों को जगह दी है। लागत कम करने को टेबल टेनिस, स्क्वाश व ट्रायथलॉन को भी हटाया गया है। बर्मिंघम में 2022 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल नौ खेल अगले खेलों का हिस्सा नहीं होंगे। ये खेल चार स्थानों पर आयोजित होंगे।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने कहा कि इन खेलों में 10 खेल शामिल होंगे ताकि इनके आयोजनों का स्वरूप भी बना रहे तथा वित्तीय और संचालन संबंधी चिंताओं से भी निपटा जा सके। कार्यक्रम में एथलेटिक्स व पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल शामिल है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित होंगे। ग्लासगो ने इससे पहले 2014 में राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी थी। इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में होगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को होटल में ठहराया जाएगा।

सीजीएफ ने कहा कि ग्लासगो में होने वाले खेलों का आयोजन आठ मील के दायरे में स्थित चार स्थानों पर होगा। इनमें 10 खेल शामिल है। निशानेबाजी को बाहर किया गया है क्योंकि 2014 में इस खेल का आयोजन डंडी में बैरी बुडन सेंटर में हुआ था जो ग्लासगो से 100 किमी दूर है। साथ ही तीरंदाजी भी बाहर है। यह खेल आखिरी बार दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल का हिस्सा था। राष्ट्रमंडल 2014 में हॉकी और कुश्ती की मेजबानी करने वाले ग्लासगो ग्रीन और स्कॉटिश प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र को आयोजन स्थलों की सूची से हटाया है, जबकि सर क्रिस होय वेलोड्रोम, जहां उस वर्ष बैडमिंटन हुआ था, इस बार केवल साइकलिंग की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा कि इसके लिए लागत और संचालन संबंधी जोखिम मुख्य कारक थे। इनको ध्यान में रखते हुए यह फैसला हुआ कि अतिरिक्त स्थान को जोड़ना महंगा होगा। हॉकी को बाहर करने का कारण यह हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप होगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन लागत को देखते हुए वह हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने मेजबानी के लिए हामी भरी थी।

खेलों को बाहर किए जाने से भारतीय खेल समुदाय स्तब्ध

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों से कई खेलों के बाहर होने से भारतीय खिलाड़ी और प्रशासक स्तब्ध हैं। टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने कहा कि यह अफसोसनाक है कि टेबल टेनिस को हटाया गया है। स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल ने कहा कि जब भी ऐसा लगता है कि हम खेल के लिए कुछ कदम आगे बढ़ रहे हैं, तो हम दो कदम पीछे हट जाते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि उन खेलों को हटाया गया है जिनमें भारत पदक जीतता रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ को इस मामले को उठाना चाहिए। हमने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के सामने शिकायतें रखी हैं और वे इस मामले को सीजीएफ के साथ उठा रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुश्ती में अच्छा प्रदर्शन किया है। बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि यह चौंकाने वाला और भारतीय खेलों के लिए बड़ा झटका है। राष्ट्रीय राइफल संघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि यह बहुत अलग राष्ट्रमंडल खेल होगा, जिसमें कई लोकप्रिय खेल नहीं होंगे जो ओलंपिक का अभिन्न अंग हैं। वहीं भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना उनकी टीम का लक्ष्य था। हमारा लक्ष्य इस बार उसमें स्वर्ण पदक जीतना था।

भारतीय संभावनाओं को पहुंची क्षति, अधिकत्तर खेलों में जीते हैं पदक

राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए झटका है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की उम्मीद थी। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 2002 में स्वर्ण सहित तीन पदक जीते हैं। बैडमिंटन में भारत ने 10 स्वर्ण, आठ रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 31 पदक जीते हैं। निशानेबाजी में 135 पदक जीते थे जिनमें 63 स्वर्ण, 44 रजत और 28 कांस्य हैं। कुश्ती में 114 पदक मिले हैं, जिनमें 49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य हैं। क्रिकेट को 2022 में फिर से राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल कर दिया गया था, जिसमें भारतीय महिला टीम ने रजत जीता था। पैरा खिलाड़ी 2002 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं और अगले खेलों में भी बने रहेंगे। सीजीएफ ने कहा कि पैरा खेल को एक बार फिर प्राथमिकता दी जाएगी। इस बार छह पैरा खेल कार्यक्रम में शामिल है। भारत ने 2022 में बर्मिंघम में 16 खेलों में 210 खिलाड़ी उतारे थे। इन खेलों में उसने 61 पदक जीते थे जिनमें 30 पदक उन खेलों में हासिल किए थे जिन्हें अगले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हटा दिया गया है।

10 साल बाद दिल्ली में हॉकी, जर्मनी से हिसाब चुकाने को भारत तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली में 2013 से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। हाल ही में महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेली गई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ दोनों मुकाबले इस मैदान पर हॉकी की वापसी को यादगार बनाने का दम रखते हैं।

सूत्रों के अनुसार निजी टिकट पोर्टल पर 12000 से अधिक प्रशंसकों ने मुफ्त टिकट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। नेशनल स्टेडियम की क्षमता 16400 दर्शकों की है। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। पेरिस में भारतीय टीम सेमीफाइनल में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी। हरमनप्रीत सिंह ने टेस्ट श्रृंखला की घोषणा के बाद कहा था कि यह दो टीमों के बीच मुकाबला ही नहीं है बल्कि दिल्ली में हॉकी की वापसी भी है। हमें उम्मीद है कि इससे ज्यादा से ज्यादा युवा हॉकी के प्रति आकर्षित होंगे। मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी को हराना आसान नहीं है।

कोच फुल्टोन और कप्तान हरमनप्रीत के लिये खास है मेजर ध्यानचंद स्टेडियम

नई दिल्ली। क्रेग फुल्टोन ने तीन दशक पहले इसी मैदान पर बतौर खिलाड़ी पदार्पण किया था और हरमनप्रीत सिंह के जूनियर कैरियर की शुरुआत यहीं हुई लिहाजा मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर लौटना भारत के कोच और कप्तान दोनों के लिये अतीत की यादें ताजा करने जैसा है। भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले टेस्ट मैचों के जरिए दिल्ली में एक दशक बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। इंदिरा गांधी गोल्ड कप के जरिये 1995 में यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में दक्षिण अफ्रीका के लिये बतौर खिलाड़ी पदार्पण करने वाले भारत के कोच फुल्टोन ने कहा कि मैंने यहीं से शुरुआत की थी। यहां वापिस आकर अच्छा लग रहा है। पिछले साल एशियाई खेल के बाद यहां एक कार्यक्रम में भाग लिया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी थे लेकिन अब एक कोच के रूप में खेलने के लिए यहां आकर अच्छा लग रहा है।

सैफ महिला फुटबॉल : भारतीय टीम की नजरें ग्रुप में शीर्ष स्थान पर

- भारत तीन अंक लेकर अभी शीर्ष पर, बांग्लादेश और पाकिस्तान के एक-एक अंक

काठमांडू। सेमीफाइनल में जगह पहले ही पक्की कर चुका भारत बुधवार को सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा तो उसकी नजरें अपना दबदबा बरकरार रखने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश की टीम अगर मुकाबले में जीत दर्ज करती है तो ग्रुप के शीर्ष पर रहेगी। भारत अभी तीन अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर चल रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के समान एक-एक अंक हैं। बांग्लादेश (0) हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पाकिस्तान (-3) से आगे दूसरे स्थान पर है। भारत के खिलाफ ड्रॉ खेलकर बांग्लादेश दो अंक के साथ ग्रुप में उप विजेता रहेगा। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 5-2 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी लेकिन अब उसकी नजरें ग्रुप में शीर्ष पर रहने और बांग्लादेश से 2022 का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी।

साक्षी मलिक के किताब विटनेस में किए दावे पर बोलीं स्टार पहलवान

यह उसकी निजी राय, मैं उससे सहमत नहीं हूं : विनेश फोगाट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती

स्टार पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने मंगलवार को साक्षी मलिक के उन दावों पर असहमति जताई कि एशियाई खेलों के ट्रायल से छूट लेने के उनके और बजरंग पूनिया के फैसले से बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ उनका प्रदर्शन कमजोर पड़ा।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी ने अपनी किताब विटनेस में दावा किया है कि विनेश और बजरंग के फैसले से उनका आंदोलन स्वार्थपूर्ण लगने लगा। विनेश ने कहा कि यह उसकी निजी राय है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जब तक मैं कमजोर नहीं हूं, लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। यह मेरा मानना है। जब तक साक्षी, विनेश और बजरंग जिंदा है, यह लड़ाई कमजोर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जिन्हें जीतना है, उन्हें कभी कमजोर नहीं होना चाहिए। उन्हें हमेशा मैदान पर डटकर लड़ना चाहिए। इसके लिए कठोर होना और चुनौतियों का सामना करना जरूरी है। हम लड़ाई के लिये तैयार हैं। साक्षी ने किताब में बताया कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे।

बॉलीवुड हलचल

गो नोनी गो में नजर आएंगी डिंपल

मुंबई। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म गो नोनी गो में काम करती नजर आएंगी। डिंपल की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी सलाम नोनी अप्पा पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है ! सलाम नोनी अप्पा एक कहानी के रूप में शुरू हुई जिसे मैंने पहली बार अठारह साल की उम्र में लिखना शुरू किया था और अपने 40 साल की उम्र में पूरा किया। फिल्म गो नोनी गो का प्रीमियर बुधवार को मुंबई फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, आयशा रजा, मानव कौल और अथिया शेट्टी भी हैं। इस फिल्म को सोनल डबराल और निखिल सचान ने लिखा है और सोनल डबराल ने ही इसे निर्देशित किया है। यह फिल्म पचास के दशक की एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी एकमात्र साथी उसकी जिंदादिल बहन है। इस फिल्म को समीर नायर, दीपक सहगल, ट्विंकल खन्ना, तनुज गर्ग और अतुल कस्बेकर के सहयोग से बनाया गया है।

किशोर कुमार की बायोपिक में काम करेंगे आमिर

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खन, महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर इन दिनों सितारे जमीन पर में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि निर्देशक अनुराग बसु ने आमिर खान को किशोर कुमार की बायोपिक फिल्म ऑफर की है। इस फिल्म का प्रोडक्शन भूषण कुमार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि किशोर कुमार की बायोपिक निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता भूषण कुमार के दिल के काफी करीब है। दोनों इस कहानी को बेहतरीन अंदाज में दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। आमिर खान भी किशोर कुमार के बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें अनुराग बसु का विजन बहुत पसंद आया। इससे पहले, ऐसी खबरें आई थीं कि रणबीर कपूर, किशोर कुमार का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

कार्तिक की भूल भुलैया-3 का ट्रैक जाना समझो ना रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना रिलीज हो गया है। भूल भुलैया 3 के रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना को तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी ने गाया है। यह गाना कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। इसे लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस, और आदित्य रिखारी ने कंपोज किया है, और इसके लिरिक्स आदित्य रिखारी ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। भूल भुलैया 3 इस दीवाली यानी 1 नवंबर को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अलर्ट

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान का 24 की रात ओडिशा तट को पार करने का अनुमान है। इसलिए एहतियातन मछुआरों को समुद्र तुरंत छोड़ने की सलाह दी गई है।

सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की

नई दिल्ली। भारत की यात्रा पर आये सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। डॉ. हेन का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सहयोग का समृद्ध इतिहास है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी की हाल की सिंगापुर यात्रा और भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दूसरे दौर के समापन से और बढ़ावा मिला है। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि ये संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ गये हैं। राष्ट्रपति ने पहले आसियान-भारत समुद्री अभ्यास की सफलतापूर्वक सह-मेजबानी करने के लिए सिंगापुर को बधाई दी, और संयुक्त अभ्यास की आगामी श्रृंखला के लिए सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं दीं।

सीमा पर विश्वास बहाली के प्रयास करेंगे तेज : सेना

भारत-चीन वार्ता की सफलता पर कहा- दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर चीन के साथ एक समझौता होने की भारत की घोषणा के एक दिन बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि फिलहाल हम विश्वास बहाली के प्रयास कर रहे हैं और इसे हासिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक दूसरे को आश्वस्त करना होगा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी यहां रक्षा विचार मंच यूएसआई द्वारा आयोजित एक व्याख्यान के बाद एक संवाद सत्र में बोल रहे थे। भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी)

पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है, हम देख रहे हैं... हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। इसके बाद, हम सैनिकों को हटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामान्य प्रबंधन पर गौर करेंगे। और, एलएसी का यह सामान्य प्रबंधन सिर्फ वहां से शुरू नहीं होगा। इसमें भी चरण हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे।

गश्त से अनुकूल परिस्थिति मिलती हैं

सेना प्रमुख ने कहा कि मैं यही कह रहा हूं। अप्रैल 2020 से हमारा यही रुख रहा है...और आज भी यही है। इसलिए, अभी तक, हम विश्वास बहाली की कोशिश कर रहे हैं। विश्वास बहाली कैसे होगी। विश्वास तब बहाल होगा जब हम एक-दूसरे से मिलेंगे और हम एक-दूसरे को बफर जोन' के संबंध में समझा पाएंगे और, दोनों को एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि गश्त से आपको इस तरह की अनुकूल परिस्थिति मिलती है और यही शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, और, जैसे-जैसे हम विश्वास बहाल करेंगे, अन्य चरण भी पूरे होंगे।

एक नजर

गोलीबारी में पांच लोगों की मौत, किशोर हिरासत में

फॉल सिटी। अमेरिका में सिएटल शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक मकान के अंदर सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। किंग काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता माइक मेलिस ने सोमवार दोपहर पत्रकारों को बताया लोगों ने सुबह करीब पांच बजे पुलिस को फोन कर वाशिंगटन राज्य के फॉल सिटी में गोलीबारी की सूचना दी।

14 करोड़ अमरीकी डॉलर की नशीली दवाएं जब्त की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नौसेना ने नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप सहित बड़ी मात्रा में ड्रग्स को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है। सेना ने सोमवार शाम एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन के दौरान दो हजार किलोग्राम हशीश, 370 किलोग्राम बर्फ (क्रिस्टल मेथ) और 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

नेपाल में 20 लाख रुपये की अवैध नकदी बरामद

काठमांडू। नेपाल के कपिलवस्तु जिले में गैरकानूनी रूप से 20 लाख रुपये की नकदी रखने के आरोप में मंगलवार को दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के निवासी सलमान कुरैशिया (33) और उमेश सखाराम खानडागले (39) को नेपाल-भारत सीमा पर नियमित सुरक्षा जांच के दौरान कपिलवस्तु जिले के कृष्णानगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे भारतीय नंबर प्लेट वाले अलग-अलग वाहनों में सवार थे।

रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 18 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये

मॉस्को। रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रूसी क्षेत्रों में घुसे 18 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में मार गिराया है जिनमें अधिकांश ड्रोन ब्रांस्क क्षेत्र में थे। रक्षा मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा, कीव शासन द्वारा रूसी क्षेत्र को निशाना बनाने के खिलाफ ड्रोन भेजकर आतंकवादी हमला करने के प्रयास को रूस ने विफल कर दिया गया। वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 18 यूक्रेनी मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया।

भारत-रूस द्विपक्षीय साझेदारी करेंगे सशक्त

कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं के बीच हुई गहन मंत्रणा

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के बीच 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व यहां यूक्रेन-रूस संघर्ष सहित वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य पर गहन विचार मंत्रणा हुई। मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार दोपहर को रूस के कजान पहुंचे जहां उनकी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। मोदी का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के आतिथ्य और सत्कार के लिए रूसी राष्ट्रपति का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मोदी ने मेजबान रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति पुतिन के साथ यहां बहुत अच्छी मुलाकात हुई। भारत और रूस के बीच संबंध बहुत गहरे हैं, हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को और सशक्त कैसे किया जाये। मोदी ने आज यहां पुतिन से द्विपक्षीय बातचीत की, जिसमें दोनों देशों की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा, महानुभाव, मैं गर्मजोशी भरे आतिथ्य और सत्कार के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मेरे लिए खुशी की बात है कि कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिला है। इस शहर के साथ तथ्य गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। कजान में भारत के नये वाणिज्य दूतावास के खुलने से यह संबंध और मजबूत होंगे। मोदी ने कहा, "पिछले तीन महीनों में मेरा दो बार रूस आने हमारी करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जुलाई में मॉस्को में हुई वार्षिक शिखर सम्मेलन से हर क्षेत्र में हमारे सहयोग को बल मिला है।

कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाते राष्ट्रपति पुतिन।

प्रधानमंत्री से मिलते भारतीय समुदाय के लोग।

रूसी कृष्ण भक्तों ने भजन गाकर कजान में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया

कजान। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को कजान पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत इस्कॉन के कृष्ण भक्तों द्वारा संस्कृत स्वागत गीत, रूसी नृत्य और कृष्ण भजन के साथ किया गया। भारतीय समुदाय के लोगों ने होटल कॉर्स्टन में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वे भारतीय तिरंगा लेकर नारे लगा रहे थे। कई लोग अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेते भी दिखे। जब प्रधानमंत्री ने उनमें से कुछ लोगों से हाथ मिलाया तो उन्होंने संस्कृत में एक स्वागत गीत गाया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों की एक टीम ने रूसी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे मोदी ने बड़ी दिलचस्पी से देखा।

केक देकर मोदी का स्वागत करती रूसी महिला।

ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मोदी ने दी बधाई

मोदी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। पंद्रह वर्षों में ब्रिक्स ने अपने विशेष पहचान बनायी है और अब विश्व के अनेक देश इससे जुड़ना चाहते हैं। मैं ब्रिक्स समिट में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर हम लगातार एक दूसरे के संपर्क में रहे।

अफ्रीका में औद्योगिकीकरण के लिए मदद की अपील

- द. अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने ब्रिक्स के समक्ष रखी मांग

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने ब्रिक्स के अन्य देशों से अपील की है कि वे अफ्रीकी महाद्वीप के देशों के औद्योगिकीकरण में सहायता करें। उन्होंने कहा कि अफ्रीकन कान्टिनेन्टल फ्री ट्रेड एरिया (एसीएफटीए) व्यापार, निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर अवसर पैदा कर रहा है और महाद्वीप अपने 1.3 अरब लोगों की क्षमता को और बढ़ाने के लिए साझेदारों की तलाश कर रहा है।

रामफोसा ने रूस के शहर कजान में आयोजित 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम' में कहा एसीएफटीए की सफलता के लिए बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है। इसलिए हम ब्रिक्स देशों से अपील करते हैं कि वे हमारे साथ जुड़कर सड़कें, आयात-निर्यात के लिए बंदरगाह, रेल, ऊर्जा और दूरसंचार नेटवर्क बनाएं, जिससे अफ्रीका का औद्योगीकरण हो सके और वह दुनिया भर के अन्य देशों के साथ व्यापार कर सके। उन्होंने समूह से महिला स्वामित्व वाले और छोटे व्यवसायों को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा अफ्रीका में युवा, डिजिटल रूप से जुड़े लोगों की आबादी रहती है और यहां तेजी से शहरीकरण हो रहा है। अफ्रीका में कौशल विकास में निवेश बढ़ रहा है। व्यापार और निवेश के विस्तार और विविधता लाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम की सराहना करते हुए रामफोसा ने कहा कि इस समूह में वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतराष्ट्रीय संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता है।

मोदी ने रूस में ईरान के राष्ट्रपति से मुलाकात की

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। जुलाई में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियन और मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है।

संघर्ष विराम के लिए इजराइल पहुंचे ब्लिंकन

- इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 11वीं बार इस क्षेत्र की यात्रा पर मंगलवार को इजराइल पहुंचे। उनके हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद संघर्ष विराम के प्रयासों को फिर से शुरू करने की अमेरिका की उम्मीदों के बीच शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है।

ब्लिंकन के इजराइल पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को हिजबुल्ला ने मध्य इजराइल में कई रॉकेट दागे, जिससे देश के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों और उसके अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सायरन बजने लगे। अभी हमले में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इजराइली सेना ने बताया कि लेबनान से उनके देश में पांच रॉकेट दागे गए और ज्यादातर को इजराइली की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। एक रॉकेट एक खुले इलाके में गिरा।

हिजबुल्लाह ने तेल अवीव पर 20 रॉकेट दागे

यरूशलम। लेबनान स्थित हिजबुल्ला आंदोलन ने मंगलवार को इजराइल के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य तेल अवीव और देश के उत्तरी क्षेत्र पर करीब 20 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा, लेबनान से तेल अवीव क्षेत्र की ओर जाने वाले पांच प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई, जिनमें से अधिकांश को रोक दिया गया। इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित

लाहौर। पाकिस्तान के सांस्कृतिक शहर लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है, क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 394 पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धूम कोहरे (स्मॉग) के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। एक्यूआई हवा में विभिन्न प्रदूषकों की सांद्रता का माप है। न्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 201 और 300 के बीच को खराब, 301 और 400 के बीच को बहुत खराब और 401 और 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। फसल के अवशेषों को जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण का संकट बढ़ गया है।

रिपब्लिकन नेताओं ने नीतिगत मुद्दों पर हैरिस की निंदा की

वाशिंगटन, एजेंसी

- गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की

रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी मेडिकेयर योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को गोल्ड प्लेटेड स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।

जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी। कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें। जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था।

सिंगापुर के संस्थापक के बेटे ने कहा, मैं ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी

सिंगापुर। आधुनिक सिंगापुर के संस्थापक, दिवंगत ली कुआन यू के सबसे छोटे बेटे ली सीन यांग ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह ब्रिटेन में एक राजनीतिक शरणार्थी हैं। चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) ने यांग के एक फेसबुक पोस्ट के हवाले से खबर प्रसारित की, जिसमें उन्होंने कहा है, मैं अब भी सिंगापुर का नागरिक हूं और उम्मीद करता हूं कि किसी दिन (मेरे लिए) स्वदेश लौटना सुरक्षित होगा। पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के छोटे भाई यांग ने उनके खिलाफ सिंगापुर सरकार के 'हमलों' का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने साल 2022 में "अंतिम विकल्प के रूप में ब्रिटिश सरकार से शरण देने की मांग की थी।

डा. मनीष नाजा बने एरीज के नए निदेशक, कार्यभार संभाला

संवाददाता, नैनीताल

- खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को देंगे बढ़ावा

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के नवनियुक्त निदेशक डा मनीष नाजा ने मंगलवार को एरीज के निदेशक पद पर कार्यभारग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि खगोलीय व पर्यावरण संबंधी शोधकार्यों को बढ़ावा देंगे। वर्तमान में एरीज में अत्याधुनिक तकनीक व सुविधाओं के विकास में हरसंभव सहयोग देंगे।

कार्यवाहक डा . बृजेश कुमार से एरीज के पूर्ण कालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। डा नाजा की 2006 में एरीज में नियुक्ति हुई। निदेशक का पद संभालने से पहले वे वैज्ञानिक-जी के पद पर कार्यरत थे। पिछले चार वर्षों से संस्थान के वायुमंडलीय विज्ञान विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने लगभग 90 शोध पत्रों का सह-लेखन किया है और आठ छात्रों का पीएचडी के लिए मार्गदर्शन किया है। उनका शोध प्राथमिक रूप से निचले वायुमंडल के विभिन्न अल्प मात्रा की गैसों, एरोसोल, मौसम विज्ञान, पवन गतिकी, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित रहा है। मध्य हिमालय की वायुमण्डलीय स्थिति पर मुख्यरूप से अध्ययन रहा है।

एअर इंडिया बम विस्फोट के संदिग्ध हत्या के दो आरोपियों ने दोष स्वीकारा

ओटावा। एअर इंडिया कनिष्क आतंकवादी बम विस्फोट मामले में बरी किए गए रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के दो आरोपियों ने कनाडा की एक अदालत में हत्या का दोष स्वीकार कर लिया है। मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। टैनर फॉक्स और जोस लोपेज ने 75 वर्षीय मलिक की हत्या के मामले की सुनवाई की पूर्व संध्या पर सोमवार को ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) की उच्चतम न्यायालय में अपना दोष स्वीकार किया। मलिक की 14 जुलाई 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मलिक और सह-आरोपी अजायब सिंह बागरी को 1985 में हुए दो बम विस्फोटों से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से 2005 में बरी कर दिया गया था।

सहमति

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ . एन जी इंग हेन के बीच हुई चर्चा

भारत-सिंगापुर रक्षा सहयोग बढ़ाने व मजबूत करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और सिंगापुर ने रक्षा सहयोग का दायरा बढ़ाते हुए इसे मजबूत बनाने तथा इसे नयी ऊंचाई पर ले जाने पर सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एन जी इंग हेन के बीच मंगलवार को यहां हुई छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता के दौरान इस आशय की सहमति बनी।

दोनों रक्षा मंत्रियों ने इस वार्ता को सह-अध्यक्षता की और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा सुरक्षा पर दृष्टिकोण साझा किये। इस बैठक को भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक पूरे होने की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। हाल के वर्षों में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच नियमित बातचीत हुई है। वर्ष 2025 में भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे हो रहे हैं दोनों मंत्री रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए और कई नई उपलब्धियां हासिल करने पर सहमत हुए। वे संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण पर द्विपक्षीय समझौते को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने पर भी सहमत हुए। दोनों देश रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन शुरू करने के लिए स्वाभाविक भागीदार हैं, दोनों पक्ष उद्योग सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए, जिसमें स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विशिष्ट डोमेन में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना भी शामिल है।

दोनों मंत्रियों ने साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का भी निर्णय लिया। सिंह ने 2021 से 2024 तक आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक - प्लस में भारत के लिए समन्वयक देश के रूप में सिंगापुर के समर्थन के लिए डॉ. एनजी इंग हेन को धन्यवाद दिया।



सिंगापुर के रक्षामंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करते राजनाथ सिंह।

शांति और स्थिरता के लिए रणनीतिक आवाज बना भारत

सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने माना कि भारत एशिया की शांति और स्थिरता के लिए एक रणनीतिक आवाज है। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। वार्ता से पहले सिंगापुर के रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया और तीनों सेनाओं की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की।